सूर्योदय 5:38 सूर्यास्त 7:18

आज का तापमान

शिमला	16.8 न्यू	23.5 अधि
धर्मशाला	21.7 न्यू	29.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	77,928
निफ्टी	24,317
सोना	1,42,000
चांदी	2,17,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 31 जुलाई 2026 | 16 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 213, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

धर्मशाला में बम धमकी वाले ई-मेल से हड़कंप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला में केंद्रीय विद्यालय योल, राजकीय ब्वॉयज स्कूल, नगर निगम कार्यालय और एसडीएम कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने सभी परिसरों को खाली कराया और बम निरोधक दस्ते के साथ व्यापक तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, किसी भी स्थान से कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय योल के प्राचार्य की शिकायत पर सदर थाना धर्मशाला में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में धमकी भरे ई-मेल में 'खालिस्तानी नेशनल आर्मी' का नाम इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आई है। ई-मेल भेजने वाले की पहचान के लिए आईपी एड्रेस समेत अन्य तकनीकी जानकारी जुटाई जा रही है और गूगल सहित संबंधित एजेंसियों से भी आवश्यक जानकारी मांगी गई है।

नेपाल में दो भारतीय पर्यटकों से डांस क्लब में मारपीट

एजेंसी, काठमांडू। नेपाल पुलिस ने दो भारतीय पर्यटकों के साथ राजधानी काठमांडू के एक डांस क्लब में मारपीट और दुर्व्यवहार करने के आरोप में वीरवार को दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है । पुलिस उपाधीक्षक के अनुसार, काठमांडू के लाजिमपाट स्थित बॉलीवुड डांस क्लब से कंचनपुर बेलडांडी निवासी महेश रोकाया और नुवाकोट निवासी सुरेंद्र श्रेष्ठ को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पाया गया कि डांस क्लब के कर्मचारियों ने भारतीय नागरिकों के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया। (अनंत ज्ञान)

100 हाईड्रोजन व 1000 ई-बसें खरीदेगी सरकार

सीएम सुक्खू ने सोलन में किया बड़ा ऐलान, 297 ई-बसों को दिखाई हरी झंडी

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को सोलन जिले के क्यारीघाट से हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की 297 नई टाइप-1 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन बसों को प्रदेश के विभिन्न डिपुओं में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इसे हिमाचल के सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'हिमबस प्लस कार्ड' का भी शुभारंभ किया। यह कार्ड यात्रियों को डिजिटल और कैशलेस यात्रा की सुविधा देगा। इसके माध्यम से सामान्य यात्रियों को बस किराये में 5 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 15 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। यात्रियों को उपयोग के आधार पर 2000 रुपए प्रति माह तक कैशबैक का लाभ भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से प्रदूषण में कमी आएगी और प्रदेश में स्वच्छ एवं टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इन बसों के लिए विभिन्न डिपुओं में आधुनिक चार्जिंग सुविधाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने बताया कि नई बसों के शामिल होने के बाद एचआरटीसी के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 500 हो गई है। इलेक्ट्रिक बसों का संचालन डीजल बसों की तुलना में अधिक किफायती है। इलेक्ट्रिक बसों में प्रति किलोमीटर खर्च करीब 36 से 38 रुपए है, जबकि डीजल बसों पर यह खर्च 76 से 86 रुपए तक आता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इस वर्ष 1000 और इलेक्ट्रिक बसें खरीदने की प्रक्रिया में है। इसके अलावा 100 हाइड्रोजन बसों की खरीद पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हिमाचल को हरित और आत्मनिर्भर राज्य बनाना है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल, विधायक हरदीप बावा और कुलदीप राठौर सहित कई अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रिबन काटकर बस को रवाना करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

सीएम बोले-अति निर्धन परिवारों के लिए बनेगी नई कार्य योजना

अनंत ज्ञान, सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश सरकार की 'अपना परिवार सुखी परिवार योजना' को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 6, 7 और 8 अगस्त को राज्यभर में ब्लॉक स्तर पर जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इसके निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से अति निर्धन परिवारों की समस्याओं और जरूरतों को सीधे समझा जाएगा, ताकि उनके लिए बेहतर योजनाएं तैयार की जा सकें। कार्यक्रमों की अध्यक्षता संबंधित क्षेत्र के विधायक करेंगे। इसके लिए ग्राम पंचायतों के क्लस्टर बनाए जाएंगे, जिनमें अधिकतम 10 पंचायतें शामिल होंगी। ग्रामीण विकास विभाग ने सर्वेक्षण के आठ चरणों के बाद प्रदेश में करीब 1.78 लाख अति निर्धन परिवारों की पहचान की है। इनमें लगभग 85 हजार परिवार ऐसे हैं, जिन्हें अब तक बीपीएल सूची या सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यसभा के बाद लोकसभा में पास हुआ वंदे मातरम बिल

वंदे मातरम का अपमान करने पर होगी सजा

एजेंसी, नई दिल्ली

राज्यसभा के बाद लोकसभा में भी वंदे मातरम बिल पास हो गया है। विपक्ष के हंगामे के बावजूद दोनों सदनों में वंदे मातरम बिल पास हो गया है। वंदे मातरम बिल को बुधवार, 29 जुलाई को राज्यसभा से अनुमति मिली थी। वहीं वीरवार, 30 जुलाई को लोकसभा से भी यह बिल पास हो गया है। दोनों सदनों से पास होने के बाद अब यह बिल राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

वंदे मातरम बिल के कानून बनने के बाद अब राष्ट्रीय गीत को भी राष्ट्रगान जन-गण-मन जैसी कानूनी सुरक्षा मिलेगी। नए कानून के लागू होने से वंदे मातरम का अपमान करना अपराध माना जाएगा। वंदे मातरम गाए जाने के दौरान बाधा डालना या किसी को वंदे मातरम गाने से रोकना भी अपराध होगा। वंदे मातरम का अपमान करने पर तीन साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। यही सजा राष्ट्रगान का अपमान करने पर भी होती है। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद यह बिल कानून बन जाएगा। इसके तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सम्मान करना कानूनी दायरे में आएगा।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने 24 जुलाई को राज्यसभा में यह बिल पेश किया था। सरकार के अनुसार, राष्ट्रीय गीत की गरिमा की रक्षा के लिए इस कानून की आवश्यकता है। इस गीत ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बिल में राष्ट्रीय गीत के सभी छह छंदों को गाने की भी बात कही गई है। यह कदम गृह मंत्रालय के उस आदेश के बाद उठाया गया है जिसमें राज्यों को आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत बजाने या गाने का निर्देश दिया गया था, खासकर उन कार्यक्रमों में जहां राष्ट्रगान बजाया जाता है। आदेश में कहा गया है, 'जब राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान गाए या बजाय जाएं तो पहले राष्ट्रीय गीत गाया या बजाया जाएगा और इसे अटेंशन (सावधान) की मुद्रा में खड़े होकर गाया जाना चाहिए।' वहीं, लोकसभा से वंदे मातरम बिल के पास होने के बाद सदन को शुक्रवार, 31 जुलाई तक की सुबह के लिए स्थगित कर दिया गया है। लोकसभा में इस बिल के पास होने के साथ ही सदन स्थगित कर दिया गया।

राज्यसभा में खड़गे के 'मनुस्मृति' को लेकर दिए बयान पर हंगामा

राज्यसभा में पेपर लीक से जुड़े परीक्षा संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे के 'मनुस्मृति' बयान पर हंगामा हुआ। वे शैक्षणिक संस्थाओं पर आरएसएस के दखल पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों में मनुस्मृति मानने वाले बढ़ गए हैं, इससे शूद्र को पढ़ने का अधिकार छिन गया है। इस पर सदन में हंगामा शुरू हो गया। जेपी नड्डा ने टोकते हुए कहा कि खड़गे का बयान तथ्यों से परे है। इससे अशांति फैल सकती है। इसके बाद सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मनुस्मृति वाला बयान रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। यह पूरी बहस पेपर लीक से जुड़े पब्लिक एग्जामिनेशन (अनफेयर मीन्स की रोकथाम) संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान हुई।

अहमदाबाद में 2.6 तीव्रता के भूकंप के लगे झटके

एजेंसी, अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में वीरवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। गांधीनगर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्मोलॉजिकल रिसर्च (आईएसआर) के अनुसार, सुबह 4:39 बजे रिक्टर स्केल पर 2.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र अहमदाबाद से करीब 29 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम दिशा में था। इसकी गहराई जमीन से लगभग 20 किलोमीटर नीचे मापी गई। कम तीव्रता के कारण किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)

कानून तोड़ने वाले पुलिसकर्मियों की बर्खास्तगी जायज: हाईकोर्ट

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मादक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी ठहराए गए दो पुलिस कांस्टेबलों की सेवा बहाली की मांग वाली याचिकाएं खारिज कर दी हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि कानून की रक्षा करने वाले पुलिसकर्मी यदि स्वयं कानून तोड़ने के दोषी पाए जाते हैं तो उनकी बर्खास्तगी पूरी तरह न्यायसंगत है।

न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल की एकल पीठ ने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने की होती है। ऐसे में दोषी पाए गए कर्मचारियों को सेवा में बनाए रखना पुलिस बल के अनुशासन, प्रशासनिक व्यवस्था और जनता के विश्वास को प्रभावित कर सकता है।

अदालत ने कहा कि केवल अपीलीय अदालत द्वारा सजा पर रोक लगाए जाने या निलंबित किए जाने से दोषसिद्धि समाप्त नहीं होती। जब तक सक्षम उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय दोषसिद्धि को रद्द नहीं करता, तब तक निचली अदालत का फैसला प्रभावी रहता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि उनकी आपराधिक अपील लंबित है और सजा पर रोक लगी हुई है, इसलिए उन्हें सेवा में वापस लिया जाए। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया। अदालत ने कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों की बहाली से पुलिस बल की छवि और आम जनता के भरोसे पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

न्यूज ब्रीफ

पूर्व विधायक रामचंद भाटिया के निधन पर विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने जताया शोक



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नगरोटा बगवां के पूर्व विधायक रामचंद भाटिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि रामचंद भाटिया एक कद्दावर, जनप्रिय और कर्तव्यनिष्ठ नेता थे, जिन्होंने तीन बार विधानसभा सदस्य के रूप में जनता की सेवा की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

ऊना में 6 से 8 अगस्त तक होंगी विशेष ग्राम सभाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जिले में 6, 7 और 8 अगस्त को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभाओं के सफल एवं प्रभावी आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन ग्राम सभाओं में चरण-1 से चरण-7 तक चयनित बीपीएल परिवारों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। परिवारों के साथ सीधे संवाद के माध्यम से उनकी वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन किया जाएगा तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं के प्रभावी अभिसरण से उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि चयनित बीपीएल परिवारों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि उनके साथ सीधे संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं का आकलन किया जा सके। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत प्रधान, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य तथा अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से चयनित परिवारों को समय पर सूचना देने, बैठक स्थलों पर बैठने की व्यवस्था, आवश्यक अभिलेख, विभागीय समन्वय तथा अन्य सभी तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कर्मचारियों को अब स्टडी लीव पर पूरी सैलरी के साथ मिलेगा डीए-एचआरए

प्रदेश सरकार ने अध्ययन अवकाश के नियमों में किया बड़ा बदलाव

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के हित में अध्ययन अवकाश (स्टडी लीव) से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए बड़ी राहत प्रदान की है। अब उच्च शिक्षा, शोध, विशेष प्रशिक्षण या पेशेवर अध्ययन के लिए अध्ययन अवकाश पर जाने वाले कर्मचारियों को पूरे अवकाश के दौरान पूर्ण वेतन के साथ महंगाई भत्ता (डीए) और मकान किराया भत्ता (एचआरए) भी मिलता रहेगा। सरकार के इस फैसले से कर्मचारियों को पढ़ाई के दौरान आर्थिक असुरक्षा की चिंता नहीं रहेगी और वे बिना वेतन कटौती की आशंका के अपने ज्ञान और कौशल को बेहतर बना सकेंगे।

कर्मचारियों और प्रशासन दोनों को मिलेगा लाभ

केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 1972 में संशोधन केवल कर्मचारियों के लिए राहत नहीं हैं, बल्कि इससे सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। उच्च शिक्षा और विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी विभागों में नई तकनीक, आधुनिक कार्य प्रणाली और बेहतर प्रशासनिक दक्षता लेकर आएंगे। इससे शासन व्यवस्था अधिक प्रभावी और जनोन्मुख बनने की उम्मीद है। बता दें कि कर्मचारी संगठनों ने भी इस निर्णय को सकारात्मक कदम बताते हुए कहा है कि इससे सरकारी सेवाओं में विशेषज्ञता और दक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

वित्त विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 1972 में संशोधन करते हुए अध्ययन अवकाश से जुड़े प्रावधानों को अधिक कर्मचारी हितैषी बनाया गया है। यह संशोधन 7 अगस्त, 2024 से प्रभावी माना जाएगा। नई व्यवस्था के तहत देश या विदेश के विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों तथा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अध्ययन करने वाले कर्मचारियों को पहले की तरह आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा। सरकार का मानना है कि इससे प्रशासन में आधुनिक तकनीक, बेहतर कार्यकुशलता और नई विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा।

◆ वित्त विभाग ने जारी की अधिसूचना, 7 अगस्त, 2024 से प्रभावी होगा नया नियम

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई कर्मचारी अध्ययन अवकाश के दौरान छात्रवृत्ति, स्टाइपेंड अथवा किसी अंशकालिक रोजगार से पारिश्रमिक प्राप्त करता है तो उस राशि का समायोजन उसके अवकाश वेतन में किया जाएगा। हालांकि किसी भी स्थिति में कर्मचारी को मिलने वाला अवकाश वेतन आधे वेतन अवकाश (हाफ-पे लीव) से कम नहीं होगा। इसके लिए संबंधित कर्मचारी को प्रमाणित करना होगा कि वह किसी अन्य स्रोत से ऐसा पारिश्रमिक प्राप्त नहीं कर रहा है।

कोटखाई दुष्कर्म-हत्या मामले का गवाह कांस्टेबल निलंबित

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। कोटखाई दुष्कर्म एवं हत्या मामले में गवाह रहे हिमाचल पुलिस के कांस्टेबल दिनेश शांडिल्य के निलंबन ने प्रदेश में नई बहस छेड़ दी है। निलंबन के बाद जहां कांस्टेबल के परिजनों ने शिमला के पुलिस अधीक्षक पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं, वहीं पुलिस विभाग ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए स्पष्ट किया है कि कार्रवाई पूरी तरह सेवा नियमों और पुलिस कंडक्ट रूल्स के तहत की गई है। इस पूरे घटनाक्रम पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। कांस्टेबल दिनेश शांडिल्य पिछले कई वर्षों से चौपाल क्षेत्र में तैनात थे। निलंबन से पहले उनका तबादला ननखड़ी किया गया था। निलंबन आदेश के बाद उन्हें ननखड़ी थाने में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। यह मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि दिनेश शांडिल्य को बहुचर्चित कोटखाई दुष्कर्म एवं हत्या प्रकरण में महत्वपूर्ण गवाह माना जाता है।

◆ परिवार ने एसपी पर लगाए प्रताड़ित करने के आरोप

परिजनों का आरोप है कि निलंबन के बाद दिनेश शांडिल्य मानसिक तनाव में हैं और फिलहाल चिकित्सकीय अवकाश पर चल रहे हैं। परिवार का कहना है कि उन्हें पुलिस मुख्यालय बुलाकर प्रताड़ित किया गया, जिससे उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित हुई। परिजनों ने उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग करते हुए आवश्यकता पड़ने पर उच्च न्यायालय, मानवाधिकार आयोग और सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की बात भी कही है। परिवार ने यह भी बताया कि कांस्टेबल का बेटा दिव्यांग है और उसकी देखभाल के लिए पिता की उपस्थिति बेहद आवश्यक रहती है। इसी कारण उन्होंने पहले अपने तबादले पर पुनर्विचार का आग्रह किया था। दूसरी ओर, शिमला के एसपी गौरव सिंह ने परिवार के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि विभागीय कार्रवाई नियमानुसार की गई है।

तीन वर्ष में तीन बार धंसी भूमि, मकान पुन: क्षतिग्रस्त

गरीब परिवार ने प्रशासन से लगाई सहायता की गुहार, सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास की मांग

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत भरनाल के भरनाल गांव में एक निर्धन परिवार पर लगातार प्राकृतिक आपदाओं का प्रभाव पड़ रहा है। गांव निवासी मेहर सिंह, पुत्र स्वर्गीय बंगाल राम का आवास पिछले तीन वर्षों में तीन बार भू-धंसाव एवं दरारें आने के कारण गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है। वर्ष 2023, 2025 तथा वर्तमान वर्ष 2026 में लगातार उत्पन्न हो रही भू-स्खलन जैसी परिस्थितियों ने परिवार की चिंता को और अधिक बढ़ा दिया है।

ग्राम पंचायत भरनाल के प्रधान टेक चंद ने बताया कि मेहर सिंह अत्यंत आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति हैं। उनका मकान पूर्व में भी क्षतिग्रस्त हुआ था, जिसके लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी। उक्त सहायता से उन्होंने उसी स्थान पर पुन: आवास का निर्माण किया, किंतु पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में हो रही लगातार भारी वर्षा के कारण भूमि पुन: धंसने लगी है तथा भवन की दीवारों में नई दरारें उत्पन्न हो गई हैं। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग के साथ संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। पीड़ित मेहर सिंह ने बताया कि उनके पास कोई वैकल्पिक सुरक्षित भूमि उपलब्ध नहीं है, जहां वे नया आवास निर्मित कर सकें। उन्होंने भावुक होकर कहा, 'मैं अत्यंत निर्धन और असहाय हूं। मेरे परिवार की सुरक्षा गंभीर खतरे में है। सरकार से अनुरोध है कि हमें सुरक्षित स्थान पर भूमि उपलब्ध करवाई जाए, आवास निर्माण हेतु सहायता प्रदान की जाए तथा परिवार को सुरक्षित जीवन यापन का अवसर दिया जाए। मेरी पंचायत मेरी आर्थिक स्थिति की साक्षी है।' स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा के कारण भू-धंसाव की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि मेहर सिंह के परिवार को तत्काल राहत, अस्थायी सुरक्षित आवास तथा स्थायी पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे भविष्य में संभावित जोखिम से परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में स्थानीय हल्का पटवारी नीलम शर्मा ने बताया कि प्रभावित परिवार को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है तथा शीघ्र ही विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन को प्रेषित की जाएगी, ताकि नियमानुसार राहत एवं सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।

सरकाघाट के भरनाल में भू-धंसाव से क्षतिग्रस्त मकान।

श्री चिंतपूर्णी मंदिर की सुगम दर्शन प्रणाली में अनियमितताओं को लेकर एफआईआर दर्ज

मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शुरू की जांच

अनंत ज्ञान

अंब। माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर की सुगम दर्शन प्रणाली में संभावित अनियमितता के मामले में मंदिर ट्रस्ट एवं जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बहुस्तरीय जांच शुरू कर दी है। उपायुक्त जतिन लाल के निर्देशानुसार मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके साथ ही उन्होंने मामले की व्यापक प्रशासनिक जांच के साथ-साथ भविष्य के लिए आवश्यक प्रक्रियागत एवं प्रशासनिक सुधार सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त, ऊना को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। वे सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। उपमंडलाधिकारी (नागरिक) अंब सहित सभी संबंधित अधिकारी जांच में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

मंदिर ट्रस्ट की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में ट्रस्ट के सहायक आयुक्त एवं एसडीएम अंब पारस अग्रवाल ने कहा कि सुगम दर्शन प्रणाली की तकनीकी सुरक्षा एवं पारदर्शिता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 19 जुलाई को संभावित अनियमितता ट्रस्ट के संज्ञान में आते ही मामले से उपायुक्त को अवगत कराया गया। उनके निर्देशानुसार तत्काल एफआईआर दर्ज कराई गई। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुगम दर्शन प्रणाली में कार्यरत कर्मचारियों के स्थान पर नए कर्मचारियों की तैनाती की गई। साथ ही मंदिर ट्रस्ट द्वारा तीन सदस्यीय प्रारंभिक जांच समिति गठित कर मामले की जांच शुरू की गई।

प्रारंभिक तकनीकी जांच के दौरान 19 जुलाई के सॉफ्टवेयर लेन-देन का विश्लेषण किया गया। जांच में पाया गया कि उस दिन वास्तविक रूप से 23 लेन-देन दर्ज हुए थे, जबकि प्रणाली में 88 लेन-देन प्रदर्शित हो रहे थे। प्रथम दृष्टया संभावना व्यक्त की गई है कि अतिरिक्त प्रविष्टियां किसी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा सॉफ्टवेयर के लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड (सॉफ्टवेयर क्रेडेंशियल्स) के संभावित दुरुपयोग के कारण उत्पन्न हुई हों। हालांकि, ट्रस्ट ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में अंतिम निष्कर्ष विस्तृत तकनीकी जांच और जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही निकाला जाएगा। मंदिर ट्रस्ट एवं जिला प्रशासन ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा इससे जुड़ी प्रामाणिक जानकारी समय-समय पर सार्वजनिक की जाएगी। श्रद्धालुओं, नागरिकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की गई है कि किसी भी अपुष्ट अथवा भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें तथा केवल मंदिर ट्रस्ट एवं प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं को ही प्रामाणिक मानें। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रदेश सरकार के बकाया 2,063 करोड़ से प्रभावित हुई भानुपल्ली-बेरी रेल परियोजना: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा लोकसभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न के उत्तर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया है कि भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी (63 किलोमीटर) नई रेल लाइन परियोजना का कार्य हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं किए जाने के कारण प्रभावित हो रहा है।

मंत्रालय के अनुसार लागत साझेदारी व्यवस्था के तहत राज्य सरकार को कुल 2,910 करोड़ रुपये का अंशदान देना था, जिसके मुकाबले अब तक केवल 847 करोड़ रुपये ही जमा किए गए हैं। इस प्रकार 2,063 करोड़ रुपये की राशि अभी भी बकाया है, जिससे परियोजना के क्रियान्वयन और भुगतान प्रभावित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त बिलासपुर-बेरी खंड के लिए भूमि अधिग्रहण एवं भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया भी अभी तक पूरी नहीं हुई है, जिससे निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश में आधुनिक रेल अवसंरचना के विस्तार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भानुपल्ली-बिलासपुर खंड के लिए भूमि अधिग्रहण लगभग पूरा हो चुका है तथा वन स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। परियोजना के अंतर्गत 16 में से 15 सुरंगों, 49 में से 39 छोटे पुलों, 27 में से 10 बड़े पुलों, 8 में से 6 रोड ओवर ब्रिज तथा सभी रोड अंडर ब्रिज एवं लिमिटेड हाइट सबवे का कार्य पूरा किया जा चुका है। इससे स्पष्ट है कि जहां-जहां राज्य सरकार का आवश्यक सहयोग मिला, वहां परियोजना ने तेजी से प्रगति की है। अनुराग ने कहा कि भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेल परियोजना हिमाचल प्रदेश के विकास, पर्यटन, व्यापार और रोजगार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से 2,063 करोड़ रुपये की बकाया राशि जमा न किए जाने तथा भूमि अधिग्रहण एवं हस्तांतरण की प्रक्रिया लंबित रहने से परियोजना की गति प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि विकास कार्य राजनीति से ऊपर होते हैं और प्रदेश सरकार को हिमाचल के व्यापक हित में केंद्र सरकार के साथ पूर्ण सहयोग करना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह बिना किसी और विलंब के अपनी बकाया वित्तीय हिस्सेदारी जमा करे तथा भूमि अधिग्रहण एवं हस्तांतरण की शेष प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करे, ताकि परियोजना निर्धारित समयसीमा में पूरी हो सके और प्रदेश की जनता को आधुनिक रेल संपर्क का लाभ मिल सके।

प्रदेश में अब रोवर तकनीक से होगी जमीन की पैमाइश

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में भूमि की पैमाइश की दशकों पुरानी पारंपरिक जरीब प्रणाली अब इतिहास बनने वाली है। प्रदेश सरकार राजस्व विभाग के माध्यम से अत्याधुनिक जीपीएस आधारित रोवर तकनीक को लागू करने जा रही है, जिससे भूमि की पैमाइश पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी और अधिक सटीक होगी। सिरमौर जिले में इस तकनीक का सफल परीक्षण होने के बाद इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। नई व्यवस्था से मानवीय त्रुटियों पर रोक लगेगी और वर्षों से लंबित भूमि विवादों के समाधान में भी तेजी आने की उम्मीद है।

◆ भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण को भी मिलेगी नई गति

राजस्व विभाग के अनुसार, रोवर तकनीक से पैमाइश करने से पहले तहसीलदारों, कानूनगो, पटवारियों तथा अन्य फील्ड कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद भूमि की निशानदेही (डिमार्केशन) और बंदोबस्त संबंधी कार्य पूरी तरह डिजिटल प्रणाली के माध्यम से किए जाएंगे। विभाग का मानना है कि आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से पैमाइश प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय बनेगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और रिकॉर्ड तैयार करने में लगने वाला समय भी काफी कम होगा। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि रोवर तकनीक के माध्यम से भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण को नई गति मिलेगी और पूरी प्रक्रिया में शत-प्रतिशत निष्पक्षता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से जमीन संबंधी विवादों में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा आम लोगों को बंदोबस्त और निशानदेही के मामलों में अधिक तेज, सटीक और भरोसेमंद सेवाएं उपलब्ध होंगी। सरकार का लक्ष्य राजस्व व्यवस्था को तकनीक आधारित बनाकर लोगों को समयबद्ध और विवाद-मुक्त सेवाएं प्रदान करना है।

मंदिर संरक्षण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार को लेकर सौंपा मांगपत्र

सांसद अनुराग शर्मा ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष उठाया शिव मंदिर बैजनाथ के विकास का मुद्दा

अनंत ज्ञान

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। विश्व प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक बैजनाथ शिव मंदिर के विकास, संरक्षण तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने वीरवार को नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर विभिन्न महत्वपूर्ण मांगें उनके समक्ष रखीं। मुलाकात के दौरान सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि भगवान शिव को समर्पित प्राचीन बैजनाथ मंदिर केवल हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। वर्षभर यहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक दर्शन एवं पर्यटन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर का संरक्षण,

सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है। सांसद अनुराग शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को एक विस्तृत मांगपत्र सौंपते हुए मंदिर परिसर के उद्यान के सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण एवं उन्नयन, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हैंडपंप स्थापित करने, मंदिर की ऐतिहासिक छत के संरक्षण हेतु आवश्यक मरम्मत कार्य कराने तथा सुरक्षा और रात्रिकालीन रोशनी की बेहतर व्यवस्था के लिए हाई-मास्ट एलईडी लाइटें लगाने की मांग प्रमुखता से उठाई।

उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने से श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाजनक और बेहतर वातावरण मिलेगा, वहीं मंदिर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी और स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचेगा। बैठक के दौरान सांसद अनुराग शर्मा ने विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बीड़-बिलिंग में भी पर्यटकों के लिए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार का मुद्दा उठाया। उन्होंने वहां स्वच्छता, पेयजल, सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यटन अवसंरचना को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके।

वहीं, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि संबंधित मांगों पर सकारात्मक विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी।

फीस वृद्धि वापस नहीं हुई तो होगा आंदोलन: एनएसयूआई

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। एनएसयूआई की हिमाचल इकाई ने डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय द्वारा बढ़ाई गई फीस और नए स्ट्रक्चर को लेकर गहरा रोष प्रकट किया है। इकाई के अध्यक्ष टोनी ठाकुर ने कहा है कि फीस बढ़ोतरी बेतहाशा हुई है। स्टूडेंट को यह किसी भी कीमत पर कबूल नहीं है। पहले वाइस चांसलर से मिलेंगे और फिर मुख्यमंत्री से। फिर भी यदि इस फीस वृद्धि को वापस नहीं लिया गया तो संगठन विरोध के तौर पर सड़कों पर उतर जाएगा। क्योंकि छात्र समुदाय के साथ यह सरासर अन्याय है। फीस बढ़ोतरी पहले भी हुआ करती थी लेकिन इस बार जो बढ़े स्तर पर की गई है। उससे छात्रों का बहुत बड़ा नुकसान होने वाला है। चार दिनों के बाद काउंसलिंग शुरू होने वाली है, और अब ऐन मौके पर फीस बढ़ोतरी करके

विश्वविद्यालय ने छात्र हितों पर कुठाराघात किया है। टोनी ठाकुर ने बताया कि अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम के तहत नॉर्मल सीटों के लिए अब 68,700 की फीस तय कर दी गई है, जबकि पिछली मर्तबा यह 43,350 थी। इसके अलावा जो फीस 47,550 थी उसे बढ़ाकर 87000 कर दिया गया है। मास्टर डिग्री प्रोग्राम के लिए पहले 87,550 थी, अब एक लाख 42000 कर दी गई है। वीरवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा छात्र हितों को देखते हुए एनएसयूआई अब तत्काल ही कुलपति से मिलेंगी। बात नहीं बनी, तो मुख्यमंत्री से मिलेंगी।

व्यापार

1 अगस्त से शुरू होगा बॉर्डर ट्रेड, 36 वस्तुओं का निर्यात और 20 वस्तुओं का होगा आयात

शिपकी ला से 6 साल बाद फिर शुरू होगा सीमा व्यापार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2019 से बंद पड़ा भारत-तिब्बत के बीच ऐतिहासिक शिपकी ला सीमा व्यापार एक अगस्त से फिर शुरू होने जा रहा है। करीब छह वर्ष बाद बहाल हो रही इस व्यापारिक गतिविधि से किन्नौर जिले सहित सीमावर्ती क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है। व्यापार सत्र का विधिवत शुभारंभ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे। इसी अवसर पर छुपन में लगभग 2.58 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अत्याधुनिक ट्रेड मार्ट का उद्घाटन भी किया जाएगा, जिससे सीमांत व्यापार को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। जानकारी के अनुसार व्यापार समझौते के तहत इस बार भारत की ओर से 36 निर्धारित वस्तुओं का निर्यात किया जाएगा। इनमें कृषि उत्पाद, चावल, जौ, आटा, गेहूं, चाय, कॉफी, फल, सूखे मेवे, प्रसंस्कृत एवं डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, वनस्पति तेल, गुड़, मसाले, सूती व हस्तकरघा वस्त्र, रेडीमेड परिधान, कंबल, हस्तशिल्प उत्पाद, साइकिल, घड़ियां, तांबे के उत्पाद, स्टेशनरी, स्थानीय जड़ी-बूटियां, अगरबत्ती तथा मक्खन के दीये प्रमुख हैं।

वहीं तिब्बत से 20 वस्तुओं का आयात किया जाएगा, जिनमें ऊन, पश्मीना, भेड़-बकरी की खाल, याक की पूंछ व बाल, रजाई-कंबल, कालीन, सिल्क, रेडीमेड कपड़े, जूते, हर्बल दवाइयां, नमक, बोरेक्स, साइबेलाइट, चाइना क्ले, मक्खन और घोड़े शामिल हैं। व्यापार से जुड़ी सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। व्यापारियों को ट्रेड पास जारी कर दिए गए हैं तथा उनकी सुरक्षा जांच और एंटीसिडेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। पहले चरण में भारत की ओर से लगभग 15 से 17 व्यापारी तिब्बत जाएंगे। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत उन्हें 72 घंटे के भीतर भारत लौटना अनिवार्य होगा। हालांकि फिलहाल क्वारंटीन सेंटर की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण जीवित पशुओं, विशेषकर भेड़-बकरियों का व्यापार शुरू नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस सुविधा के निर्माण के बाद पशु व्यापार भी शुरू कराया जाएगा।

सीमांत व्यापार को मिलेगा स्थायी आधार: डॉ. अमित

किन्नौर के उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि शिपकी ला सीमा व्यापार को सुचारु और सुरक्षित ढंग से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि जीवित पशुओं के व्यापार के लिए क्वारंटीन सेंटर का प्रस्ताव 'वाइब्रेंट विलेज योजना' के तहत भेजा गया है, ताकि भविष्य में यह सुविधा उपलब्ध होते ही पशु व्यापार भी शुरू किया जा सके। उनका कहना है कि छह वर्ष बाद शुरू हो रहा यह व्यापार न केवल स्थानीय व्यापारियों के लिए नए अवसर लेकर आएगा, बल्कि सीमांत क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों और रोजगार को भी नया संबल प्रदान करेगा।

न्यूज ब्रीफ

बातूनी गांव में दूर हुई बीएसएनएल नेटवर्क की समस्या

अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की बोह घाटी के बातूनी गांव में लंबे समय से चली आ रही मोबाइल नेटवर्क की समस्या का समाधान हो गया है। मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के प्रयासों से गांव में बीएसएनएल मोबाइल टावर स्थापित किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नेटवर्क न होने से विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आपात स्थिति में काफी परेशानी होती थी। उपप्रधान ओम चंद रूलहेड़ सहित ग्रामीणों ने केवल सिंह पठानिया, बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक राजन काम्बोज और विभागीय अधिकारियों का आभार जताते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

अजय महाजन ने अस्पताल में वितरित किए फल

अनंत ज्ञान, नूरपुर। पूर्व मंत्री स्व. सत महाजन की 99वीं जन्मतिथि पर उनके पुत्र एवं पूर्व विधायक अजय महाजन ने नूरपुर सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह उनके पिता की स्मृति में सेवा का एक छोटा प्रयास है। अजय महाजन ने बताया कि अगले दो महीनों में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन होगा, जिससे नूरपुर और आसपास की महिलाओं को इलाज के लिए टांडा या पठानकोट नहीं जाना पड़ेगा।

स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष का जताया आभार

अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल। राष्ट्रीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर की स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं प्रधान राजेश कुमार ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किया। उन्होंने 10वीं और 12वीं के कंपार्टमेंट तथा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के हित में लिए गए निर्णय के लिए आभार जताते हुए कहा कि इससे अनेक विद्यार्थियों का एक वर्ष खराब होने से बच गया है।

पुलिस ने 151.9 ग्राम चरस सहित युवक पकड़ा

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा। नशे के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस जिला नूरपुर को सफलता मिली है। पुलिस थाना डमटाल की टीम ने गांव बाईं अटारियां में कौशल (24) को 151.9 ग्राम चरस/भांग के साथ गिरफ्तार किया। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी ली, जहां बेड की दराज से मादक पदार्थ बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

वासु डोगर ने संभाला वन मंडल अधिकारी का कार्यभार

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। 2018 बैच के आईएफएस अधिकारी वासु डोगर ने पालमपुर- बैजनाथ वन मंडल अधिकारी का कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि वन सुरक्षा उनकी प्राथमिकता रहेगी। वन भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मानसून में 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। स्कूलों, एनजीओ और जनसहभागिता से भी पौधरोपण को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बंदरों की समस्या और वन्य संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही।

संगीतांजली कला केंद्र में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। संगीतांजली कला केंद्र सोसायटी धर्मशाला में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक निदेशक डॉ. जनमेजय गुलेरिया ने शिष्यों के साथ गणेश पूजन, मां सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर 'संगीतांजलि स्टूडियो' का शुभारंभ भी हुआ। शिष्यों ने गुरु वंदना, भजन, शास्त्रीय गायन और वादन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

96 वर्षीय बुजुर्ग की रुकी पेंशन, प्रशासन से लगाई गुहार

अनंत ज्ञान, गरली। थाना बरग्रां गांव के 96 वर्षीय भगवान दास शर्मा पिछले पांच महीनों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिलने से आर्थिक परेशानी झेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 25 वर्षों से पेंशन के सहारे जीवन चल रहा था, लेकिन अब समय पर राशि नहीं मिल रही। उन्होंने प्रशासन से जल्द पेंशन बहाल करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी मामले की जांच कर समाधान की अपील की है।

युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरुकता पर जोर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कांगड़ा ने नशीले पदार्थों की मांग में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीडीडीआर) के तहत धर्मशाला में अभिविन्यास कार्यशाला आयोजित की। इसकी अध्यक्षता सीएमओ कांगड़ा डॉ. विवेक करोल ने की। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति, जागरुकता और पुनर्वास के लिए विभागीय अधिकारियों की अहम भूमिका है। मनोचिकित्सक डॉ. अनीता ठाकुर ने युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों और अभिभावकों द्वारा बच्चों के व्यवहार पर नजर रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

गांवों के साथ पहाड़ियों पर शराब पीने वालों पर हो कार्रवाई

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। उस्तेहड़ पंचायत की प्रधान शैलजा शर्मा ने पंचायत में एक प्रस्ताव पारित करवा कर पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि पंचायत क्षेत्र के गांवों के साथ लगते वन क्षेत्र की पहाड़ियों पर कुछ शरारती तत्व शराब पीकर आतंक मचा रहे हैं, जिससे लोगों में डर की भावना पैदा हो रही है। पंचायत सदस्यों ने पुलिस से गस्त बढ़ाने की अपील की है। क्षेत्र में बढ़ती चोरियों के कारण लोग दहसत में हैं। पंचायत ने सभी लोगों से गुहार लगाई है कि पंचायत क्षेत्र में कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना काम काज के घूमता मिले तो तुरंत पंचायत के साथ पुलिस को सूचित करें।

ग्रामीणों के हितों से नहीं होगा समझौता : जग्गी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने सौकणी दा कोट पंचायत में ग्रामीणों के साथ बैठक कर प्रियदर्शनी मनूनी जल विद्युत परियोजना से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कंपनी प्रबंधन को स्थानीय लोगों की आवाजाही, रोजगार, पेयजल, सड़क और पर्यावरण संबंधी मुद्दों का समाधान करने के निर्देश दिए। जग्गी ने कहा कि ग्रामीणों के हक-हकूक से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 5 साल की सजा

जुर्माना न भरने पर भुगतना होगा एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा जिले के इंदौरा थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय विजय लक्ष्मी की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत ने पॉक्सो अधिनियम की धारा आठ के तहत आरोपी को तीन वर्ष के कठोर कारावास तथा पांच हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। वहीं, भारतीय न्याय संहिता की धारा 333 के तहत दो वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपए जुर्माने

की सजा सुनाई गई। जुर्माना जमा नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। उक्त दोनों ही सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामले के अनुसार, 17 जुलाई 2025 को इंदौरा थाना में दर्ज एफआईआर संख्या 120/2025 में आरोपी अजय कुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 333, 74, 75 तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा आठ के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में पिड़ित नाबालिग की माता ने आरोप लगाया था कि आरोपी पीड़िता के घर में घुस गया और, उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसने जबरन अभद्र व्यवहार किया, जिससे किशोरी बेहोश हो गई। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष उप-जिला न्यायवादी नवीना राही ने अदालत में 13 गवाहों के बयान दर्ज कराए। इसमें नायब कोर्ट यशपाल ने पैरवी करते हुए सच्चाई सामने लाने में अहम भूमिका निभाई। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। उक्त दोनों सजाएं न्यायालय के आदेशानुसार एक साथ लागू होंगी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से उप-जिला न्यायवादी नविना राही ने प्रभावी पैरवी की।

नशा तस्करी पर पुलिस सख्त, आदतन आरोपियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा में चिट्टा और चरस जैसे मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि नशा कारोबार में शामिल छोटे-बड़े तस्करों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि चिट्टा तस्करी के नेटवर्क तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन पुलिस खुफिया तंत्र और निगरानी के माध्यम से लगातार कार्रवाई कर रही है। एसपी ने बताया कि बार-बार एनडीपीएस मामलों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ पीआईटी-एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की जा रही है। ऐसे आदतन अपराधियों को जमानत न मिले, इसके लिए पुलिस अदालत में प्रभावी पैरवी कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य नशा तस्करी के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करना और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना है।

धर्मशाला में नियमित वार्ड सभाएं कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। नगर निगम धर्मशाला के सभी 17 वार्डों में नियमानुसार 'वार्ड सभाएं' आयोजित करने तथा पूर्व में आयोजित सभाओं का विवरण सार्वजनिक करने की मांग को लेकर एक मांग पत्र जागरूक नागरिकों ने नगर निगम आयुक्त को सौंपा है। प्रेस को जारी बयान में अतुल भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम तथा स्थानीय निकाय नियमावली के अंतर्गत वार्ड स्तर पर नियमित रूप से वार्ड सभाओं का आयोजन करवाना प्रशासन के लिए एक कानूनी बाध्यता है, जो कि आम जनता का लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकार भी है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि आगामी वार्ड सभाओं की तिथि, समय व स्थल की जानकारी समाचार पत्रों, लाउडस्पीकर, सार्वजनिक नोटिस बोर्डों एवं डिजिटल माध्यमों से समय रहते जनता तक पहुंचाई जाए। इसके साथ ही, पिछले कार्यकाल में किस वार्ड में किस तिथि और स्थान पर सभाएं हुईं, इसका प्रमाणित विवरण भी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। अतुल भारद्वाज ने जोर देते हुए कहा कि सड़क, बुनियादी ढांचा, स्वच्छता व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, पेयजल आपूर्ति, सुरक्षा, लावारिस पशु, प्रवासियों के सत्यापन, बजट में पारदर्शिता और जन-कल्याणकारी योजनाओं जैसे अति-महत्वपूर्ण विषयों को इन सभाओं की कार्यसूची में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। नगर निगम प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन तय समय-सीमा के भीतर इन संवैधानिक वार्ड सभाओं का आयोजन कराने में असफल रहता है, तो धर्मशाला की जनता स्वयं पहल करते हुए जन-सहभागिता से प्रत्येक वार्ड में 'वार्ड सभाओं' का आयोजन शुरू कर देगी। ऐसी स्थिति में जन-सभाओं में जनता द्वारा लिए गए निर्णयों एवं पारित प्रस्तावों की संपूर्ण प्रशासनिक एवं कानूनी जवाबदेही नगर निगम प्रशासन की होगी।

कांगड़ा पुलिस ने तीन उद्घोषित अपराधियों को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा पुलिस द्वारा न्यायालयों से उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 29 जुलाई को तीन उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय के आदेशानुसार आगामी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, नागीन कुमार निवासी गांव नड्डी, डाकघर डल लेक, तहसील धर्मशाला को पुलिस थाना मैक्लोडगंज की टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी को माननीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, धर्मशाला ने परक्राम्य लिखत अधिनियम (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) की धारा 138 से जुड़े एक मामले में उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। इसी अभियान के तहत पुलिस थाना बैजनाथ ने राकेश कुमार निवासी गांव एवं डाकघर जंडपुर, तहसील बैजनाथ को गिरफ्तार किया। उसे भी माननीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, बैजनाथ ने परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के एक मामले में उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। वहीं, पुलिस थाना बैजनाथ ने विजय कुमार निवासी गांव एवं डाकघर जंडपुर, तहसील बैजनाथ को भी गिरफ्तार किया। वह भी परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के एक अन्य मामले में उद्घोषित अपराधी घोषित था। कांगड़ा पुलिस एसपी कुलभुषण वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों उद्घोषित अपराधियों के विरुद्ध न्यायालयों के आदेशों के अनुरूप आगामी विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि न्यायालयों से उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और कानून से फरार व्यक्तियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाती रहेगी।

रेडक्रॉस ने आपदा प्रभावित परिवारों को बांटी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा की अध्यक्षा ज्योति बैरवा ने वीरवार को शाहपुर उपमंडल के आपदा प्रभावित गांव घड़गूण, सपैड़ा और भंगार का दौरा किया। उन्होंने 28 प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से प्रभावित परिवारों को दैनिक उपयोग की आवश्यक राहत सामग्री वितरित की गई। राहत सामग्री में खाद्य पदार्थों के साथ टूथब्रश, साबुन, सैनिटरी नैपकिन, तौलिये, पेयजल, इलेक्ट्रोलाइट, छाते, रेनकोट, कपड़े, स्कूली बैग सहित अन्य जरूरी सामान शामिल रहा। ज्योति बैरवा ने कहा कि आपदा की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा रहना सभी का दायित्व है। प्रशासन और रेडक्रॉस समन्वय के साथ राहत कार्यों में जुटे हैं। इस अवसर पर एसडीएम शाहपुर गणेश ठाकुर, नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह, सचिव ओपी शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

त्रियुंड ट्रैक पर बढ़ेंगी सुविधाएं 30 लाख से होंगे विकास कार्य

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन एवं ट्रेकिंग स्थल त्रियुंड ट्रैक पर आने वाले पर्यटकों और ट्रेकर्स को जल्द बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वन विभाग ने ट्रैक की प्राकृतिक सुंदरता को सुरक्षित रखते हुए सुरक्षा और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की योजना तैयार की है। डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने बताया कि त्रियुंड धौलाधार लैंडस्केप का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसकी पहचान इको-टूरिज्म तथा ट्रेकिंग गंतव्य के रूप में है। यह संरक्षित वन क्षेत्र है, इसलिए यहां केवल सीमित निर्माण कार्य किए जाएंगे, ताकि प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि त्रियुंड ट्रैक एक एडवेंचर गतिविधि है, इसलिए केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ और सक्षम लोगों को ही इस ट्रैक पर जाना चाहिए। किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए वन विभाग ने वायरलेस संचार व्यवस्था शुरू की है। साथ ही त्रियुंड और करेरी में पांच-पांच स्ट्रेचर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे दुर्घटना या स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर घायल ट्रेकर्स का शीघ्र रेस्क्यू किया जा सके। अमित शर्मा ने बताया कि इस वर्ष करीब 30 लाख रुपए की लागत से त्रियुंड ट्रैक पर गजीबो, रेन शेल्टर और आकर्षक प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा लाका से त्रियुंड तक पेयजल पहुंचाने की योजना भी बनाई गई है। इस परियोजना के लिए 15 लाख रुपए का ऋण स्टेट ईको-टूरिज्म सोसायटी से प्राप्त हुआ है, जबकि शेष राशि के लिए उपायुक्त स्तर से सहयोग का आश्वासन मिला है। उन्होंने बताया कि मानसून समाप्त होने के बाद विकास कार्य शुरू कर दिए जाएंगे, जिससे ट्रैक पर आने वाले पर्यटकों को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर अनुभव मिल सकेगा।

बारी, समाणा व गुजरेड़ा में बहाल हुई पेयजल आपूर्ति

अनंत ज्ञान, डरो। विधानसभा क्षेत्र सुलह के अंतर्गत जल शक्ति विभाग डरोह ने बारी, गुजरेडा और समाणा गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारु कर दी है। लंबे समय से पानी की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को अब नियमित जलापूर्ति मिलने लगी है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली और विभाग का आभार जताया। इस दौरान जल शक्ति विभाग के एसडीओ शरती शर्मा ने टीम के साथ क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल लाइनों पर अवैध रूप से लगाए गए टुल्लू पंपों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कई कनेक्शन हटाए गए और नियमों का उल्लंघन करने वाले उपभोक्ताओं के नल भी काटे गए। एसडीओ शरती शर्मा ने कहा कि पेयजल योजनाओं पर टुल्लू पंप लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इससे पाइपलाइन का दबाव कम हो जाता है और अन्य उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। उन्होंने लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में अवैध टुल्लू पंप लगाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

परागपुर में 12 युवाओं को मिला रोजगार

अनंत ज्ञान, परागपुर। परागपुर स्थित मॉडर्न आईटीआई में टोप्पन स्पेशलिटी फिल्म्स नवांशहर द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट में 42 आईटीआई पासआउट अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 12 युवाओं का चयन कंपनी रोल पर हुआ। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि चयनित युवाओं को 11 हजार रुपए मासिक वेतन के साथ वर्दी, सेफ्टी शूज, छुट्टियां और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। सभी चयनित युवा 3 अगस्त को कंपनी में ज्वॉइनिंग देंगे।

एकल विद्यालयों के पांच दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न

अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर संच के एकल विद्यालयों के आचार्यों के लिए आयोजित पांच दिवसीय अभ्यास वर्ग का गुरुवार को समापन हुआ। समारोह में संच अध्यक्ष नवनीत शर्मा, सेवा भारती के प्रांत सदस्य अशोक कुमार और संच प्रमुख इच्छा देवी मौजूद रहे। प्रशिक्षण में आचार्यों को राष्ट्रवाद, अध्यात्म, सनातन संस्कृति और महापुरुषों के जीवन आदर्शों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने योग, पौष्टिक आहार और संस्कार आधारित शिक्षा को विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया।

भाली में दो कारों में जोरदार टक्कर, सुरक्षित

अंनत ज्ञान, कोटला। पठानकोट-मंडी नेशनल हाईवे पर भाली के समीप दो कारों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसा फोरलेन निर्माण कार्य के चलते हाईवे को सिंगल लेन में बदलने के कारण हुआ। बताया जा रहा है कि कांगड़ा की ओर से आ रही कार और सामने से आ रही कार आपस में भिड़ गईं। हादसे में कार सवारों को हल्की चोटें आईं, जबकि वाहनों को नुकसान पहुंचा। वाहन चालकों ने उचित साइन बोर्ड न लगाने पर नाराजगी जताई है।

घराणा के स्वयंसेवियों ने रोपे 50 पौधे

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घराणा के एनएसएस स्वयंसेवियों ने वीरवार को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 50 पौधों का रोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम वन विभाग की गार्ड हट के समीप स्थानीय गार्ड रमेश ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस दौरान आम, जामुन, हरड़, बहेड़ा और अमरूद के पौधे लगाए गए। प्रधानाचार्य रमन डोगरा सहित पंचायत प्रतिनिधि, वन मित्र, एसएमसी सदस्य और अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी एनएसएस अधिकारी विकास भारद्वाज ने दी।

विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

अंनत ज्ञान, कोटला। नूरपुर वन मंडल की कोटला वन रेंज के तहत सोलधा बीट में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसीएफ नूरपुर निशांत पराशर की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वन विभाग ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और जैव विविधता के महत्व की जानकारी दी।

विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक ज्ञान

अनंत ज्ञान, परागपुर। बी.वॉक हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग द्वारा विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। हयात रीजेंसी रिसॉर्ट धर्मशाला के आउटलेट मैनेजर सनी चौधरी ने 'फूड एंड बेवरिज इंडस्ट्री गेटवे टू ग्लोबल करियर' विषय पर जानकारी दी। उन्होंने हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र, ग्राहक सेवा, संचार कौशल और अंतरराष्ट्रीय करियर अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य प्रो. सुशील भारद्वाज ने आयोजन को उपयोगी बताया।

सरकार ने की कर्मचारियों के हितों की अनदेखी: परमार

अनंत ज्ञान, डरोह। भाजपा नेता एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने भर्ती एवं सेवा शर्तें कानून-2024 मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों और युवाओं के हितों की अनदेखी की। परमार ने कहा कि सरकार को संवैधानिक मर्यादाओं का पालन करते हुए अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया।

रोवर-रेंजर स्वयंसेवकों का शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, शाहपुर। मेरा युवा भारत, कांगड़ा द्वारा धर्मशाला में आयोजित 'विकसित भारत' अभियान की प्रतियोगिताओं में राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के रोवर-रेंजर स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में समीर और जानवी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वंशिका, श्रुति और पूजा ने कविता पाठ, भाषण और रील मेकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों और मार्गदर्शकों को बधाई दी।

एक माह से लापता युवक का शव मिला

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। जयसिंहपुर उपमंडल की दगोह पंचायत के टंवरू गांव में करीब एक माह से लापता अजय कुमार (30) का शव हरोटी खड्ड के किनारे मिला। 21 जून को परिजनों ने लंबागांव थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया। परिजनों ने शव की पहचान अजय के रूप में की। पुलिस के अनुसार मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा।

एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की योल ब्रांच ने अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर कमांडर वर्क्स इंजीनियर, आर्मी स्टेशन योल के माध्यम से इंजीनियर-इन-चीफ को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने कॉन्ट्रैक्टर पंजीकरण नवीनीकरण, वित्तीय सीमाओं में बढ़ोतरी, लंबित नीतिगत मामलों और भुगतान संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। अधिकारियों ने समस्याओं पर चर्चा कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

श्रावण मास में आर्ट ऑफ लिविंग की रुद्र पूजा

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। श्रावण मास के पावन अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के वैदिक धर्म संस्थान की ओर से जिला कांगड़ा में विभिन्न स्थानों पर रुद्र पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को धर्मशाला में निर्दोष अवस्थी तथा कांगड़ा में विजेंद्र सिंह के निवास पर विशेष रुद्र पूजा एवं रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर देशराज चंबियाल ने बताया कि बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय से आए स्वामी ज्ञानेश्वर और वैदिक पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक कराया। श्रद्धालुओं ने मानव कल्याण, शांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए सामूहिक प्रार्थना भी की।

222 मैट्रिक एवं 154 जमा दो अभ्यर्थियों को सितंबर परीक्षा का विशेष अवसर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा मार्च-2026 में आयोजित मैट्रिक एवं जमा दो वार्षिक परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन एवं पुन: जांच के परिणाम घोषित किए जाने के उपरांत 222 मैट्रिक एवं 154 जमा दो अभ्यर्थियों को सितंबर-2026 में आयोजित होने वाली कंपार्टमेंट एवं आवश्यक सुधार परीक्षा में सम्मिलित होने का विशेष अवसर प्रदान किया गया है। यह परीक्षा राज्य मुक्त विद्यालय की सितंबर-2026 परीक्षा के साथ आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पात्र अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 03 अगस्त, 2026 से प्रारम्भ होगी। निर्धारित समय-सारणी के अनुसार अभ्यर्थी 6 अगस्त तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकेंगे, जबकि 10 अगस्त, 2026 तक 1000 रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैट्रिक कम्पार्टमेंट, मैट्रिक आवश्यक सुधार तथा जमा दो कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क 700 रुपए निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर संबंधित विद्यालयों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

नेशनल कराटे प्रतियोगिता में प्रताप वर्ल्ड स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

प्रतियोगिता में 81 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के कराटे खिलाड़ियों ने 20वीं नेशनल कराटे चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता का आयोजन 26 जुलाई को कपूरथला (पंजाब) में किया गया, जिसमें देशभर की 17 टीमों ने भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणु परमार और एमडी डॉ. रिचा महाजन के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। प्रताप वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल 81 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जिसमें 27 स्वर्ण, 24 रजत और 30 कांस्य पदक शामिल हैं। प्रधानाचार्या रेणु परमार ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और लगन ने यह सफलता दिलाई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। एमडी डॉ. रिचा महाजन ने विजेता खिलाड़ियों और कोचिंग टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई।

स्कूल प्रवक्ता संघ बोला- एक पद पर दो पदनाम स्वीकार नहीं, तुरंत हो व्यवस्था बहाल

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ, जिला कांगड़ा ने संयुक्त बयान जारी कर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में समान कार्य व्यवस्था के बावजूद प्रवक्ताओं के लिए दो अलग-अलग पदनाम- 'प्रवक्ता' और 'प्रवक्ता न्यू' लागू किए जाने का कड़ा विरोध किया है। संघ के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास और महासचिव बलजीत सिंह अटवाल ने इसे प्रवक्ताओं के बीच विभाजन पैदा करने वाली दुर्भाग्यपूर्ण और भेदभावपूर्ण व्यवस्था बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग सहित किसी भी सरकारी विभाग में एक ही पद पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए दो अलग-अलग पदनाम नहीं हैं। अन्य शिक्षक वर्गों के पदनाम भी पूर्ववत हैं, जबकि केवल प्रवक्ता वर्ग के साथ यह बदलाव किया गया है। संघ का कहना है कि 10+1 और 10+2 कक्षाओं को पढ़ाने वाले प्रवक्ताओं को प्रयोगात्मक सामग्री की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे उनकी गरिमा और मनोबल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की कि समान कार्य करने वाले सभी प्रवक्ताओं को पुन: एक ही पदनाम दिया जाए। संघ ने चेतावनी दी कि यदि यह निर्णय तुरंत प्रभाव से वापस नहीं लिया गया तो प्रवक्ता वर्ग अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगा।

ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करे खनियारा हाइड्रो पावर परियोजना प्रबंधन : प्रवीण

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। खनियारा के सोकणी दी कोट क्षेत्र में निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजना से प्रभावित स्थानीय लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर वीरवार को ग्राम सभा आयोजित की गई। बैठक में परियोजना प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने सड़क पर लगाए गए बैरियर का विरोध करते हुए इसे आम लोगों की आवाजाही में बाधा बताया। इसके अलावा पेयजल स्रोतों के मटमैले होने, सिंचाई कूहलों में गाद भरने, पर्यावरणीय क्षति और जनसुविधाओं पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि परियोजना निर्माण के कारण पेयजल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है और कृषि कार्यों में भी दिक्कतें आ रही हैं। बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि वन विभाग स्थानीय लोगों पर तो सख्ती करता है, जबकि परियोजना से जुड़े कथित अवैध खनन मामलों में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। नगर निगम धर्मशाला के वार्ड-15 के पार्षद प्रवीण प्रकाश ने कहा कि परियोजना प्रबंधन स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता देकर उनका स्थायी समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्माण कार्य पर्यावरणीय मानकों और सुरक्षा नियमों के अनुरूप करने पर भी जोर दिया। बैठक में परियोजना प्रबंधन को निर्देश दिए गए कि पेयजल, सिंचाई, सड़क, पर्यावरण और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। इस अवसर पर पंचायत प्रधान कुमारी मुस्कान, उपप्रधान सुनील शर्मा मर्चू, पूर्व प्रधान अमर सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक और ग्रामीण मौजूद रहे।

खनियारा (सोकणी दी कोट) में निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजना से उत्पन्न समस्याओं को लेकर ग्राम सभा आयोजित। अनंत ज्ञान

न्यूज ब्रीफ

31 जुलाई तक जमा करें बकाया बिजली बिल

अनंत ज्ञान, बड़सर। हमीरपुर के विद्युत उपमंडल बिझड़ी (कोटला) के उपभोक्ताओं पर करीब 95.88 लाख रुपए की बिजली बिल राशि लंबित है। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से 31 जुलाई 2026 तक बकाया बिल जमा करवाने की अपील की है। सहायक अभियंता ई. यशन भारद्वाज ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं पर 12.93 लाख और व्यवसायिक उपभोक्ताओं पर 7.62 लाख रुपए बकाया हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय तक भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बिना अतिरिक्त सूचना के अस्थायी रूप से काट दी जाएगी।

बच्चों के लिए इंट्यूशन प्रोसेस शिविर 2 से

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। आर्ट ऑफ लिविंग की स्थानीय इकाई द्वारा 2 से 5 अगस्त तक सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक कला कुटीर, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी स्थित केंद्र में बच्चों के लिए विशेष 'इंट्यूशन प्रोसेस' शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में 8 से 13 वर्ष और 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण में योग, प्राणायाम, ध्यान, मनोरंजक गतिविधियों और इंट्यूशन तकनीकों के माध्यम से बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति, आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी निर्मल ठाकुर ने अभिभावकों से बच्चों को शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की है।

सरेड़ी में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

अनंत ज्ञान, गलोड़। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक सरेड़ी की ओर से पंचायत स्तर पर वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय कार्यालय हमीरपुर के वरिष्ठ प्रबंधक मनजीत सिंह गथानिया ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, बीमा योजनाओं और अटल पेंशन योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। शाखा प्रबंधक नेमी शर्मा ने बैंक की विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी।

टौणी देवी भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम बने पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्य

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के टौणी देवी भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा को पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल का सदस्य नियुक्त किया गया है। विक्रम राणा पंजाब विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं और वर्तमान में टौणी देवी भाजपा मंडल अध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं। विक्रम राणा ने विधि (लॉ) की शिक्षा प्राप्त की है। बार काउंसिल का सदस्य बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि वह अपने दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा गरीब और जरूरतमंद लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा आवाज उठाएंगे।

विधायक सुरेश ने किया पौधरोपण का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, भोरंज। भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि जाहू कस्बे में बागवानों की सुविधा के लिए प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किया जाएगा। इससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने शिवा प्रोजेक्ट समकरी में पौधारोपण का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि हमीरपुर जिले में करीब 200 हेक्टेयर भूमि को शिवा प्रोजेक्ट के तहत लाया गया है, जहां अमरूद की उन्नत किस्में लगाई जा रही हैं।

फ्री यूनिफॉर्म योजना में सभी गरीब बच्चों को शामिल करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राजपूत कल्याण सभा और राजपूत महासभा ने फ्री यूनिफॉर्म योजना के तहत दी जाने वाली 600 रुपए की राशि में केवल लड़कियों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और बीपीएल बच्चों को शामिल करने पर आपत्ति जताई है। सभा ने कहा कि सामान्य वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब बच्चे भी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करते हैं, जिन्हें योजना से वंचित रखना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार से नीति में बदलाव कर सभी जरूरतमंद बच्चों को योजना का लाभ देने की मांग की।

जिम्मेदारी से बचने की हो रही राजनीति: रूबल

अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर बड़सर। बड़सर क्षेत्र में विधायक इंद्र दत्त लखनपाल और रूबल ठाकुर के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। रूबल ठाकुर ने विधायक की कथित व्यक्तिगत टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए, व्यक्तिगत आरोप उचित नहीं हैं। उन्होंने बड़सर बस स्टैंड परियोजना की स्थिति पर स्पष्ट जानकारी मांगी थी। रूबल ने आरोप लगाया कि परियोजनाओं का श्रेय लेने और असफलताओं की जिम्मेदारी दूसरों पर डालने की राजनीति हो रही है। उन्होंने बस स्टैंड के लिए करीब दो करोड़ रुपये स्वीकृत होने की बात कही। विधायक लखनपाल की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

धनेटा में आटे का सैंपल फेल, डिटेल रिपोर्ट का इंतजार

रेट लिस्टें डिस्प्ले करें सारे दुकानदार और रेहड़ी-फड़ी वाले

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। बरसात के इस मौसम में खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग अति महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि इनकी चेकिंग न होने से बीमारियां बढ़ सकती हैं। यही वजह है कि हमीरपुर जिले में भी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने सैंपलिंग पर फोकस किया है। हमीरपुर में एफएसएस अधिकारी आंचल कुमारी की पहली मर्तबा खाद्य आपूर्ति नियंत्रक के रूप में नियुक्ति हुई है। उन्होंने एक सप्ताह पहले ही यहां ज्वाइन किया है।

'अनंत ज्ञान' ने उनसे कई मुद्दों पर बातचीत की। उनका कहना था कि क्वालिटी और डिस्ट्रीब्यूशन पर हम फोकस करेंगे। इसके लिए हम इंस्पेक्शन जितनी हो सके, उसे बढ़ाएंगे और सैंपलिंग टेस्टिंग को और ज्यादा फोकस करेंगे। ट्रांसपेरेंसी को प्रमोट करेंगे। फ्लोर मिल पर किस तरह से काम किया जाता है आटे की क्वालिटी बेहतर रहे इसके लिए कैसे प्रयास करेंगे? उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में यह दिक्कत

डीएफ एंड एससी आंचल कुमारी।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

आती है। स्टोरेज अच्छी न हो तो भी समस्या होगी, इसलिए रखरखाव पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। वैसे विभाग में टारगेट रखे होते हैं, ताकि सिस्टम बेहतर तरीके से चले मगर टारगेट से ज्यादा हम इसलिए काम करने के लिए तैयार हैं, ताकि लोगों को बेहतर चीजें मिलें। कोई खराब चीज उनके घर द्वार तक न पहुंचे। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 6 महीना में जितने सैंपल भरे गए थे उनमें से केवल एक सैंपल फेल पाया

गया है और वह नादौन इलाके का है। वीडियो भी उसका वायरल हुआ था, उसके तहत सैंपलिंग हुई थी। उसकी डिटेल रिपोर्ट अभी आनी बाकी है, ताकि यह पता चल सके कि कारण क्या रहे और इसकी वजह का जिम्मेदार कौन है। डिटेल इंक्वारी होने के बाद ही स्पष्ट कारण सामने आएंगे। बताया गया कि हमीरपुर जिले में कुल 9 फ्लोर मिल्ज हैं, जो डिपुओं को आटे की सप्लाई कर रही हैं। इस आटे की सैंपलिंग उनको फ्लोर मिल में ही होती है। लेकिन यदि कोई शिकायत ऐसी मिले किसी डिपो होल्डर से, तो वहां से भी सैंपल लिए जाते हैं।

खराब सप्लाई पर होगी कार्रवाई: डिपुओं पर मिलने वाले सारे खाद्य सम्मान की क्वालिटी को लेकर कई मर्तबा सवाल उठते हैं। मापदंडों के तहत इनकी सप्लाई संबंधित फर्में नहीं कर पाती हैं इस पर आंचल कुमारी का कहना था कि ऐसा नहीं है बहुत सारे डिपो पर पहुंचकर इसकी जांच भी हुई है की मर्तबा ऐसा हो जाता है लेकिन

रेट लिस्ट हर हाल में डिस्प्ले करनी होगी

आंचल का कहना था कि कोई भी दुकान हो बड़ी हो या छोटी सभी पर खाद्य वस्तुओं की रेट लिस्टें डिस्प्ले की जानी जरूरी हैं। इस पर कोई लापरवाही नहीं कर सकता। यदि ऐसा पाया जाएगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इंस्पेक्टर विभाग के समय-समय पर इसकी जांच पड़ताल भी करते हैं और ऐसे दुकानदारों के चालान भी करते हैं। सब्जी और फल पर मंडी समिति से जो सामान आता है, उसके रेट्स ज्यादा रहते हैं। उनके बीच का अंतर यानी क्रय और विक्रय के बीच में ज्यादा मार्जिन रह रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि रोजाना मंडी के रेट डिजिटल डिस्प्ले किए जाते हैं और इसमें यदि फिर भी कोई दिक्कत आ रही होगी, तो इस पर जांच की जाएगी।

ऐसा होना नहीं चाहिए और जब ऐसी स्थिति आती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होती है। उस समान को उन्हें लौटाया जाता है और इसके लिए जो पेनल्टी है वह भी डाली जाती है।

नादौन में बनेगी स्टेट आर्ट लाइब्रेरी भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ स्वीकृत

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन में यशपाल साहित्य सदन को स्टेट आर्ट लाइब्रेरी के रूप में विकसित करने का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर पुस्तकालय भवन के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार ने 2 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। वित्त विभाग की मंजूरी मिलने के बाद नादौन क्षेत्र के लोगों, साहित्यकारों और कवियों में खुशी का माहौल है। भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के निदेशक ने कार्यालय आदेश जारी करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रियान्वयन के लिए पुस्तकालय भवन के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 2 करोड़ रुपए की व्यय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग नादौन मंडल के अधिशाषी अभियंता के पक्ष में जारी की गई है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों और साहित्य प्रेमियों की मांग पर नादौन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बड़ी लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की थी। यह लाइब्रेरी मिनी सचिवालय के समीप स्थित यशपाल साहित्य सदन के पुराने भवन के स्थान पर बनाई जाएगी, जिसे हाल ही में गिराया गया है। प्रस्तावित भवन में पाठकों के बैठने की बेहतर व्यवस्था के साथ कैंटीन, पार्किंग, चार्जिंग स्टेशन, कंप्यूटर लैब और कांफ्रेंस हॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को काफी लाभ मिलेगा। नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने इसे मुख्यमंत्री की ओर से नादौन को बड़ी सौगात बताते हुए आभार व्यक्त किया। वहीं एसडीएम निशांत शर्मा ने बताया कि जल्द ही लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

भोरंज के डूंगी गांव में जिंदा जली 80 वर्षीय महिला

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत टिक्कर खतरियां के डूंगी गांव में बुधवार को 80 वर्षीय महिला सत्या देवी की दर्दनाक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। महिला लंबे समय से अवसाद (डिप्रेशन) से जूझ रही थीं, और उनका उपचार भी चल रहा था। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब 12 बजे सत्या देवी को उनकी बहू ने नहलाया। इसके बाद बहू कपड़े धोने चली गई, जबकि सत्या देवी अपने कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद, कमरे से धुआं और जलने की गंध आने लगी।

◆ **सत्या देवी पिछले दो साल से ले रही थी डिप्रेशन की दवाइयां**

उस समय उनके पति निक्का राम, जिनका हाल ही में हृदय का ऑपरेशन हुआ था, घर के दूसरे कमरे में आराम कर रहे थे। शोर सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़ा गया, लेकिन तब तक सत्या देवी आग से झुलस चुकी थीं और उनकी मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि महिला ने अपने ऊपर स्पिरिट डालकर आग लगाई थी। हालांकि, मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूरी जांच के बाद ही चलेगा। बताया गया है कि सत्या देवी पिछले दो वर्षों से अवसाद की दवाइयां ले रही थीं। उनका बेटा रवि टौणीदेवी में फर्नीचर की दुकान पर कार्य करता है। परिवार में उनका एक पोता भारतीय सेना में कार्यरत है, जबकि दूसरा पोता पढ़ाई कर रहा है। एसपी हमीरपुर बलवीर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

डीसी ने किया केंद्रीय विद्यालय में वोकेशनल लैब का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने वीरवार को केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पीएमश्री योजना के तहत विद्यालय को चालू वित्त वर्ष के लिए लगभग 33.92 लाख रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस राशि का उपयोग विद्यालय परिसर के ढांचागत विकास, मरम्मत कार्यों, शैक्षणिक गतिविधियों, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शिक्षक प्रशिक्षण, शैक्षणिक भ्रमण और अध्यापक-अभिभावक संवाद जैसी गतिविधियों पर नियमानुसार किया जाए। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही धनराशि खर्च करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछले वित्त वर्ष में हुए खर्च की रिपोर्ट प्रस्तुत करने और पुराने ऑडिट पैरा की समीक्षा के लिए कमेटी गठित करने को कहा। जिलाधीश ने विद्यालय की चारदीवारी निर्माण, बिजली ट्रांसफॉर्मर शिफ्टिंग सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कदम उठाने की बात कही। उन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए शिक्षकों अरविंद कुमार, अनिल कुमार, नरेंद्र कुमार और एकता सिंह को सम्मानित किया। बैठक के बाद जिलाधीश ने करीब 30 लाख रुपए की लागत से बनी वोकेशनल लैब का उद्घाटन किया और विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

99 हजार की ही हुई केवाईसी, पहले थे 4.77 लाख रजिस्टर श्रमिक

ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्टर होने के बाद ही मिलेगा 14 स्कीमों का लाभ

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। कामगार कल्याण बोर्ड में श्रमिक जब तक ई-केवाईसी नहीं करेंगे, उन्हें बोर्ड की स्कीमों का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसके लिए 'ई-श्रम पोर्टल' पर हर हाल में श्रमिकों को रजिस्ट्रेशन करवानी होगी, तभी उन्हें 14 स्कीमों का लाभ मिल पाएगा। बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने वीरवार को बताया कि पिछली मर्तबा 4.77 लाख श्रमिक बोर्ड के पास रजिस्टर थे, लेकिन अब जब से ई-केवाईसी हो रही है, तब से अभी तक 99000 श्रमिकों का ही आंकड़ा उपलब्ध हो पाया है।

उन्होंने बताया कि 70000 के करीब जिन श्रमिकों को 176 करोड़ रुपए के लाभ दिए गए थे,

◆ **योजनाओं के लाभार्थियों की होगी जांच, घर-घर पहुंचेंगी बोर्ड की टीमें : नरदेव**

उनकी जांच हो रही है और बहुत जल्दी बोर्ड की गठित टीमें उनके घरद्वार तक पहुंचेंगी, असलियत जांचेंगी। यह पूछे जाने पर कि इस बार 1 लाख लोगों का भी आंकड़ा ई-केवाईसी में उपलब्ध नहीं हो पाया है। जबकि पिछली मर्तबा पौने 5 लाख श्रमिक रजिस्टर थे? उन्होंने कहा कि गड़बड़झाला था, अब सब कुछ जांच परख के हो रहा है और पोर्टल के हिसाब से नियमों के तहत सभी को गुजरना पड़ेगा। गड़बड़ी नहीं हो सकती। उन्होंने

बताया कि 15 अगस्त को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लाभार्थियों को तकरीबन 20 करोड़ के लाभ देंगे, जो स्कीमें चल रही हैं उन्हीं के तहत यह फायदा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संबंधित श्रमिकों को मिलेगा। नरदेव ने बताया कि जो भी लाभार्थी ई-केवाईसी और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण निश्चित नहीं करेगा, उसे भविष्य में किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। लाभार्थी को इन दोनों प्रक्रियाओं से हर हाल में गुजरना होगा। नहीं तो वह बोर्ड द्वारा प्रदान किए जाने वाले लाभों से वंचित रह सकता है। यह सारी प्रक्रिया निशुल्क है, कोई भी पंजीकृत लाभार्थी श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय में इसे निशुल्क करवा सकता है। कोई चाहे तो लोक मित्र केंद्र में भी जा सकता है।

गुरु पूर्णिमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ने पूर्व सीएम धूमल से की मुलाकात

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने राजनीतिक गुरु एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके आवास पर भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रो. धूमल के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, संगठनात्मक अनुभव और जनसेवा के आदर्शों ने उन्हें सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

राकेश ठाकुर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु जीवन में ज्ञान के साथ-साथ कर्तव्य, संस्कार और समाज के प्रति जिम्मेदारी का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रो. धूमल ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करने और जनहित को प्राथमिकता देने की मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि प्रो. धूमल का सरल व्यक्तित्व, दूरदर्शी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय व्यवहार सभी के लिए प्रेरणादायक है। गुरु पूर्णिमा हमें अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान प्रकट करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का अवसर देती है। राकेश ठाकुर ने प्रो. धूमल के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत करने और जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

भाजपा झूठी बयानबाजी कर जनता को गुमराह कर रही: प्रेम कौशल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की संपत्ति को लेकर भाजपा नेताओं की बयानबाजी पर कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं के आंदोलनों और जनआक्रोश से परेशान होकर भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही है। एक कथित एनजीओ की रिपोर्ट को आधार बनाकर मुख्यमंत्री और कांग्रेस की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं अपनी संपत्ति की जांच ईडी, सीबीआई या किसी भी जांच एजेंसी से करवाने की चुनौती दे चुके हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं से चुनौती स्वीकार कर जांच करवाने को कहा। कौशल ने आरोप लगाया कि भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सवाल उठाने के बजाय विपक्ष पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि जनता अब ऐसी राजनीति को समझ चुकी है और झूठी बयानबाजी से राजनीतिक लाभ हासिल नहीं किया जा सकता।

महिला मंडल दशमल को नरेश दर्जी ने भेंट की उपयोगी सामग्री

अनंत ज्ञान

भोरंज। भोरंज विधानसभा क्षेत्र की दशमल पंचायत में महिला मंडल दशमल के आग्रह पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपाध्यक्ष जिला परिषद हमीरपुर एवं समाजसेवी नरेश कुमार दर्जी (दर्जी भाई) ने पहुंचकर महिला मंडल को आवश्यक सामग्री भेंट की।

उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान और सशक्तिकरण समाज के विकास की मजबूत नींव है। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान, उपप्रधान, सचिव, कोषाध्यक्ष और महिला मंडल की सदस्यों की मौजूदगी में नरेश कुमार दर्जी ने महिला मंडल को 20 कुर्सियां, 10 गद्दे, 2 बड़ी गैस भट्टियां, एक ढोलकी और चिमटा भेंट किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में महिला मंडल की बैठक में शामिल होने के दौरान उन्होंने सदस्यों की आवश्यकताओं के अनुसार सामग्री उपलब्ध करवाने का वादा किया था, जिसे अब पूरा कर उन्हें खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि महिला मंडल गांवों की सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने से ये संगठन महिला सशक्तिकरण, जागरूकता और सामाजिक विकास में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। नरेश कुमार दर्जी ने कहा कि जनसेवा उनके लिए केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन का संकल्प है। उन्होंने भविष्य में भी क्षेत्र के महिला मंडलों और सामाजिक संगठनों को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

गरीब परिवार के लिए मसीहा बने विधायक कैप्टन रणजीत, बोले- इलाज का पूरा खर्च मैं उठाऊंगा

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने एक गरीब मरीज के इलाज का पूरा खर्च स्वयं वहन करने की घोषणा की। हार्ट अटैक के बाद गंभीर हालत में भर्ती मरीज का हाल जानने के लिए विधायक हमीरपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचते ही उन्होंने डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन से कहा कि मरीज के उपचार में किसी भी प्रकार की देरी या कमी नहीं होनी चाहिए। जब उन्हें पता चला कि मरीज अत्यंत गरीब परिवार से है और घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य भी वही है, तो उन्होंने बिना देर किए कहा कि इलाज पर जितना भी खर्च आए, उसकी चिंता मत कीजिए, पूरा खर्च मैं वहन करूंगा, लेकिन मरीज के उपचार में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति और संघर्ष की कहानी सुनकर विधायक भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मैं भी एक गरीब परिवार से निकला हूं। मैंने भी वह दौर देखा है, जब तीन वक्त की रोटी के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था, इसलिए गरीब परिवार का दर्द मैं अच्छी तरह समझ सकता हूं। विधायक ने प्रयास किया कि मरीज और उसके परिवार की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी गई है, ताकि उनकी निजता प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि वे किसी के बुलाने पर अस्पताल नहीं पहुंचे थे, बल्कि क्षेत्र में कार्य के दौरान घटना की जानकारी मिलने पर स्वयं वहां पहुंचे।

लकवे से जूझ रहे कुलदीप ने विधायक सुरेश से लगाई आर्थिक सहायता की गुहार

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज की चंदरूही पंचायत के चंदरूही गांव निवासी कुलदीप कुमार ने अपनी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए भोरंज के विधायक सुरेश कुमार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा है। प्रार्थना पत्र में कुलदीप कुमार ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। कुछ समय पहले अचानक उन्हें लकवा (पक्षाघात) का दौरा पड़ गया, जिससे उनकी शारीरिक स्थिति गंभीर हो गई। इसके साथ ही उनकी आंखों की रोशनी भी प्रभावित हो गई है। बीमारी के कारण वह काम करने में असमर्थ हैं, जिससे परिवार गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने बताया कि उपचार पर लगातार खर्च होने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो चुकी है और इलाज जारी रखना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में उन्होंने विधायक सुरेश कुमार से मानवीय आधार पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की है, ताकि उनका समुचित उपचार हो सके और परिवार को राहत मिल सके।

छात्राओं को अनुशासन, नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास के गुर सिखाए

नादौन कॉलेज में छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

सिद्धार्थ कॉलेज नादौन में ओरिएंटेशन एवं जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं। ❋ अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

नादौन। सिद्धार्थ कॉलेज नादौन के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्या प्रो. कल्पना चड्ढा ने की। उन्होंने छात्राओं का महाविद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपनी शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

महिला प्रकोष्ठ की भूमिका एवं महाविद्यालय में सुरक्षित, समावेशी एवं सहयोगात्मक वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान डॉ. नीरज कुमारी ने छात्राओं को महाविद्यालय के नियमों, अनुशासन, छात्र कल्याण योजनाओं, महिला सुरक्षा, शिकायत निवारण व्यवस्था तथा छात्राओं के लिए उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। प्रो. रजनी देवी ने महाविद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों की जानकारी देते हुए छात्राओं को उनमें बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रो. आदिका शर्मा ने महाविद्यालय के विभिन्न क्लबों एवं सोसाइटियों, एनएसएस तथा एनसीसी के महत्व, उनकी गतिविधियों तथा व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के विकास में उनकी भूमिका से छात्राओं को अवगत कराया।

मुंडखर के प्लासी वार्ड में तेंदुए की दहशत, वन विभाग ने लगाया पिंजरा

अनंत ज्ञान

भोरंज। उपमंडल भोरंज की मुंडखर पंचायत के प्लासी गांव (वार्ड नंबर-1) में तेंदुए की बढ़ती दहशत के मद्देनजर वन विभाग ने एहतियातन पिंजरा स्थापित किया है। क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही की सूचना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त था, जिसके चलते विभाग द्वारा यह कदम उठाया गया।

पिंजरा स्थापित करने की कार्रवाई वन खंड अधिकारी भरेड़ी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में की गई। इस दौरान वन विभाग के गार्ड शुभम शर्मा, वन मित्र ममता देवी, गार्ड योग राज शर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। इस कार्रवाई के दौरान धमरोल पंचायत के उपप्रधान नरेश कुमार उर्फ ज्योति ने भी वन विभाग का सहयोग किया। वहीं ग्रामीणों में मनजीत सिंह, रंजेंद्र सिंह, धनी राम, राय चंद, मान चंद, अंकुश संधू, विनोद सहित अन्य लोगों ने भी विभाग को पूर्ण सहयोग प्रदान किया। पार्षद विभाग ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि तेंदुए की गतिविधि दिखाई देने पर अकेले बाहर न निकलें, बच्चों एवं पालतू पशुओं का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

न्यूज ब्रीफ

लखदाता मंदिर धनोटू में कल लगेगा भंडारा

अनंत ज्ञान, महादेव। जंक्शन प्वाइंट कहलाने वाले धनोटू चौक, जो नाचन विधानसभा क्षेत्र का मुख्य द्वार कहलाता है। यहां के लखदाता मंदिर में विशाल भंडारा 1 अगस्त को लगाया जाएगा। स्थानीय लोगों के सहयोग से आगे बढ़ी मंदिर कमेटी के अनुसार दिन रात चलने वाले इस भंडारे के लिए कारगिल शहीद राजेश चौहान की प्रतिमा से सटे मैदान में प्रबंध किया गया है जहां आजकल श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसका समापन 1अगस्त को पूर्णाहुति के साथ हो जाएगा।

अब सड़कों और गांवों में घूम रहे तेंदुए

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट के ग्राम पंचायत अपर बरोट के बडोई वार्ड में पिछले कई दिनों से तेंदुए ने आंतक मचा रखा है। बहुत बार गांव में घरों के पास व सड़क में घूमते हुए तेंदुए को देखा गया हाल ही में ग्राम पंचायत अपर बरोट के उप प्रधान रवि कुमार कौशल ने गांव में मौका करती बार तेंदुए को देखा है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए लोगों के पालतू पशुओं, कुत्तो तथा आने जाने वालों पर खतरा देखते हुए वन विभाग सरकाघाट को इस बात की सूचना कर दी है। मौके का जायजा करने के बाद वन विभाग के रेंज आफिसर मदन लाल, ग्राम पंचायत अपर बरोट की प्रधान संकुतला देवी व उप प्रधान रवि कुमार कौशल ने वार्ड बडोई और जंगल के नजदीक गांव वालों को अपने पशुओं, तथा स्वयं पर आने जाने के लिए व बच्चों पर भी चौकसी रखने की अपील की है। रेंज आफिसर मदन लाल ने भी आश्वासन दिया है। यदि ज्यादा आंतक या पालतू पशुओं पर प्रहार होता है तो सरकार पिंजरा आदि हर सुविधा के लिए तत्पर है, परंतु सतर्कता बरतना भी हर नागरिक का अपना कर्तव्य है।

बखलूंही स्कूल के नौनिहालों ने रोपी हरियाली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। राजकीय प्राथमिक पाठशाला बखलूंही में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत नौनिहालों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया वीरवार को देव महासू ईको क्लब द्वारा एक पौधा मां के नाम थीम पर पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस दौरान ईको क्लब के सदस्य छात्रों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश भी दिया।

2 अगस्त को ऊना पहुंचेगी गुरु रविदास महाराज की कलश वंदन यात्राः डॉ. सहजल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में वाराणसी में आयोजित 'समरसता संकल्प अभियान' के शुभारंभ समारोह में देशभर से आए जनप्रतिनिधियों, संत-महात्माओं के साथ हिमाचल प्रदेश भाजपा टोली ने सहभागिता करते हुए सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का संकल्प लिया और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और संत निरंजन दास महाराज के कर कमलों से गुरु रविदास की पवित्र माटी के कलश को प्राप्त किया। कलश वंदन यात्रा के सदस्य पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल ने बताया कि इस अवसर पर संत निरंजन दास का आशीर्वाद विशेष रूप से प्राप्त हुआ। पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल एव मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौहान और पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने जारी संयुक्त बयान में कहा कि आगामी 2 अगस्त को यह कलश वंदन यात्रा हिमाचल प्रदेश के ऊना में पहुंचेगी, जहां पर गुरु रविदास जी के मंदिर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और उसके बाद वहां से सभी 17 संगठनात्मक जिलों के प्रत्येक मंडल में यह कलश वंदन यात्रा जाएगी।

मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर परिसर की वाहन पार्किंग की नीलामी 21 अगस्त को

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। मिनी सचिवालय परिसर के धरातल एवं ग्राउंड परिसर में स्थित वाहन पार्किंग स्थल को अनुबंध पर दिए जाने के लिए 21 अगस्त को प्रातः 11 बजे उपमंडल अधिकारी (ना.) जोगिंद्रनगर के कार्यालय में खुली नीलामी आयोजित की जाएगी। एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी की सभी शर्तें मौके पर पढ़कर सुनाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि सफल बोलीदाता को बोली राशि का 50 प्रतिशत नीलामी समाप्त होते ही तत्काल जमा करवाना होगा, जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि अगले दिन सायं 4 बजे तक जमा करनी होगी। निर्धारित समय पर राशि जमा न करने की स्थिति में धरोहर राशि नियमानुसार जब्त कर ली जाएगी। नीलामी से संबंधित विस्तृत शर्तों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस पर उपमंडल अधिकारी (ना.) जोगिंद्रनगर कार्यालय में किया जा सकता है।

शिक्षिका आशिमा मौत मामले में एसआईटी का किया जाए गठन

सुंदरनगर में सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग कैंडल मार्च निकाल मांगी निष्पक्ष जांच

एसडीएम के माध्यम से सीएम सुखविंद्र सुख्खू को ज्ञापन प्रेषित कर उठाई मांग

अनंत ज्ञान

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर। उपमंडल सुंदरनगर के जयदेवी में शिक्षिका आशिमा की संदिग्ध मौत के मामले में वीरवार को स्थानीय लोगों और व्यापारियों का गुस्सा सड़कों पर दिखाई दिया। सैकड़ों लोगों ने गोपाल मंदिर से महाराणा प्रताप चौक तक कैंडल मार्च निकालकर आशिमा को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की और मामले की निष्पक्ष व त्वरित जांच की मांग उठाई। कैंडल मार्च के बाद प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम अमर नेगी के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

सुंदरनगर के जयदेवी में शिक्षिका आशिमा की संदिग्ध मौत के मामले में मार्च निकालते लोग। अनंत ज्ञान

ज्ञापन में मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि घटना के 15 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस जांच अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ी है। लोगों का कहना है कि अब तक आरोपी पति के कार्यालय की सीसीटीवी फुटेज की प्रभावी जांच नहीं की गई है। साथ ही घटनास्थल से फोरेंसिक साक्ष्य और फिंगरप्रिंट जुटाने जैसी महत्वपूर्ण कार्रवाई भी नहीं हुई, जिससे मामले की निष्पक्ष जांच पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्रदर्शन में आशिमा के पिता सुलेमान अंसारी, प्रतिमा अंसारी, आशिद, यूसुफ अंसारी और यूनुस अंसारी सहित बड़ी संख्या में परिजन मौजूद रहे।

संयुक्त व्यापार संगठन के प्रदेश महासचिव सुरेश उर्फ बब्बू पंसारी, सुंदरनगर व्यापार मंडल के सचिव संजय शर्मा, पार्षद सुनीला भल्ला, पूर्व पार्षद अरुणा, गोपाल महिला मंडल की प्रधान अंजू, ज्योति सोढ़ी तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने भी कैंडल मार्च में भाग लिया।

बरोट में साढ़े 12 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा आलू

अनंत ज्ञान

रूपी ठाकुर, बरोट। पर्यटन के लिए प्रसिद्ध बरोट घाटी में इन दिनों किसानों ने मुख्य नकदी फसल आलू की खुदाई और बिक्री शुरू कर दी है। बरोट, लपास और बरधाण पंचायतों के किसान अपने खेतों से आलू निकालकर मंडियों में भेज रहे हैं। हालांकि इस वर्ष आलू की पैदावार अच्छी हुई है, लेकिन शुरुआती सीजन में किसानों को अपेक्षित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में आलू लगभग साढ़े 12 रुपए प्रति किलो के भाव से बिक रहा है, जिससे किसानों में निराशा है। स्थानीय किसानों दिले राम, प्रेम सिंह, बुधी सिंह और रामलाल ने बताया कि बरोट का आलू अपनी गुणवत्ता और स्वाद के कारण हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ बाहरी राज्यों में भी काफी पसंद किया जाता है। इसके बावजूद इस बार शुरुआती सीजन में बाजार भाव पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं। किसानों के अनुसार गत वर्ष इसी अवधि में आलू 15 से 25 रुपए प्रति किलो तक बिका था, जबकि इस बार दाम काफी नीचे हैं। किसानों का कहना है कि अच्छी पैदावार के बावजूद कम कीमत मिलने से उत्पादन लागत निकालना भी चुनौती बन गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में बाजार में मांग बढ़ने के साथ आलू के दामों में सुधार होगा। वहीं, आलू की खुदाई पूरी होने के बाद किसान खाली हुए खेतों में धनिया की बुवाई भी शुरू कर रहे हैं, ताकि अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सके। बरोट क्षेत्र में आलू की खेती स्थानीय किसानों की आजीविका का प्रमुख आधार मानी जाती है।

◆ शुरुआती सीजन में किसानों को नहीं मिल रहे उचित दाम

भौण धार स्थित शिव मंदिर में लगाया भंडारा

अनंत ज्ञान, महादेव। श्रावण मास के शुभ अवसर पर जगह-जगह पूजा -पाठ अनुष्ठान करवाए जा रहे हैं वहीं खीर आदि के भंडारे लगाए जा रहे हैं। बीती शाम इसी प्रकार श्रावणी पर्व के पावन अवसर पर भौण धार स्थित शिव मंदिर परिसर में लगाए गए भंडारे का प्रसाद दूर -दूर के श्रद्धालु लोगों ग्रहण कर पुण्य कमाया।

वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र में जांचा बुजुर्गों का स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र, सुंदरनगर में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की ब्लड प्रेशर, स्वास्थ्य संबंधी सामान्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इस चिकित्सकीय शिविर के दौरान बुजुर्गों की स्वास्थ्य स्थिति का निरीक्षण करते हुए उन्हें स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित दवाइयों तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर केन्द्र में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया तथा शिविर के आयोजन के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर वरिष्ठ नागरिकों को समय पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान और उचित मार्गदर्शन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र द्वारा भविष्य में भी बुजुर्गों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस शिविर कि जानकारि मानव सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन एडवोकेट प्रकाश चंद ने दी जिसमे वरिष्ठ नागरिक सुविधा केन्द्र के डाक्टर जितेन्द्र कुमार, स्टाफ नर्स दिव्या तथा केन्द्र के प्रबंधक तानिया, स्वयंसेवक शहनाज भी शामिल थे।

इनर व्हील क्लब मंडी की नई कार्यकारिणी ने संभाला दायित्व

नीरज शर्मा बनीं अध्यक्ष, समाजसेवा के कार्यों को नई गति देने का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। इनर व्हील क्लब मंडी (डिस्ट्रिक्ट 307) का पदभार ग्रहण एवं दायित्व हस्तांतरण समारोह होटल राजमहल, मंडी में गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष सोमा राणा ने नई अध्यक्ष नीरज शर्मा को औपचारिक रूप से पदभार सौंपा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसके बाद निवर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल की सराहना की गई और नई टीम को शुभकामनाएं दी गईं।

समारोह में मुख्यातिथि के रूप में इनर व्हील क्लब सुंदरनगर की अध्यक्ष अंजू ठाकुर उपस्थित रहीं, जबकि विशेष अतिथि अनिता वैद्य, इनर व्हील क्लब सुकेत एडिटर ने शिरकत की। उन्होंने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए सेवा, समर्पण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्लब की भूमिका को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं बाल कल्याण तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्यों को प्राथमिकता देगा। उन्होंने सभी सदस्यों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा गतिविधियां पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का भी परिचय कराया गया। चारू वैद्य ने सचिव, सुकृता ने कोषाध्यक्ष, पंकज ने संपादक तथा जानकी राणा ने आईएसओ का दायित्व ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान नई टीम ने आगामी सत्र में विभिन्न जनहित एवं सेवा गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया। समारोह के अंत में पूर्व अध्यक्ष सोमा राणा ने सभी सदस्यों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया।

ओपन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छाये संधोल के खिलाड़ी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। चंबा में आयोजित प्रतिष्ठित मिंजर मेला ओपन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सन्धोल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में आदित्य सकलानी ने स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि आदित्य पड्डा और सक्षम ने रजत पदक जीतकर सन्धोल का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता के पीछे कोच सौरभ बनेर की अथक मेहनत, समर्पण और बेहतरीन मार्गदर्शन को प्रमुख कारण माना जा रहा है।बता दें कि कोच सौरभ बनेर वर्तमान में गुरुकुल अकादमी पब्लिक स्कूल, सन्धोल में सेवारत हैं और उनकी मेहनत और खिलाड़ियों के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि सन्धोल के खिलाड़ी लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर गुरुकुल अकादमी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राकेश तथा प्रधानाचार्या सोनिका बरवाल ने कोच सौरभ बनेर और सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

स्वैच्छिक रक्तदान को बनाएं आंदोलन: डॉ. दिनेश

रेड रिबन क्लब के पीयर एजुकेटर्स एवं अधिकारियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम मंडी द्वारा आज सीएमओ कॉन्फ्रेंस हॉल, जोनल अस्पताल मंडी में रेड रिबन क्लब के पीयर एजुकेटर्स एवं नोडल अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं एक्सपोजर विजिट का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी सह वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश ठाकुर ने की।

कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन एमओएच सह जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. अरिंदोम रॉय द्वारा किया गया। डॉ. दिनेश ठाकुर ने युवाओं से स्वैच्छिक रक्तदान को जनआंदोलन बनाने, सुरक्षित जीवनशैली अपनाने तथा एचआईवी, हेपेटाइटिस एवं अन्य यौन संचारित संक्रमणों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरिंदम रॉय ने कहा कि रेड रिबन क्लब के पीयर एजुकेटर्स एवं नोडल अधिकारी युवाओं तक सही एवं वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें समाज में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के प्रभावी दूत बनने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान बीसीएसयू काउंसलर संगीता ठाकुर, आईसीटीसी काउंसलर श्यामलता ठाकुर, एसटीआई काउंसलर सीमांत गुलेरिया तथा आईसीटीसी सुंदरनगर की काउंसलर मुनीष प्रभा ने प्रतिभागियों को एचआईवी/एड्स, हेपेटाइटिस-बी एवं सी, एबीसी रणनीति, यौन संचारित संक्रमण, सुरक्षित रक्ताधान, स्वैच्छिक रक्तदान, रक्त घटक पृथक्करण, सुरक्षित रक्त की उपलब्धता तथा संक्रमण की रोकथाम विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ट्रेंड हो रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समेकित बाल विकास परियोजना धर्मपुर के अंतर्गत संधोल सर्किल की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी धनी राम की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में 26 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान योजना के नवीनतम दिशा-निर्देश, पात्र लाभार्थियों की पहचान, दस्तावेज सत्यापन, ऑनलाइन आवेदन, एनपीसीआई मैपिंग तथा फेस रिकॉग्निशन आधारित सत्यापन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रथम गर्भधारण अथवा प्रथम जीवित संतान पर पात्र महिला को 5,000 रुपये तथा दूसरी संतान बालिका होने पर 6,000 रुपये की सहायता दी जाती है। कार्यकर्ताओं को आवेदन समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए तथा प्रशिक्षण सामग्री के क्यूआर कोड भी उपलब्ध कराए गए। धनी राम ने कहा कि सभी सर्किलों में ऐसे प्रशिक्षण आयोजित कर पात्र महिलाओं तक योजना का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाएगा।

◆ संधोल सर्किल की 26 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी ऑनलाइन प्रक्रिया नए प्रावधानों की जानकारी

सरौर-रोपड़ी-हवाणी-पाटी-रिस्सा सड़क खस्ताहाल

यूथ क्लब सरकाघाट ने सरकार और विभाग से शीघ्र मरम्मत करवाने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। सरकाघाट-सरौर-रोपड़ी-हवाणी-पाटी-रिस्सा सड़क मार्ग की जर्जर स्थिति क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी हुई तारकोल और खराब सतह के कारण वाहन चालकों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की बदहाली से न केवल वाहनों को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक चिंताजनक हो जाती है। यूथ क्लब सरकाघाट के अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने कहा कि यह क्षेत्र का प्रमुख और वर्षों पुराना सड़क मार्ग है, जिससे कई पंचायतों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत को लेकर अपेक्षित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों और नेताओं को आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर जनता की मूलभूत समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। उनका कहना है कि सड़क की दयनीय स्थिति के कारण लोगों का समय और धन दोनों व्यर्थ हो रहे हैं तथा वाहन बार-बार खराब होने से अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। प्रिंस शर्मा ने हाल ही में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से भी इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को राजनीतिक मतभेद भुलाकर क्षेत्रहित में एकजुट होकर सड़क के सुधार के लिए आवाज बुलंद करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार संबंधित अधिकारियों और विभाग का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यूथ क्लब ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से सड़क की जर्जर स्थिति का शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक बजट उपलब्ध कराने और तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करवाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र की जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

मूल मंदिर माता संतोषी में भगवान शिव की महिमा का किया गुणगान

अनंत ज्ञान, भौर। गांव तरोट स्थित मूल मंदिर माता संतोषी में आयोजित शिव महापुराण कथा में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान शिव की दिव्य कथाओं का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सावन माह के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो रहा है। कथावाचक पूज्य तेजस्वी दत्त शर्मा (नगारवीं-बल्द्धाड़ा) भगवान शिव की महिमा, उनके आदर्शों और सनातन धर्म में सावन माह के महत्व का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है और इस दौरान शिव आराधना, कथा श्रवण तथा पूजा-अर्चना का विशेष महत्व बताया गया है। मंदिर के पुजारी राम दास तथा मंदिर प्रधान राज कुमार ने बताया कि कथा के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का श्रद्धापूर्वक स्वागत और सत्कार किया जा रहा है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया। धार्मिक आयोजन से पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।

अधिकारी मिलन कार्यक्रम

आंगनबाड़ी-सह-क्रच केंद्रों ने महिलाओं की बढ़ाई भागीदारी, बच्चों को मिल रहा पोषण

पालना योजना से कामकाजी माताओं को मिला भरोसा, सुरक्षित हाथों में बचपन

अनंत ज्ञान

अनिल शर्मा, मंडी। छोटे बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी अक्सर कामकाजी महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चिंता बन जाती है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित पालना योजना इस चुनौती का प्रभावी समाधान बनकर सामने आई है।

योजना के तहत संचालित आंगनबाड़ी-सह-क्रेच केंद्र महिलाओं को रोजगार, स्वरोजगार, शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निश्चिंत होकर आगे बढ़ने का अवसर दे रहे हैं। वहीं छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों को सुरक्षित वातावरण, पौष्टिक आहार, खेल-आधारित शिक्षा और नियमित स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। बाल विकास परियोजना मंडी-सदर के अंतर्गत संचालित दरमियाना केंद्र में वर्तमान में 24 बच्चों की सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक देखभाल की जा रही है, जिससे यह केंद्र योजना की सफलता का उदाहरण बन गया है।

माताओं की चिंता हुई दूर आत्मविश्वास भी बढ़ा

बिलासपुर के बंदला की छायावंती बताती हैं कि पहले काम पर जाते समय बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी, लेकिन अब दोनों बच्चों को क्रेच में छोड़कर निश्चिंत होकर मजदूरी कर रही हैं। मंडी की सुजाता वालिया का कहना है कि दो वर्षीय बेटी को सुरक्षित माहौल मिलने से वे पूरी एकाग्रता के साथ नौकरी कर पा रही हैं। वंदना ठाकुर के अनुसार अब वह पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और रोजगार पर पूरा ध्यान दे पा रही हैं, जबकि सैलून संचालिका रेनू ठाकुर इसे कामकाजी महिलाओं के लिए बड़ी राहत मानती हैं।

जिले में 10 केंद्र संचालित, 12 नए प्रस्तावित

जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास) अजय बद्रेल ने बताया कि मंडी जिले में वर्तमान में 10 आंगनबाड़ी-सह-क्रेच केंद्र संचालित हैं। इनमें मंडी सदर में चार, सुंदरनगर में तीन तथा रिवालसर, द्रंग और सरकाघाट (गोपालपुर) में एक-एक केंद्र शामिल हैं। सभी केंद्रों में आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति की जा चुकी है। अधिक से अधिक महिलाओं तक इस सुविधा का लाभ पहुंचाने के लिए विभाग ने 12 नए केंद्रों का प्रस्ताव भी सरकार को भेजा है।

बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष फोकस

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीनाक्षी ने बताया कि केंद्र में बच्चों को संतुलित भोजन, फल, नाश्ता, खेल-खेल में सीखने की गतिविधियां और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा दी जा रही है। क्रेच कार्यकर्ता पूर्णिमा राणा ने बताया कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सुरक्षित शैक्षणिक सामग्री का उपयोग किया जाता है। सहायिका फुलमु देवी सभी बच्चों की दैनिक जरूरतों का विशेष ध्यान रखती हैं।

महिला सशक्तिकरण की मजबूत कड़ी बनी योजना

पालना योजना केवल बच्चों की देखभाल तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सुरक्षित वातावरण, पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और माताओं को चिंता से मुक्ति जैसे पहलुओं ने इस योजना को महिला सशक्तिकरण और बाल संरक्षण की प्रभावी पहल के रूप में स्थापित किया है। मंडी जिले में बढ़ता भरोसा इसकी सफलता का प्रमाण माना जा रहा है।

जहां मन भय से मुक्त हो, वहीं सच्ची स्वतंत्रता है।
-रवींद्रनाथ ठाकुर

संपादकीय

छुट्टी बड़ी या राष्ट्र?

भारत में राष्ट्रीय पर्वों के प्रति उत्साह और व्यवहार के बीच का अंतर अक्सर दिखाई देता है। गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस आते ही तिरंगे की शान, देशभक्ति के गीत और सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं की बाढ़ तो आ जाती है, लेकिन बड़ी संख्या में लोगों के लिए इन दोनों दिनों का अर्थ केवल एक सरकारी छुट्टी भर रह जाता है। ऐसे माहौल में हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने 15 अगस्त को सभी सरकारी स्कूल खुले रखने का निर्णय लिया है। स्वाभाविक है कि इस फैसले पर मतभेद होंगे। कुछ इसे राष्ट्रभक्ति को मजबूती देने वाला कदम बताएंगे तो कुछ कर्मचारियों और विद्यार्थियों की छुट्टी छीनने वाला निर्णय कहेंगे, लेकिन इस बहस का सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए है क्या - एक अवकाश या राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व को याद करने का अवसर?

यह सच है कि देश के अधिकांश राज्यों में 15 अगस्त राजपत्रित अवकाश होता है। सरकारी कार्यालय बंद रहते हैं, लेकिन स्कूलों में ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विद्यार्थी कुछ समय के लिए स्कूल पहुंचते हैं और कार्यक्रम के बाद घर लौट जाते हैं। हिमाचल सरकार का फैसला इस परंपरा से आगे बढ़कर इस दिन विद्यालयों को सक्रिय रूप से राष्ट्रीय चेतना का केंद्र बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। यदि इसका उद्देश्य बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम, संविधान और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों से जोड़ना है, तो इसका स्वागत होना चाहिए।

आज की पीढ़ी उस भारत में जन्मी है, जिसने गुलामी नहीं देखी। उसे आजादी सहज रूप से मिली है। इसलिए स्वतंत्रता का मूल्य समझाना पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। यदि विद्यालय इस दिन बच्चों को केवल भाषण नहीं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, संविधान की गरिमा, लोकतंत्र की ताकत और नागरिक कर्तव्यों का वास्तविक पाठ पढ़ाते हैं, तो यह निर्णय आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम दे सकता है। देशभक्ति केवल नारों से नहीं, बल्कि संस्कारों से पैदा होती है और संस्कारों की सबसे मजबूत पाठशाला विद्यालय ही होते हैं।

फिर भी सरकार को यह नहीं मान लेना चाहिए कि केवल स्कूल खोल देने से उद्देश्य पूरा हो जाएगा। यदि बच्चों और शिक्षकों को केवल उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया, यदि कार्यक्रम औपचारिकता बनकर रह गए, तो यह फैसला आलोचना का विषय बन जाएगा। राष्ट्रीय पर्व को बोझ नहीं, उत्सव बनाया जाना चाहिए। बच्चों को प्रेरणा मिले, गर्व महसूस हो और वे स्वयं अगली बार इस दिन स्कूल आने के लिए उत्साहित हों, तभी इस निर्णय का वास्तविक अर्थ होगा।

विरोध भी होगा और होना लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है। कर्मचारी संगठन छुट्टी समाप्त होने का मुद्दा उठा सकते हैं। कुछ अभिभावकों को भी आपत्ति हो सकती है। लेकिन हमें स्वयं से यह प्रश्न पूछना होगा कि क्या वर्ष में एक दिन राष्ट्र के नाम समर्पित करना वास्तव में इतना बड़ा त्याग है? जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन, परिवार और भविष्य देश के लिए न्योछावर कर दिया, उनके बलिदान की स्मृति में कुछ घंटे विद्यालय में बिताना क्या असुविधा माना जाना चाहिए?

यह भी ध्यान रखना होगा कि देशभक्ति आदेशों से नहीं आती। उसे वातावरण से पैदा करना पड़ता है। यदि स्कूलों में इस दिन स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान हो, संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन हो, शहीदों के परिवारों को आमंत्रित किया जाए, विद्यार्थियों के बीच संवाद हो और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर चर्चा हो, तो यह दिन केवल समारोह नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव बन सकता है। ऐसी पहल बच्चों के मन में आजीवन छाप छोड़ती है।

आज समाज जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाले हर प्रयास की आवश्यकता है। जाति, धर्म, भाषा और राजनीति के नाम पर बढ़ती खाइयों के बीच तिरंगा ही वह प्रतीक है, जो पूरे देश को एक सूत्र में बांधता है। यदि 15 अगस्त को लाखों विद्यार्थी एक साथ राष्ट्रगान गाएं, तिरंगे को सलामी दें और भारत को बेहतर बनाने का संकल्प लें, तो इससे बड़ी राष्ट्रीय शिक्षा और क्या हो सकती है?

सरकार का निर्णय सही है या गलत, इसका अंतिम आकलन उसके क्रियान्वयन से होगा। यदि यह फैसला केवल एक प्रशासनिक आदेश बनकर रह गया तो इसका असर सीमित रहेगा। लेकिन यदि इसे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के अभियान का रूप दिया गया, तो यह एक नई परंपरा की शुरुआत भी बन सकता है।

आज की प्रमुख हस्ती

आदिवासी नेतृत्व की मजबूत पहचान

अमरसिंह चौधरी भारतीय राजनीति के प्रमुख नेताओं में से एक थे, जिन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य के विकास और प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जन्म 31 जुलाई 1941 को गुजरात के सूरत जिले के मांडवी क्षेत्र में हुआ था। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे और गुजरात के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री बनने का गौरव हासिल किया।

अमरसिंह चौधरी
जन्म : 31 जुलाई 1941

अमरसिंह चौधरी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत समाज सेवा और जनहित के मुद्दों से की। वे ग्रामीण क्षेत्रों और आदिवासी समुदायों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे। उनकी सादगी, जनसंपर्क और प्रशासनिक क्षमता के कारण उन्हें कांग्रेस में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलीं। वर्ष 1985 में अमरसिंह चौधरी गुजरात के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने ऐसे समय में राज्य की कमान संभाली जब गुजरात कई सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा, ग्रामीण विकास, सिंचाई और जनकल्याण से जुड़े क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया। उनकी सरकार ने पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए कई योजनाओं को आगे बढ़ाया।

मुख्यमंत्री पद के अलावा अमरसिंह चौधरी ने केंद्र सरकार में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। उन्होंने भारत सरकार में विभिन्न मंत्रालयों का कार्यभार संभाला और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी राजनीतिक पहचान बनाई। वे पर्यावरण एवं वन, उद्योग और अन्य विभागों से जुड़े रहे। उनकी कार्यशैली में प्रशासनिक अनुभव और सामाजिक सरोकारों का संतुलन दिखाई देता था।

कविता

मीठी चूं-चूं

(राज कुमार कौंडल), गांव व डाकघर अमरपुर तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर हि०प्र०(174021)

सुबह उठ कर रात बची रोटी को तोड़कर,
घर की छत पर प्यार से चारों ओर बिखरा दिया।
अभी रोटी के टुकड़ों को बिखराया ही था,
पंछियों ने आकर चीं-चीं का राग सुना दिया।
गौरैया मैना छोटे बड़े पंछी सब आए थे,
जो पहुंचे न थे उन्हें भी चूं चूं कर बुला लिया।
सब अपने अपने बच्चों का ख्याल रख रहे थे,
और नन्हे परिंदों ने आसमान सर पर उठा लिया।
कोई झगड़ा नहीं कोई परेशानी कहीं नहीं,
खाने से पहले निवाला बच्चों को दिया।
मिलजुल कर सब बांट कर खा रहे थे,
मिलवर्तन का इक नया जहां बसा दिया।
जहां हम सभी बंटे है दुनिया के तंग दायरों में,
वहीं प्रेम से रहना पंछियों ने हमें सिखा दिया।
जो प्रेम सबक हम पढ़ लिख कर न सीख पाए,
वो इन परिंदों की मीठी चूं-चूं ने सिखा दिया।

देवभूमि की पहचान पर खतरा, अपराधों की बढ़ती चुनौती से जूझ रहा हिमाचल

हिमाचल प्रदेश जिसे अपनी शांत वादियों, समृद्ध संस्कृति और सौहार्दपूर्ण वातावरण के कारण देवभूमि कहा जाता है, आज के बदलते दौर में एक कठिन चुनौती से जूझ रहा है। कम अपराध दर और सुरक्षित परिवेश के लिए पहचाने जाने वाले इस राज्य में पिछले कुछ समय से अपराधों के ग्राफ में बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह प्रवृत्ति केवल स्थानीय निवासियों के लिए ही नहीं, बल्कि राज्य के सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है। हिमाचल प्रदेश जिसे देवभूमि के नाम से जाना जाता है, अपनी अलौकिक प्राकृतिक शक्ति, ईमानदारी, सामाजिक मूल्यों और सुरक्षित वातावरण के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध रहा है। अखबारों की सुर्खियां और पुलिस के आंकड़े इस बात की ओर संकेत कर रहे हैं कि कभी सबसे सुरक्षित माने जाने वाला यह राज्य अब अपराध की चुनौती से धीरे-धीरे जूझ रहा है। हिमाचल की यह बदलती तस्वीर हर नागरिक और नीति-निर्माता के लिए गहरी चिंता का विषय है।

डॉ राज कुमार
साइकोलॉजिस्ट
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बढ़ते अपराधों का स्वरूप: हिमाचल प्रदेश में अपराधों का स्वरूप अब पारंपरिक श्रेणियों से बदलकर अधिक जटिल और आधुनिक होता जा रहा है। मादक पदार्थों का बढ़ता जाल राज्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। नशीले पदार्थों का चलन तेजी से बढ़ा है और रिपोर्टों के अनुसार युवाओं का एक बड़ा वर्ग इसकी चपेट में आ रहा है। नशे की लत को पूरा करने के लिए कुछ युवा चोरी, झपटमारी और हिंसा जैसे अपराधों का सहारा ले रहे हैं।

महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की बात करें तो देवभूमि की छवि हमेशा से महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में रही है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, तलाक और दुष्कर्म जैसे मामलों में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। यह स्थिति समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

डिजिटल तकनीक के विस्तार के साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। हिमाचल के सीधे-साधे लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी, लॉटरी और स्कैम तथा वित्तीय ठगी का आसानी से शिकार बन रहे हैं। पर्यटन क्षेत्र में अव्यवस्था और विवाद भी एक नई चुनौती बनकर सामने आए हैं। कुल्लू, मनाली, कसोल, शिमला और धर्मशाला जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण कई बार स्थानीय लोगों और बाहरी असामाजिक तत्वों के बीच हिंसक झड़पों की घटनाएं सामने आती हैं। राज्य में आने वाले पर्यटकों के लिए सख्त नियम बनाए जाने चाहिए। हुड़दंग करने वालों और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ भारी जुर्माना और कठोर सजा का प्रावधान होना चाहिए, ताकि देवभूमि की गरिमा बनी रहे। पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच बढ़ता टकराव देवभूमि की पारंपरिक मेहमाननवाजी और अतिथि देवो भव की भावना को भी प्रभावित कर रहा है।



अपराध बढ़ने के कारण: अपराधों में वृद्धि केवल कानून व्यवस्था की असफलता का परिणाम नहीं होती, बल्कि बदलते सामाजिक मूल्यों और मानसिक तनाव का भी प्रभाव होती है। बेरोजगारी, मानसिक दबाव, आधुनिक जीवनशैली की दौड़, करियर का दबाव और रोजगार के सीमित अवसरों के कारण युवाओं में निराशा बढ़ रही है। यही निराशा कई बार उन्हें गलत रास्ते की ओर धकेल देती है।

पारंपरिक पारिवारिक नियंत्रण में कमी, शहरीकरण, आधुनिकीकरण और बदलती जीवनशैली के प्रभाव के कारण परिवारों में संवादहीनता बढ़ रही है। बुजुर्गों और माता-पिता का युवाओं पर नैतिक नियंत्रण कम होने से कई युवा गलत संगति के प्रभाव में आकर अपराधों की ओर बढ़ रहे हैं।

शहरीकरण और पश्चिमीकरण के बढ़ते प्रभाव से संयुक्त परिवारों का टूटना और सामाजिक नियंत्रण का कमजोर होना भी एक कारण है। नई पीढ़ी में रातोंरात अमीर बनने और भौतिक सुख प्राप्त करने की चाह कई बार उन्हें गलत रास्तों की ओर ले जाती है।

भौगोलिक चुनौतियां भी हिमाचल के लिए बड़ी समस्या हैं। पड़ोसी राज्यों से लगती सीमाओं के कारण नशीले पदार्थों की तस्करी को पूरी तरह रोकना कठिन साबित हो रहा है। नशे के सौदागरों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई करनी होगी और ड्रग नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के प्रयास करने होंगे। साथ ही युवाओं के लिए प्रभावी नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने होंगे।

समाधान के उपाय: देवभूमि हिमाचल की पवित्रता और सुरक्षा को बहाल करने के लिए सामूहिक और बहुआयामी प्रयासों की आवश्यकता है। युवाओं को केवल डिग्री आधारित शिक्षा देने के बजाय रोजगारपरक शिक्षा और कौशल विकास से जोड़ना होगा। स्कूल और कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य, नैतिक शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी पर विशेष सत्र आयोजित किए जाने चाहिए।

नशे की समस्या से निपटने के लिए जिला स्तर पर आधुनिक नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए, ताकि प्रभावित युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाया जा सके। गांव और कस्बों में नागरिक समितियां बनाकर असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। प्रत्येक गांव और वार्ड स्तर पर अमन समितियों और युवा क्लब सक्रिय किए जाएं, जो संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराएं। हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी शांति और प्राकृतिक सुंदरता है। यदि समय रहते बढ़ते अपराधों पर रोक नहीं लगाई गई तो राज्य के सबसे बड़े आर्थिक स्तंभ पर्यटन को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

गुरु का आशीर्वाद ही आध्यात्मिक उन्नति की सबसे बड़ी शक्ति

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा माना गया है। गुरु केवल ज्ञान देने वाले शिक्षक नहीं होते, बल्कि वे जीवन को सही दिशा दिखाने वाले पथप्रदर्शक होते हैं। वे अपने शिष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु का उद्देश्य कभी भी अपने शिष्य से स्वार्थ सिद्ध करना नहीं होता। एक सच्चा गुरु केवल अपने शिष्य के कल्याण, उसके आत्मिक विकास और आध्यात्मिक उन्नति की कामना करता है। यही विश्वास प्रत्येक शिष्य के मन में दृढ़ होना चाहिए कि गुरु का हर निर्णय उसके हित के लिए ही होता है, चाहे उस समय वह निर्णय समझ में आए या नहीं।

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इसी सत्य को समझाने वाली एक प्रेरक कथा प्रचलित है। एक बार एक गुरु अपने शिष्य के साथ जंगल से होकर गुजर रहे थे। उनके पीछे कुछ कॉलेज के छात्र चल रहे थे, जो लगातार शिष्य का उपहास कर रहे थे और उसे अपमानित करने का प्रयास कर रहे थे। शिष्य ने उनके कटु शब्दों को सुना, लेकिन उसने धैर्य और संयम बनाए रखा। उसने किसी प्रकार का प्रतिवाद नहीं किया और शांतिपूर्वक गुरु के साथ आगे बढ़ता रहा।

कुछ समय बाद सभी लोग एक नदी के किनारे पहुंचे। गुरु और शिष्य एक नाव में बैठ गए, जबकि वे छात्र दूसरी नाव में सवार हुए। जब दोनों नावें नदी के बीच पहुंचीं, तभी अचानक उन छात्रों की नाव डूबने लगी। उसी समय गुरु ने बिना किसी स्पष्ट कारण के अपने शिष्य को एक थप्पड़ मार दिया। शिष्य आश्चर्यचकित रह गया, क्योंकि उसने कोई गलती नहीं की थी। तब गुरु ने समझाया कि यदि वह उन छात्रों के व्यवहार का उसी समय उचित उत्तर देता या उन्हें रोकने का प्रयास करता, तो विवाद वहीं समाप्त हो जाता और कर्म का प्रभाव भी वहीं खत्म हो जाता। लेकिन उसके मौन और सहनशीलता के कारण कर्म का परिणाम अधिक गंभीर रूप में सामने आया। अब उन छात्रों को संकट से बचाना भी उसी का दायित्व बन गया। गुरु ने उसे नदी में कूदकर सभी छात्रों की जान बचाने का आदेश दिया।

यह कथा हमें सिखाती है कि गुरु की दृष्टि सामान्य मनुष्य की दृष्टि से कहीं अधिक व्यापक होती है। गुरु केवल वर्तमान को नहीं देखते, बल्कि कर्मों के गहरे प्रभाव और भविष्य के परिणामों को भी समझते हैं। इसलिए कई बार उनके निर्णय हमें कठोर या असामान्य लग सकते हैं, लेकिन उनके पीछे शिष्य के हित और आध्यात्मिक कल्याण की गहरी भावना छिपी होती है। ज्ञानी पुरुषों के आचरण को साधारण बुद्धि से समझना संभव नहीं होता। उनके प्रत्येक कार्य का उद्देश्य आत्मिक उन्नति और जीवन की गहन सच्चाइयों का बोध कराना होता है।

गुरु और शिष्य का संबंध संसार के अन्य सभी संबंधों से अलग और अत्यंत पवित्र माना गया है। इसे माता-पिता, भाई-बहन, मित्र या किसी अन्य रिश्ते के समान नहीं देखा जा सकता। सांसारिक संबंध अपेक्षाओं और अधिकारों पर आधारित हो सकते हैं, लेकिन गुरु-शिष्य का संबंध पूर्ण समर्पण, श्रद्धा और विश्वास पर आधारित होता है। जब शिष्य अपने गुरु के प्रति पूर्ण आस्था रखता है, तभी वह वास्तविक ज्ञान और आत्मबोध की दिशा में आगे बढ़ पाता है।

आध्यात्मिक परंपरा में गुरु को उस विराट चेतना का माध्यम माना गया है, जिसके द्वारा ईश्वरीय ज्ञान प्रवाहित होता है। गुरु स्वयं किसी व्यक्तिगत स्वार्थ से प्रेरित होकर कार्य नहीं करते। उनके प्रत्येक कार्य का उद्देश्य केवल शिष्य के भीतर छिपी संभावनाओं को जागृत करना और उसे आत्मज्ञान की ओर ले जाना होता है। इसलिए गुरु के प्रति कृतज्ञता, विनम्रता और विश्वास ही साधना की सबसे मजबूत नींव मानी जाती है। इसी भावना को समर्पित है गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व। यह केवल गुरु का सम्मान करने का दिन नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आत्ममूल्यांकन का अवसर भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

राष्ट्रहित सर्वोपरि लोकतंत्र में जवाबदेही का महत्व समझना जरूरी

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसकी सबसे बड़ी ताकत केवल चुनाव, सरकार बनाना या सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास, पारदर्शिता और जवाबदेही है। लोकतंत्र तभी मजबूत बनता है, जब सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोग अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों और नैतिक जिम्मेदारियों का भी ईमानदारी से निर्वहन करें। किसी भी बड़ी प्रशासनिक चूक या सार्वजनिक व्यवस्था में गंभीर विफलता के बाद नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करना लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करता है। इससे जनता का भरोसा बढ़ता है और शासन व्यवस्था अधिक उत्तरदायी बनती है।

पंकज सिंह ठाकुर
समाजसेवी
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हाल के वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं और प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं ने देशभर के लाखों विद्यार्थियों और उनके परिवारों की चिंता बढ़ाई है। विशेष रूप से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) जैसी परीक्षा लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ी होती है। विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं, आर्थिक और मानसिक चुनौतियों का सामना करते हैं तथा डॉक्टर बनने का सपना लेकर तैयारी करते हैं। ऐसे में यदि परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं तो केवल परीक्षा प्रणाली ही प्रभावित नहीं होती, बल्कि युवाओं का विश्वास भी डगमगा जाता है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी मंत्रालय की अंतिम जिम्मेदारी उससे संबंधित मंत्री पर होती है। इसका अर्थ यह नहीं कि प्रत्येक प्रशासनिक गलती के लिए मंत्री व्यक्तिगत रूप से दोषी होता है, बल्कि वह पूरे विभाग का संवैधानिक और नैतिक प्रमुख होता है। कई लोकतांत्रिक देशों में यह परंपरा रही है कि बड़ी प्रशासनिक विफलताओं के बाद मंत्री नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए पद छोड़ देते हैं। इससे शासन व्यवस्था में जवाबदेही की संस्कृति मजबूत होती है और जनता को यह संदेश मिलता है कि सार्वजनिक पद केवल अधिकार का नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व का भी प्रतीक है।

हालांकि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि किसी भी मामले में व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करने से पहले निष्पक्ष जांच हो और तथ्य सामने आएं। किसी व्यक्ति के इस्तीफे की मांग या उसका समर्थन राजनीतिक और नैतिक बहस का विषय हो सकता है, लेकिन अंतिम निर्णय तथ्यों, जांच और संवैधानिक प्रक्रियाओं के आधार पर ही होना चाहिए। लोकतंत्र में जवाबदेही का अर्थ केवल इस्तीफा नहीं, बल्कि पारदर्शी जांच, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी सुधार भी है।

परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सरकारों, परीक्षा एजेंसियों और प्रशासन को आधुनिक तकनीक, डिजिटल निगरानी, सुरक्षित प्रश्नपत्र वितरण प्रणाली और कठोर कानूनी प्रावधानों को और मजबूत करना होगा। प्रश्नपत्र लीक करने वाले गिरोहों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई, समयबद्ध जांच और दोषियों को कड़ी सजा मिलना आवश्यक है। इसके साथ ही परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुरक्षित बनाया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थियों का विश्वास कायम रहे।

देश के युवाओं का भविष्य किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होता है। यदि उनकी मेहनत और प्रतिभा पर प्रश्नचिह्न लगने लगे तो इसका असर केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के विकास पर पड़ता है। इसलिए शिक्षा व्यवस्था को निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाए रखना सभी सरकारों, संस्थाओं और समाज की साझा जिम्मेदारी है।

राष्ट्रहित हमेशा व्यक्तिगत या राजनीतिक हितों से ऊपर होना चाहिए। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति सत्ता में बने रहने में नहीं, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेह रहने में निहित होती है। जब शासन व्यवस्था में पारदर्शिता, ईमानदारी, नैतिक नेतृत्व और उत्तरदायित्व की भावना को सर्वोच्च स्थान मिलेगा, तभी देश के युवाओं का विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

पहाड़ों की कोख उजाड़ कर मौत को आमंत्रण देता यह कैसा विकास?

हिमाचल प्रदेश में विगत कुछ वर्षों से इस देवभूमि को मानसून की भारी बरसातों ने जहां लोगों के जनजीवन को झकझोर कर अस्त-व्यस्त कर रखा है, वहीं इस भयावह प्रलय से पहाड़ों में खिसकती भारी-भरकम चट्टानों की चपेट में आने से लोगों में दहशत पैदा हो गई है कि कब पहाड़ों से खिसकती चट्टानें उनकी अकाल मृत्यु का कारण बन जाएं। अगर यदाकदा वे बच भी जाते हैं तो कहीं भारी भूस्खलन, आसमानी बिजली गिरने अथवा बादल फटने से उनके बसे-बसाए घरौंदे जमींदोज न हो जाएं। यह एक ज्वलंत प्रश्न उनके जहन में आए दिन कौंधता रहता है।

तुलसी राम डोगरा
(स्वतंत्र लेखक), पालमपुर।
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज आलम यह हो गया है कि लोगों का घर से बाहर निकलते समय हर पल उनका दिल और दिमाग दहशत से भरा रहता है कि कब प्रकृति की भयानक त्रासदी उन्हें निगल ले। इसका जीता-जागता उदाहरण गत शनिवार यानी 24 जुलाई को लाहुल-स्पीति जिले में उदयपुर-किलाड़ मार्ग पर कदू नाला के पास देखने को मिला, जहां घर लौट रहे लोगों की टैक्सी यानी टाटा सूमो पर अचानक चट्टान रूपी कहर टूट पड़ा। इस हादसे में सवार 14 लोगों में से 13 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक व्यक्ति भाग्यशाली रहा, जो ईश्वर की असीम कृपा से मौत का ग्रास बनने से बच गया।

हादसे में मारे गए सभी लोग लाहुल-स्पीति जिले के उदयपुर उपमंडल और चंबा जिले के पांगी क्षेत्र के रहने वाले थे, जो कुल्लू-मनाली से वापस अपने घर लौट रहे थे। दिल को झकझोर देने वाली इस दर्दनाक घटना में मरने वालों में एक ही परिवार के छह सदस्य शामिल थे। पहाड़ी से अचानक उनकी गाड़ी पर भारी-भरकम चट्टान गिरने से मौत के तांडव ने सदा के लिए उन्हें सुला दिया और उनके हंसते-खेलते परिवारों की खुशियों को पलभर में मातम में बदल दिया।

यह दिल दहला देने वाला दर्दनाक हादसा पांगी घाटी के कई परिवारों को ऐसे गहरे जख्म दे गया, जिन्हें वे ताउम्र सहलाते रहेंगे। इस हादसे में सोमवार और छैरिंग डोरजे का विवाह कुछ समय पश्चात होने वाला था। दोनों ही परिवारों में शहनाइयों के गूंजने का इंतजार बड़ी बेसब्री से किया जा रहा था। इसके लिए दोनों परिवार अपने-अपने स्तर पर तैयारियों में तन्मयता से जुटे हुए थे। लेकिन विधाता को कुछ और ही मंजूर था और काल बनी चट्टान ने विवाह की खुशियों को मातम में बदल दिया।

इस राज्य में बीते कुछ महीनों में हुए हादसों में से यह सबसे बड़ा और भयावह हादसा है। स्थानीय लोगों के अनुसार उदयपुर से पांगी तक लगभग 80 किलोमीटर लंबा सफर उनके लिए बेहद जोखिम भरा रहता है। जब लोग इस मार्ग से गुजरते हैं तो उनकी सांसें अटकी रहती हैं कि न जाने कब उनके साथ कोई अनहोनी घटना घट जाए।

स्थानीय लोगों के मुताबिक सीमा सड़क संगठन द्वारा सड़क मार्ग चौड़ा करने का कार्य चल रहा है। इसके आसपास के पहाड़ों को ब्लास्टिंग के माध्यम से बेतरतीब ढंग से काटा जा रहा है। इससे कई प्रजातियों के पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं का अस्तित्व भी खतरे में पड़ता जा रहा है।

बदलते परिवेश में हम प्रकृति और पर्यावरण के महत्व को तो समझ गए हैं, लेकिन इसे गंभीरता के साथ संरक्षित करने के प्रयासों से अभी भी कोसों दूर हैं। आधुनिक युग में अपनी सुविधाओं के लिए प्रकृति द्वारा दी गई बेशुमार संपदा को नष्ट करने पर उतारू हैं। वैसे भी हिमाचल प्रदेश देवभूमि की भौगोलिक परिस्थितियां अत्यधिक संवेदनशील हैं, जिसके परिणामस्वरूप यहां के पहाड़ों का संतुलन और स्वरूप बिगड़ता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरप्राइसेस प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

टिक्कर-जरोल-खमाडी सड़क के लिए दूसरी किस्त भी जारी

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता एवं पूर्व हिमकोफेड चेयरमैन कौल सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा ननखड़ी क्षेत्र की जीवन रेखा कही जाने वाली टिक्कर-जरोल-खमाडी सड़क के उन्नयन कार्य के लिए सीआरआईएफ के तहत 35.93 करोड़ की दूसरी किस्त जारी किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। कौल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के सहयोग से ननखड़ी क्षेत्र को यह बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने समस्त रामपुर विधानसभा क्षेत्र तथा भाजपा ननखड़ी मंडल की जनता की ओर से केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया।

◆ कौल सिंह ने 35.93 करोड़ जारी करने के लिए केंद्र सरकार का जताया आभार

कौल सिंह ने कहा कि सड़क के उन्नयन से ननखड़ी क्षेत्र की 17 पंचायतों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेषकर सेब सीजन के दौरान बागवानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी।

छात्रों पर टिप्पणी को लेकर कंगना के खिलाफ एसएफआई का प्रदर्शन

एचपीयू परिसर में फूंका पुतला, टिप्पणी वापस लेकर माफी मांगने की मांग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने गुरुवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों को लेकर सांसद कंगना रनौत की कथित टिप्पणी के विरोध में विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने नारेबाजी कर टिप्पणी की कड़ी निंदा की और इसे छात्र समुदाय का अपमान बताया।

एसएफआई के कैंपस सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को उठाने वाले छात्रों के खिलाफ इस प्रकार की भाषा अस्वीकार्य है और जनप्रतिनिधियों को छात्रों के मुद्दों को सुनने तथा उनका समाधान करने की दिशा में काम करना चाहिए। एसएफआई ने कहा कि देशभर के छात्र शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में उनकी आवाज दबाने या उन्हें बदनाम करने का कोई भी प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। संगठन ने सांसद कंगना रनौत से अपनी टिप्पणी वापस लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

इकाई अध्यक्ष आशीष चौहान और सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि यदि छात्रों के सम्मान पर इस तरह के हमले जारी रहे तो एसएफआई लोकतांत्रिक तरीके से अपना आंदोलन और तेज करेगी।

सांसद कंगना रनौत की छात्रों पर की टिप्पणी के विरोध में एचपीयू परिसर में प्रदर्शन करते और पुतला दहन करते एसएफआई कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

फीस वृद्धि के विरोध में एबीवीपी ने खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामपुर इकाई ने प्रदेश कार्यकारिणी में पारित प्रस्तावों के साथ-साथ छात्र हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। परिषद ने वर्ष 2013 के बाद से बंद छात्र संघ चुनावों को शीघ्र बहाल करने तथा विद्यार्थियों की फीस में हुई वृद्धि को वापस लेने की मांग उठाई है।

एबीवीपी ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की विभिन्न फीसों में करीब 28 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। परिषद का कहना है कि फीस वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। एबीवीपी रामपुर विभाग संयोजक रवि

◆ रामपुर कॉलेज के ओल्ड ब्लॉक पर सांकेतिक ताला लगाकर जताया विरोध

वर्मा ने रामपुर महाविद्यालय से जुड़ी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया।

इन मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामपुर इकाई ने बुधवार को महाविद्यालय के ओल्ड ब्लॉक परिसर पर सांकेतिक रूप से ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थीपरिषद ने प्रदेश सरकार और प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि ओल्ड ब्लॉक की मरम्मत, फुटपाथ निर्माण, छात्र संघ चुनावों की बहाली तथा फीस वृद्धि वापस लेने सहित अन्य मांगों पर शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो विद्यार्थी परिषद व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी।

बढ़ते जलस्तर से पुलों की सुरक्षा के लिए जल्द शुरू होगा अभियान

हिमाचल के पुराने पुल आधुनिक मानकों के अनुरूप होंगे ऊंचे : विक्रमादित्य सिंह

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार बढ़ रही अतिवृष्टि, अचानक आने वाली बाढ़ और नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रदेश सरकार ने पुराने पुलों को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। लोक निर्माण विभाग ने राज्य की प्रमुख नदियों पर बने पुराने पुलों का चरणबद्ध तकनीकी सर्वेक्षण कर उन्हें आधुनिक इंजीनियरिंग मानकों के अनुरूप ऊंचा और अधिक मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत शिमला जिले के सुन्नी क्षेत्र में सतलुज नदी पर बने पुल से की जा रही है, जहां लगभग 20 मीटर तक पुल को ऊंचा करने का कार्य शुरू हो गया है। इस परियोजना पर करीब 10 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मानसून के दौरान प्रदेश की नदियों में जलस्तर रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा है। तेज बहाव के साथ आने वाला मलबा, चट्टानें और बड़े पत्थर पुलों के पिलरों पर भारी दबाव डालते हैं, जिससे कई पुलों को नुकसान पहुंचा था और कुछ स्थानों पर यातायात भी बाधित हुआ। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के इस नए दौर को देखते हुए अब केवल नए पुल ही नहीं, बल्कि पुराने पुलों को भी भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार किया जाएगा, ताकि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जनजीवन और यातायात प्रभावित न हो।

उन्होंने बताया कि सुन्नी पुल के ढांचे में आधुनिक तकनीक के अनुरूप आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे बाढ़ के समय नदी का बहाव बिना किसी रुकावट के गुजर सके। पुल की ऊंचाई बढ़ने से जलस्तर बढ़ने की स्थिति में भी पुल के ऊपर पानी आने की संभावना काफी कम हो जाएगी। इससे आपदा के दौरान संपर्क मार्ग सुरक्षित रहेंगे और राहत एवं बचाव कार्यों में भी तेजी आएगी।

नदियों पर बने पुलों का तकनीकी आकलन शुरू

लोक निर्माण विभाग ने सतलुज के अलावा ब्यास, रावी और अन्य प्रमुख नदियों पर बने पुराने पुलों का भी तकनीकी आकलन शुरू कर दिया है। जिन पुलों पर भविष्य में बाढ़ का अधिक खतरा पाया जाएगा, उन्हें चरणबद्ध तरीके से ऊंचा किया जाएगा या आवश्यकता पड़ने पर नए मानकों के अनुरूप उनका पुनर्निर्माण किया जाएगा।

अधिकारियों ने जानी आलू उत्पादन की नई तकनीकें

अनंत ज्ञान

शिमला। उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 27 मृदा एवं जल संरक्षण अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उन्नत आलू अनुसंधान, टिकाऊ उत्पादन तकनीकों तथा कृषि प्रसार गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला का भ्रमण किया। यह दल भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून द्वारा आयोजित 131वें अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन भ्रमण पर आया था। दल का नेतृत्व संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रामा पाल ने किया।

प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए सामाजिक विज्ञान प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार ने केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के इतिहास, उद्देश्य एवं देश में आलू अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में इसकी अग्रणी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान द्वारा किसानों के लिए संचालित क्षमता विकास कार्यक्रमों, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, डिजिटल परामर्श सेवाओं तथा विभिन्न राज्य विभागों एवं अन्य हितधारकों के सहयोग से विकसित कृषि प्रसार कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना संस्थान की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

◆ आलू अनुसंधान संस्थान शिमला का किया भ्रमण

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह ने संस्थान की संगठनात्मक संरचना, प्रमुख अनुसंधान उपलब्धियों तथा भविष्य की अनुसंधान प्राथमिकताओं का विस्तृत परिचय दिया। उन्होंने बताया कि संस्थान ने अधिक उपज देने वाली, रोग प्रतिरोधी एवं जलवायु-अनुकूल आलू किस्मों के विकास, गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन तकनीकों, फसल संरक्षण, कृषि यंत्रीकरण, कटाई उपरांत प्रबंधन तथा टिकाऊ आलू उत्पादन प्रणालियों के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि संस्थान के अनुसंधान प्रयासों से आलू की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में वृद्धि हुई है, स्वस्थ बीज आलू की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है तथा किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को भी मजबूती मिली है।

राज्य चुनाव आयुक्त ने राज्यपाल को सौंपी स्थानीय निकाय निर्वाचन की विस्तृत रिपोर्ट

चुनावों में 54.55 लाख मतदाताओं ने निभाई लोकतांत्रिक जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता को वर्ष 2026 में संपन्न पंचायती राज संस्थाओं व शहरी स्थानीय निकायों के आम चुनावों की विस्तृत रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची ने लोक भवन में भेंट की। राज्यपाल ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के साथ-साथ नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों तथा आम नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज साबित होगी। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि मजबूत, जवाबदेह और संवेदनशील स्थानीय संस्थाएं लोकतंत्र की वास्तविक ताकत हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों का सफल आयोजन प्रदेश की जनता, राजनीतिक दलों और निर्वाचन तंत्र की लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने सभी नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे जनसेवा,

◆ निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने पर राज्य निर्वाचन आयोग को मिली सराहना

पारदर्शिता और समावेशी विकास की भावना से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

रिपोर्ट में चुनाव प्रक्रिया की तैयारियों, परिसीमन, मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण, राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय, कानूनी चुनौतियों और उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय में हुई कार्यवाही का विस्तृत उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2026 में प्रदेश में ग्राम पंचायतों की संख्या बढ़कर 3,758, पंचायत समितियां 92, नगर पंचायतें 39 तथा नगर निगम आठ हो गए हैं। प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 54.55 लाख दर्ज की गई। पंचायती राज चुनावों में लगभग 80 प्रतिशत तथा शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में 70.14 प्रतिशत मतदान दर्ज होना लोकतंत्र के प्रति जनता के मजबूत विश्वास और सक्रिय भागीदारी का प्रमाण माना गया।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, हसनू (58) पत्नी हुक्म चन्द निवासी गांव और डाकघर सलवाना तहसील सुंदरनगर जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मैंने सभी सही दस्तावेजों के आधार पर अपना नाम आसनु देवी से बदलकर हसनू रख लिया है।

अदालती नोटिस
व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।
मुकदमा न. -27/NT/26
तारीख पेशीः- 05.08.2026
व्यासां देवी पुत्री नागद राम गांव बडं विहार डा. दियोग्राम, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
आम जनता
प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण
व्यासां देवी पुत्री नागद राम गांव बडं विहार डा. दियोग्राम पालमपुर तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनका जन्म दिनांक 12.05.1950 को गांव बडं विहार डा. दियोग्राम में हुआ है, लेकिन सम्वन्धित ग्राम पंचायत बडं विहार/नगर निगम पालमपुर में जन्म पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।
अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्दमा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 05.08.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।
आज दिनांक 30.07.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।

अदालती नोटिस
व अदालत नायव तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगडा हि0प्र0।
मुकदमा न.-26/NT/26
तारीख पेशीः- 26.08.2026
वनिता देवी पुत्री विधू राम निवासी गांव घुग्गर, डा. व नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
आम जनता
प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण
वनिता देवी पुत्री विधू राम निवासी गांव घुग्गर, डा. व नगर निगम पालमपुर तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनका जन्म दिनांक 05.05.1976 को गांव घुग्गर व डा. व नगर निगम पालमपुर में हुआ है, लेकिन सम्वन्धित ग्राम पंचायत द्रोगणू/नगर निगम पालमपुर में जन्म पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।
अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्दमा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 26.08.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा । आज दिनांक 30.07.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।

व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, तहसील रे जिला कांगड़ा हि.प्र.
रूप लाल पुत्र संत राम, वीपीओ एंड सेंट रे, तहसील रे (एसटी), जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176058 .....*प्रार्थी*
बनाम
सार्वजनिक, वीपीओ व एसटी रे, तहसील रे (एसटी), जिला कांगड़ा, हि.प्र. ...*प्रतिवादी*
विषयः प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के तहत ग्राम पंचायत रे में मृत्यु दिनांक दर्ज करने बारे।
प्रार्थी रुप लाल पुत्र सन्त राम' निवासी महाल रे उपतहसील रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ने अदालत हजा में एक प्रार्थना पत्र वावत अपने पिता की मृत्यु दिनांक को पंचायत रे के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज करने बारे गुजारा है। प्रार्थी ने निवेदन किया है कि उसके पिता की मृत्यु दिनांक 04.12.1993 को महाल रे उप तहसील रे' में हुई है। परन्तु ग्राम पंचायत रे के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज नहीं हुई है, जिसे दर्ज करने की अनुमति दी जावे। इस आशय की पुष्टि में प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला द्वारा जारी अनुमति प्रमाण पत्र (NOC), अपनी व्यान हल्फी सलंग्न की है।
अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को प्रार्थी उक्त के पिता की मृत्यु दिनांक को ग्राम पंचायत रे के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज करने बारे कोई आपति या एतराज हो तो वो दिनांक 29.08.2026 को 10.00 बजे या उससे पूर्व किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में मृत्यु पंजीकरण को पंचायत रे में दर्ज करने के आदेश पारित कर दिए जाएंगे। उसके उपरान्त कोई भी उजर व एलराज कावले समायतन होगा।
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी रे, जिला कागंडा (हि.प्र.)।

व अदालत जनाव श्री कश्मीर सिंह सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील ज्वालामुखी,जिला, कांगड़ा हि.प्र
मिसल न0 709512/25
किस्म मुकदमा-नाम दरूस्ती
तारीख दायर-22/09/2026
तारीख पेशी-28-08-2026
(1) श्रीमती सिमरो देवी पत्नी अनिल कुमार निवासी नगरोटा डाक घर सिहोरपाई तहसील ज्वालामुखी जिला कांगड़ा हि.प्र. ...*वादी*
आम जनता वनाम
...*प्रतिवादी*
नाम दरूस्ती प्रार्थना पत्र श्रीमती सिमरो देवी पत्नी अनिल कुमार निवासी नगरोटा डाक घर सिहोरपाई तहसील ज्वालामुखी जिला कांगड़ा हि.प्र.
'इशतहार अखवार 'मुस्त्री मुनादी' व चस्पांनगी '
प्रार्थना पत्र नाम दरूस्ती प्रा श्रीमती सिमरो देवी पत्नी अनिल कुमार निवासी नगरोटा डाक घर सिहोरपाई तहसील ज्वालामुखी जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र दायर किया है कि उसके पिता का नाम राजस्व अभिलेख महाल नगरोटा पटवार वृत्त सिहोरपाई में सुमना देवी दर्ज है जबकि उसका सही नाम 'सिमरो देवी' है, लिहाजा इसे दरूस्त करके 'सुमना देवी उर्फ सिमरो देवी किया जाए, प्रार्थीया के स्कूल प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल, आधार कार्ड, नकल जमाबन्दी 2020-21 महाल नगरोटा अन्य कागजात मिसल साथ संलग्न हैं। अतः इस नोटिस 'इशतहार अखवार 'मुस्त्री मुनादी' व चस्पांनगी' के माध्यम से आम जनता तथा सम्वन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त नाम दरूस्ती बारे कोई उजर व ऐतराज हो तो दिनाँक तारीख पेशी 22-08-2026 को दोपहर 02:00 बजे इस न्यायालय में असालतन या वकालतन अपना ऐतराज अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त नाम दरूस्त करने के आदेश दे दिए जाऐगे। उसके उपरान्त कोई एतराज न सुना जाएगा। आज दिनाँक 22/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से द्वारा जारी हुआ 7
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी ज्वालामुखी तहसील ज्वालामुखी हि.प्र.

कार्यालय ग्राम पंचायत खलारडू विकास खण्ड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी (हि0प्र0)
निविदा आमंत्रण सूचना
ग्राम पंचायत खलारडू में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए समस्त मदों के अंतर्गत विकास योजनायों हेतु सामग्री सप्लाई की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विवरण इस प्रकार से है-: **सामग्री का विवरण** रेता क्रशर प्रति क्यूबिक मीटर, रेता खडड प्रति क्यूबिक मीटर, बजरी क्रसर 10mm,20mm,40mm, प्रति क्यूबिक मीटर, बोल्डर प्रति क्यूबिक मीटर, ईट पकी 2nd class प्रति इंट, शटरिंग स्टील व लकड़ी प्रति स्क्वेयर मीटर, jcb मशीन कटाई प्रति घंटा, jcb मशीन कटाई हार्ड रॉक (ब्रेकर) प्रति घंटा, सीमेंट दुलबाई सिविल सप्लाई धर्मपुर से कार्यस्थल तक प्रति बैग, बोर्ड लिखवाई व फोटो in sqr. (2 ×3ft) प्रति बोर्ड, बोर्ड सीमेंट in sqr.(2 ×3 ft) प्रति बोर्ड। निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत खलारडू में दिनांक 7 अगस्त 2026 को शाम 5 बजे तक जमा हो जानी चाहिए। निविदाएं ग्राम पंचायत की मासिक बैठक में कार्यकारणी के समक्ष 10 अगस्त 2026 को खोली जायगी। निविदादाता के द्वारा ही निविदा मान्य होगी। **नियम व शर्तें-** 1 सप्लायर के पास GST No या Tin No होना चाहिए फोटो कापी संलगन करे। 2 यदि सप्लाई समय पर सप्लायर द्वारा नहीं दी जाती है तो कुटेशन को रद करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा । 3 ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा, सामग्री जहा तक सडक सुबिधा होगी वहां तक पहचानी होगी। 4 जिन निविदादाताओं की निविदा पास होगी उन्हें 20000/- रूपए की FDR ग्राम पंचायत के खाते मे पलज करा के पंचायत में जमा करवानी होगी। 5. निविदादाता पंचायत के किसी भी पदाधिकारी व कर्मचारी का सगा समन्धी नहीं होना चाहिये। 6. निविदादाता प्राधिकृत अधिकारी खनन विभाग द्वारा जारी एम फार्म व टेक्स सहित अपनी सामग्री की दर से रेट देगा। 7. जिस दिन निविदाए खोली जायगी उस दिन निविदादाता पंचायत में उपस्थित होना चाहिये जो निविदादाता उस दिन उपस्थित नहीं होगा उस की निविदा खोली नहीं जायगी उसे रद कर दिया जाएगा। 8. यदि सप्लाई समय पर सप्लायर द्वारा नहीं दी जाती है तो सप्लायर को आगे 5 वर्ष के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया जायेगा। 9. निविदायें आइटम वाइज ही ली जाएगी।
प्रधान/सचिव, कार्यालय ग्राम पंचायत खलारडू विकास खण्ड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी (हि0प्र0)

कार्यालय ग्राम पंचायत दांदडू
विकास खंड बिझड़ी, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)
निविदा सूचना
आज की इस बैठक में अध्यक्ष महोदया ने उपस्थित सदस्यों सम्मुख प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत के विकास कार्य हेतु वितीय वर्ष जुलाई 2026 से 31/03/2027 तक के लिए क्रैशर बजरी, क्रैशर रेता धुला रेता, बोल्डर (क्यूबिक मीटर)सीमेंट बैंच टाईल पेवर 40 एमएम 60 एमएम 80 एमएम, सरिया सरिया 8 एमएम 10 एमएम 12 एमएम 16 एमएम सैटरिंग लकडी व सैटरिंग लोहा पलेट व ईट न0 1 व ईट न0 2 प्रति पीस, सी0एस0सी0 बडसर सीमेंट ढुलाई किराया टाले सहित, जे0सी0वी0 प्रति घण्टा पाईप आदि निर्माण सामग्री कय करने हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है इच्छुक फर्म का जी0एस0टी0 नम्वर होना अनिवार्य है। इसके इलावा ग्राम सभा बैठक व ग्राम पंचायतों बैठक में चाय प्रति कप समोसा प्रति पीस, वेसन प्रति पीस बर्फी प्रति पीस पकौड़े प्रति किलो, चना प्लेट आदि के लिए भी निविदा सूचना वितीय वर्ष 2026-27 तक के लिए आमंत्रित की जाती है।
निविदाएं मोहर बन्द लिफाफे में दिनांक 04/08/2026 समय 5:00 PM बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा पंचायत कार्यालय दांदडू में पँहुच जानी चहिये। सभी निविदाएं दिनांक 05/08/2026 को 11:00 बजे के बाद पंचायत बैठक के दौरान खोली जायेंगी। फर्म द्वारा समय पर सामग्री न पहुँचाने पर निविदा रद करने का पूरा अधिकार पंचायत का होगा।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत दांदडू
विकास खंड बिझड़ी, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत जम्बल
विकास खंड प्रागपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
निविदा सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिये ग्राम पंचायत जम्बल के विभिन्न मदों के विकास कार्यों हेतू रेता, स्टोन डस्ट, बजरी गोल, बजरी क्रशर, बजरा, पत्थर बड़ा, पत्थर छोटा (प्रति क्युविक मीटर), शटरिंग लोहा व लकड़ी (प्रति क्युविक फुट), लोकल फेरा, मिक्चर, पानी टैंकर, ईट, कंक्रीट बैंच, सीमेंट ढुलाई जौड़वड़ से (प्रति सीमेंट बैग) आदि। इच्छुक आपुर्तिकर्ता जी.एस.टी. नम्वर हो दिनांक 07/08/2026 तक समय शाम 5 बजे तक जिसमें सामग्री की किस्म व दर साफ वर्णित हो पंचायत कार्यलय में जमा करवा सकते हैं। निविदायें दिनांक 10/08/2026 को 11 बजे पंचायत बैठक में खोली जायेंगी। किसी भी निविदा को विना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान दर रहने की स्थिती में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिये कार्य आदेश निर्गत करने, सामाग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। सामग्री कार्यस्थल तक पहुंचाना आपूर्तिकर्ता की जिम्मेवारी होगी। तकनीकी कर्मचारी के द्वारा माप उपरान्त ही बिलों की अदायगी की जायेगी। आपूर्तिकर्ता ट्रैक्टर ट्राली / टिप्पर का साईज साथ में भरकर दें। आपूर्तिकर्ता को हर बिल के साथ x/w फार्म देना होगा। x/w फार्म उपलव्ध करवाने के उपरान्त ही बिल की अदायगी की जायेगी।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत जम्बल
विकास खंड प्रागपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत कोटढल्यास
विकास खण्ड बालीचौकी जिला मंडी हि.प
निविदाएँ आमंत्रित करने बारे
यह कि आज दिनांक 09/07/2026 की बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया कि ग्राम पंचायत कोटढल्यास विकास खण्ड बालीचौकी जिला मंडी हि. प्र. वित् वर्ष 2026-27 में किये जाने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु विविध प्रकार की सामग्री की आवश्यकता है। जिसकी आपूर्ति हेतु GST धारक से सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 11-08-2026, 5:00 PM तक ग्राम पंचायत कार्यालय में पंहुच जानी चाहिए। ये निविदाएँ 13-08-20256 को ही 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व उपस्थित निविदादाता के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। ग्राम पंचायत में सड़कों रास्तों कच्चे व पक्के भवन निर्माण शौचालय निर्माण व अन्य कार्य निष्पादन और अन्य कार्यालय संबंधी विभिन्न सामग्री की खरीद हेतु टेंडर फॉर्म अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
शर्ते :-
1. निविदादाता के पास अपना PAN व GST न. होना चाहिए।
2. निविदाएँ 11/08/2026 को शाम 5:00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए।
3. आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M फार्म बिल के साथ जमा करने होंगें|
4. निर्माण सामग्री कार्यस्थल जंहा तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी।
5. निविदादाता को टेंडर फार्म 1000 रूपये का शुल्क देकर ग्राम पंचायत से 30/07/2026 से 10/08/2026 तक लेना होगा|
6. धरोहर राशि 25000/-DD/FDR पंचायत के नाम जमा करनी अनिवार्य होगी।
7. सामग्री आपूर्ति समय पर न देने व निम्न दर्ज की सामग्री देने पर धरोहर राशि वापिस नहीं होगी आपूर्ति आदेश न. 2 आपूर्तिकर्ता को दिए जाएंगे।
8. सामग्री की दरें किराए के साथ पंचायत के सभी स्थानों पर एक जैसी होगी।
9. सामग्री लेने का अंतिम निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार किया जाएगा
10. निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक द्वारा और सचिव के नाम ही ग्राम पंचायत को भेजनी अनिवार्य होगी।
11. किसी निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने की अंतिम शक्ति ग्राम पंचायत के पास रहेगी।
12. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ negotiation अनुसार/उपरांत किया जायेगा।
13. सभी बिलों पर 2% TDS & बजरी पर 5% रॉयल्टी और स्टोन खरीद पर भी रॉयल्टी काटा जाएगा (विभागीय गाइडलाइन अनुसार)
प्रधान ग्राम पंचायत कोटढल्यास — **सचिव ग्राम पंचायत कोटढल्यास**

कार्यालय ग्राम पंचायत समनोली
विकास खंड प्रागपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
निविदा सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिये ग्राम पंचायत समनोली के विभिन्न मदों के विकास कार्यों हेतू रेता, स्टोन डस्ट, बजरी गोल, बजरी क्रशर, बजरा, पत्थर बड़ा, पत्थर छोटा (प्रति क्युविक मीटर), शटरिंग लोहा व लकड़ी (प्रति क्युविक फुट), लोकल फेरा, मिक्चर, पानी टैंकर, ईट, कंक्रीट बैंच, सीमेंट ढुलाई जौड़वड़ से (प्रति सीमेंट बैग) आदि। इच्छुक आपुर्तिकर्ता जी.एस.टी. नम्वर हो दिनांक 06/08/2026 तक समय शाम 5 बजे तक जिसमें सामग्री की किस्म व दर साफ वर्णित हो पंचायत कार्यलय में जमा करवा सकते हैं। निविदायें दिनांक 07/08/2026 को 11 बजे पंचायत बैठक में खोली जायेंगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान दर रहने की स्थिती में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिये कार्य आदेश निर्गत करने, सामाग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। सामग्री कार्यस्थल तक पहुंचाना आपूर्तिकर्ता की जिम्मेवारी होगी। तकनीकी कर्मचारी के द्वारा माप उपरान्त ही बिलों की अदायगी की जायेगी। आपूर्तिकर्ता ट्रैक्टर ट्राली / टिप्पर का साईज साथ में भरकर दें। आपूर्तिकर्ता को हर बिल के साथ X / W फार्म देना होगा। X / W फार्म उपलव्ध करवाने के उपरान्त ही बिल की अदायगी की जायेगी।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत समनोली
विकास खंड प्रागपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत कोटाधार
विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)
निविदा सूचना
यह कि आज दिनांक 07/07/2026 की बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया कि ग्राम पंचायत कोटाधार विकास खण्ड बालीचौकी जिला मंडी हि. प्र. वित वर्ष 2026-27 में किये जाने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु विविध प्रकार की सामग्री की आवश्यकता है। जिसकी आपूर्ति हेतु GST धारक पंचायत की निर्माण कमेटी व उपस्थित निविदादाता के समक्ष पंचायत कार्यलय में खोली जाएगी । से सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 14/08/2026 5:00 PM तक ग्राम पंचायत कार्यलय में पंहुच जानी चाहिए ये निविदाएँ 15/08/2026 को ही 11:00 बजे के बाद ग्राम ग्राम पंचायत में सड़कों रास्तों कच्चे व पक्के भवन निर्माण शौचालय निर्माण व अन्य कार्य निष्पादन और अन्य कार्यलय संबंधी विभिन्न सामग्री की खरीद हेतु टेंडर फॉर्म अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **शर्तें-** 1. निविदादाता के पास अपना PAN व GST न. होना चाहिए । 2. निविदाएँ 14/08/2026 को शाम 5:00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए । 3. आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M फार्म बिल के साथ जमा करने होंगें। 4. निर्माण सामग्री कार्यस्थल जंहा तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी । 5. निविदादाता को टेंडर फार्म 1000 रुपये का शुल्क देकर ग्राम पंचायत से 30/07/2026 से 13/08/2026 तक लेना होगा। 6. धरोहर राशि 25000/-DD/FDR पंचायत के नाम जमा करनी अनिवार्य होगी। 7. सामग्री आपूर्ति समय पर न देने व निम्न दर्जे की सामग्री देने पर धरोहर राशी वापिस नहीं होगी आपूर्ति आदेश न. 2 आपूर्तिकर्ता को दिए जाएगे। 8. सामग्री की दरें किराए के साथ पंचायत के सभी स्थानों पर एक जैसी होगी ।9. सामग्री लेने का अंतिम निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार किया जाएगा। 10. निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक द्वारा और सचिव के नाम ही ग्राम पंचायत को भेजनी अनिवार्य होगी । 11. किसी निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने की अंतिम शक्ति ग्राम पंचायत के पास रहेगी । 12. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ negotiation अनुसार/उपरांत किया जायेगा । 13. सभी बिलों पर 2% TDS & बजरी पर 5% वॉइस और स्टोन खरीद पर भी वाइट काटा जाएगा (विभागीय गाइडलाइन अनुसार) ।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कोटाधार
विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)

कुल्लू में जेई लाभ सिंह हत्याकांड: डॉक्टर दंपती सहित चार लोग गिरफ्तार

अवैध संबंधों के शक में रची थी साजिश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो कुल्लू। जलशक्ति विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) लाभ सिंह गुलेरिया की सनसनीखेज हत्या की गुत्थी को कुल्लू पुलिस ने सुलझा लिया है। पानी की पाइपलाइन जांच के बहाने बुलाकर जेई की बेरहमी से पिटाई की गई थी, जिससे गंभीर रूप से घायल जेई ने एम्स बिलासपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।

इस ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री में पुलिस ने लेडी डॉक्टर, उसके आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी पति, ससुर और देवर समेत कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वीरवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि ससुराल पक्ष के लोगों को लेडी डॉक्टर और जेई लाभ सिंह के बीच कथित अवैध संबंधों का शक था। इसके चलते जेई को रास्ते से हटाने की साजिश रची गई। अपने परिवार को बचाने के कथित दबाव में लेडी डॉक्टर भी इस षड्यंत्र में शामिल हो गई। वारदात के बाद मामले को छिपाने के लिए लेडी डॉक्टर के देवर ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी बदल दी थी। उन्होंने बताया कि बीते 24 जुलाई की शाम करीब सवा सात बजे, लेडी डॉक्टर ने जेई लाभ सिंह को गांधीनगर स्थित अपने घर पर पानी की पाइपलाइन चेक करने के बहाने बुलाया। घर पहुंचने पर जब जेई को एक कमरे में बैठाया गया, तो वहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। ससुर ने लाभ सिंह से सवाल किया कि वह बार-बार उनके घर क्यों आते हैं और अवैध संबंधों का जिक्र करते हुए मारपीट शुरू कर दी। अन्य आरोपियों ने मिलकर लाभ सिंह की बेरहमी से पिटाई की और उन्हें अधमरा कर पास ही के एक नाले में फेंक दिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां से बाद में उन्हें एम्स बिलासपुर रेफर किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले की शुरुआत मृतक लाभ सिंह की मोबाइल फोन कॉल डिटेल्स को खंगालने से हुई। पुलिस की गहन छानबीन के दौरान लेडी डॉक्टर के घर काम करने वाली सहायिका की गवाही ने इस साजिश की परतें उधेड़ दीं। सहायिका ने न सिर्फ पुलिस के सामने अहम खुलासे किए, बल्कि न्यायाधीश के समक्ष अपने बयान भी कलमबंद करवाए। इसके अलावा वैज्ञानिक जांच, फोरेंसिक रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एसआईटी ने आरोपियों तक पहुंचने का रास्ता साफ किया। कुल्लू के एसपी मदन लाल कौशल ने चारों आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच एसपी संजीव चौहान के नेतृत्व में गठित सात सदस्यीय विशेष जांच दल द्वारा की गई। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों की पहचान डॉ. शांभवी ठाकुर (लेडी डॉक्टर) डॉ. करण ठाकुर (पति, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, लाहौल-स्पीति), विजय कुमार (ससुर), दिनेश ठाकुर (देवर) के रूप में हुई है।

प्रेसवार्ता करते एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल। साथ में एसपी संजीव चौहान। अनंत ज्ञान

साक्ष्य जुटाने में जुटी फॉरेंसिक टीम

एसपी मदनलाल कौशल ने बताया कि इस मामले में मंडी से आरएफएसएल की विशेष टीम को कुल्लू बुलाया गया है। यह टीम बदाह स्थित घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटा रही है ताकि आरोपियों के खिलाफ अदालत में पुख्ता सबूत पेश किए जा सकें। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और यदि आगे कोई नया तथ्य सामने आता है, तो नियमों के तहत आगामी सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

हरिपुर कॉलेज में मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों से रू-ब-रू हुए छात्र

अनंत ज्ञान, मनाली। जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली के विधिक प्रकोष्ठ द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल जज एवं अध्यक्ष-विधिक सेवा समिति मनाली राहुल ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा नि:शुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भी समान न्याय का अधिकार है और जरूरतमंद व्यक्ति नि:शुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। शिविर का विषय 'मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य : वर्तमान परिदृश्य' रहा। विद्यार्थियों ने भी इस विषय पर अपने विचार रखे। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों की कानूनी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्राचार्या डॉ. शेफाली ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।

लाहौल-स्पीति के लोट गांव के डॉ. युद्धवीर सिंह बने एचपीयू शिक्षा विभाग के एचओडी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के लोट गांव निवासी डॉ. युद्धवीर सिंह को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग का विभागाध्यक्ष (एचओडी) नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे लाहौल-स्पीति सहित प्रदेश में खुशी का माहौल है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव, शोध कार्यों और उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. युद्धवीर सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लाहौल क्षेत्र से प्राप्त करने के बाद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से एम.एड. और पीएच.डी. की उपाधि हासिल की। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने अध्यापन, शोध और शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

उन्होंने करीब 15 वर्षों तक रामेश्वरी टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में अध्यापक, मेंटर और प्रिंसिपल के रूप में सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद उन्होंने शिक्षा विभाग और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्य करते हुए शोध एवं अकादमिक गतिविधियों को आगे बढ़ाया। डॉ. युद्धवीर सिंह की नियुक्ति को लाहौल-स्पीति क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय लोगों, शिक्षाविदों और उनके शुभचिंतकों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में शिक्षा विभाग नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि दुर्गम जनजातीय क्षेत्र से निकलकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस मुकाम तक पहुंचना युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। उनकी उपलब्धि ने लाहौल-स्पीति का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है।

जनजातीय उत्सव 2026 में वॉलीबॉल से लेकर मैराथन तक होंगी प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। जनजातीय उत्सव 2026 के सफल आयोजन को लेकर खेलकूद प्रतियोगिताओं की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उत्सव में आयोजित होने वाली विभिन्न खेल गतिविधियों को लेकर वीरवार को खेलकूद उपसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपसमिति अध्यक्ष एवं पीओ आईटीडीपी केलांग अश्वनी कुमार ने की। इस अवसर पर पुलिस उप अधीक्षक रश्मि शर्मा सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में अश्वनी कुमार ने बताया कि जनजातीय उत्सव 2026 के अवसर पर युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और खेल प्रेमियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और खेल भावना को भी बढ़ावा मिलेगा। उत्सव का मुख्य आकर्षण वॉलीबॉल प्रतियोगिता होगी। इसे दो श्रेणियों में आयोजित किया जाएगा। पहली श्रेणी में केवल जिला स्तर की टीमें भाग ले सकेंगी, जबकि दूसरी श्रेणी सभी क्षेत्रों से आने वाली टीमों के लिए खुली रहेगी। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निर्धारित शुल्क जमा करवाना अनिवार्य होगा। विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त स्टिंगरी मैदान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी इच्छुक टीमें भाग ले सकेंगी। उत्सव के दौरान बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्लो साइकिलिंग और अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी होंगी। जूनियर, महिला और सीनियर सिटीजन वर्ग के लिए मैराथन दौड़ भी आयोजित की जाएगी। स्थानीय संस्कृति और ग्रामीण परंपराओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से रस्साकशी और म्यूजिकल चेयर जैसे पारंपरिक खेलों को भी प्रतियोगिताओं में शामिल किया गया है। अश्वनी कुमार ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी 5 अगस्त से पूर्व जारी कर दी जाएगी। उन्होंने जिला एवं जिला से बाहर के सभी इच्छुक खिलाड़ियों और टीमों से अपील की है कि वे पंजीकरण और अन्य जानकारी के लिए पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय केलांग में संपर्क करें।

निरमंड खंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

अनंत ज्ञान

आनी। बाल विकास परियोजना अधिकारी निथर बिपाशा भाटिया द्वारा परियोजना क्षेत्र के तहत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक और आंगनबाड़ी ससहायिका के कुल सात रिक्त पदों को भरने के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

बाल विकास परियोजना अधिकारी निथर बिपाशा भाटिया के अनुसार कोट पंचायत के बागीपुल वृत के डुघा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक पद रिक्त है। इसके अलावा जाओं, अरसू, बड़ीधार, डमहेड़ी, ब्रो, बखुन्न तथा मोईन आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के सात पद भरे जाएंगे। बिपाशा भाटिया ने कहा कि इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थी अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित 20 अगस्त 2026 को शाम 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, निरमंड में जमा करवा सकते हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार 9 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे उपमंडलाधिकारी (ना.) कार्यालय, निरमंड में आयोजित किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय सभी मूल प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

बाल विकास परियोजना अधिकारी निथर बिपाशा भाटिया के अनुसार संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र की स्थायी निवासी, 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की तथा न्यूनतम 10+2 शैक्षणिक योग्यता रखने वाली महिलाएं आवेदन करने की पात्र होंगी। परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयन 25 अंकों की मेरिट के आधार पर किया जाएगा, जिसमें शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, विशेष श्रेणियों तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार के अंक शामिल होंगे। विभाग ने सभी पात्र महिलाओं से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

नग्गर में दिवंगत संतोष की याद में 40 लोगों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान

शिविर के दौरान रक्तदान करते हुए रक्तदाता। अनंत ज्ञान

मनाली। मनाली के नग्गर स्थित राधा एनजीओ में अपनों को खोने के दर्द को समाज सेवा और परोपकार में बदलने की प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। एनजीओ की संचालिका सुदर्शना ठाकुर के दिवंगत बेटे संतोष कुमार की पावन स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संतोष कुमार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मानवता और समाज कल्याण के लिए सेवा कार्यों का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजीत ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 40 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। उपस्थित लोगों ने कहा कि संतोष कुमार भले ही आज उनके बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृति में किया गया यह रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में सहायक बनेगा। रक्तदान के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एनजीओ परिसर में पौधरोपण भी किया गया। अतिथियों, एनजीओ सदस्यों और रक्तदाताओं ने पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि डॉ. रंजीत ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा भावना, परोपकार, इंसानियत और पर्यावरण संरक्षण के संस्कारों को मजबूत करते हैं। इस मानवीय पहल में राधा एनजीओ की संरक्षक राधा मां और संचालिका सुदर्शना ठाकुर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में बरागढ़ रिजॉर्ट एंड स्पा के निदेशक एवं समाजसेवी नकुल खुल्लर, रोटरी क्लब की पूर्व अध्यक्ष अमिता शमशेर ठाकुर और रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय संस्था री इमेजिन जिंदगी के अध्यक्ष क्रिस ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर के सफल संचालन में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नग्गर अस्पताल से डॉ. ज्योति और निर्मला ठाकुर, जोनल अस्पताल कुल्लू से टेक्नीशियन तारा चंद व राकेश तथा रायसन अस्पताल से रंजीता नेगी ने अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में समाजसेवी नकुल खुल्लर ने सभी रक्तदाताओं, स्वास्थ्य कर्मियों और आयोजन से जुड़े लोगों का आभार व्यक्त किया।

खोखन में 32 युवाओं ने सीखे जीवन प्रबंधन के गुर

खोखन में युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कुल्लू द्वारा भुंतर के समीप खोखन में आयोजित तीन दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। शिविर में प्रदेशभर से करीब 32 युवाओं ने भाग लिया।

वरिष्ठ प्रशिक्षक बलदेव ठाकुर ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान युवाओं ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटराईं के एनएसएस शिविर में जाकर योग का अभ्यास करवाया। इसके अलावा भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें एनएसएस के 42 युवा और प्रशिक्षण शिविर के 40 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रधानाचार्य नेगी ने अनुशासित और ऊर्जावान आयोजन के लिए आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवकों की सराहना की। बलदेव ठाकुर ने बताया कि अगला युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 5 अगस्त से आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें नशे से दूर रखना है। शिविर में युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि योग, ध्यान और सुदर्शन क्रिया से तनाव, गुस्से और मानसिक उलझनों में सकारात्मक बदलाव आया है। एलपीयू से आई मिशेल ने इस कोर्स को हर युवा के लिए उपयोगी बताया। समापन अवसर पर ध्यान, सत्संग और भजन के साथ गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया।

प्रस्तावित आईसीएमआर सेंटर को स्पीति किया जाए स्थापित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। भाजपा स्पीति मंडल की मासिक बैठक बुधवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डिमडुल गटुक ने की। बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ स्पीति क्षेत्र से जुड़े विभिन्न स्थानीय एवं जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके समाधान के लिए आगे की रणनीति तैयार की गई। बैठक के उपरांत भाजपा स्पीति मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने उपमण्डलाधिकारी स्पीति के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा तथा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। ज्ञापनों में मुख्य रूप से स्पीति क्षेत्र की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए प्रस्तावित आईसीएमआर सेंटर को केलांग के स्थान पर स्पीति में स्थापित करने की मांग की। स्पीति के स्थानीय लोगों को एलपीजी रिफिलिंग प्रक्रिया में विशेष रियायत प्रदान करने की मांग ताकि दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्र के लोगों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े अध्यक्ष ने रॉन्गठोंग सोलर प्रोजेक्ट को शीघ्र पूर्ण रूप से संचालित एवं कार्यशील बनाने की मांग, जिससे स्थानीय लोगों को इसका लाभ समय पर मिल सके। भाजपा स्पीति मंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार एवं संबंधित मंत्रालय इन जनहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक एवं शीघ्र निर्णय लेकर स्पीति के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों का समाधान करेंगे।

नग्गर के बाबा पेहारी मंदिर में उमड़ी आस्था, लगाया खीर का भंडारा

अनंत ज्ञान

नग्गर। देवभूमि हिमाचल में पवित्र श्रावण मास के अवसर पर नग्गर की झिड़ी स्थित प्राचीन बाबा पेहारी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ खीर प्रसाद का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में गांववासियों के अलावा दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा पेहारी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया और सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर पूरे दिन भक्तिमय माहौल से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद सभी भक्तों को प्रेम और समान भाव से खीर प्रसाद वितरित किया गया।

मंदिर के कारदार दुर्गा देवी महंत ने बताया कि यह आयोजन गांववासियों के सहयोग और श्रद्धा से संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि बाबा पेहारी की कृपा से प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में इस धार्मिक परंपरा का आयोजन किया जाता है और भविष्य में भी इसे निरंतर जारी रखा जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बाबा पेहारी का कुल्लू की देव संस्कृति में विशेष स्थान है। उन्हें कुल्लू दशहरा की परंपरा का सूत्रधार माना जाता है। लोककथाओं के अनुसार, बाबा पेहारी ने राजा जगत सिंह को भगवान श्रीराम की शरण में जाने का मार्ग दिखाया था। इसके बाद अयोध्या से भगवान श्री रघुनाथ की प्रतिमा कुल्लू लाई गई और कुल्लू दशहरा की ऐतिहासिक परंपरा का शुभारंभ हुआ। श्रावण मास का यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ देव संस्कृति, सामाजिक एकता और परंपराओं के संरक्षण का प्रतीक भी बना।

वन मित्रों का लंबित मानदेय तुरंत जारी करे सरकार : रवि ठाकुर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो केलांग। लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में कार्यरत वन मित्रों का कई महीनों से लंबित मानदेय जल्द जारी करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण वन मित्र आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं, जो चिंताजनक है।

रवि ठाकुर ने बताया कि स्पीति मंडल में 21 और लाहौल मंडल में 26 वन मित्र अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा पांगी, भरमौर और किन्नौर जैसे जनजातीय क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में वन मित्र वन संरक्षण और विभागीय कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मार्च माह के बाद से अब तक इन कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में वन मित्र पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं, लेकिन समय पर भुगतान न होने से उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार के लिए महत्वपूर्ण सेवाएं देने वाले कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। पूर्व विधायक ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि सभी वन मित्रों का लंबित मानदेय तत्काल जारी किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे को जनहित में मजबूती से उठाएगी और जनजातीय क्षेत्रों के कर्मचारियों के हितों की लड़ाई लड़ेगी।

बैठक डीसी ने जिले के सभी गांवों तक 4जी कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

दूरसंचार सेवाओं को करें सुदृढ़ : किरण भड़ाना

- 239 सक्रिय 4जी और 29 5जी टावर, नेटवर्क सुधार के दिए निर्देश
- नई मोबाइल टावर परियोजनाओं में तेजी लाने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान



अधिकारियों से चर्चा करती डीसी किरण भड़ाना। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। लाहौल एवं स्पीति जिले के सीमांत और दुर्गम क्षेत्रों में निर्बाध मोबाइल व इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उपायुक्त किरण भड़ाना की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में जिले में चल रही दूरसंचार परियोजनाओं, 4जी नेटवर्क विस्तार, मोबाइल टावर स्थापना और डिजिटल कनेक्टिविटी से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि आज के समय में दूरसंचार सेवाएं केवल संपर्क का माध्यम नहीं हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, पर्यटन और प्रशासनिक सेवाओं की पहुंच का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी हैं। उन्होंने संबंधित विभागों और दूरसंचार कंपनियों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्राथमिकता वाले सभी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण नेटवर्क सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले के कुल 521 गांवों में से वर्तमान में 391 गांव 4जी नेटवर्क से जुड़े हैं। 125 गैर-आबादी वाले गांवों को छोड़कर शेष प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में शत-प्रतिशत 4जी सुविधा उपलब्ध करवाने के कार्य में तेजी लाई जा रही है। उपायुक्त ने स्पीति के धार तुकमांड और उदयपुर क्षेत्र के आरएफ दारेड जैसे दुर्गम इलाकों में जल्द मोबाइल टावर स्थापित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि जिले में विभिन्न कंपनियों के 239 सक्रिय 4जी और 29 सक्रिय 5जी टावर कार्यरत हैं। इनमें बीएसएनएल के 71 और रिलायंस जियो के 132 4जी टावर शामिल हैं। उपायुक्त ने बीएसएनएल और एयरटेल अधिकारियों को कॉल ड्रॉप की समस्या दूर करने तथा नेटवर्क गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित एनओसी और भूमि हस्तांतरण मामलों का शीघ्र निपटारा करने को कहा, ताकि नई टावर परियोजनाओं में देरी न हो। साथ ही बीएसएनएल को खराब वीसेट को जल्द ठीक करने और पंचायत सचिवों को वीसेट का नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए गए।

बीएसएनएल अधिकारियों ने बताया कि भारत नेट योजना के तहत जिले के पंचायत घरों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ने का कार्य शुरू हो चुका है। 45 ग्राम पंचायतों के लिए 448 किलोमीटर लंबी ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई जा रही है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गुरुद्वारा साहिब में 2 को लगेगा निशुल्क मेडिकल कैंप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू के अखाड़ा बाजार स्थित गुरुद्वारा साहिब में आगामी 2 अगस्त 2026 (रविवार) को एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रात: 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चलने वाले इस शिविर में सामान्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सतीश मरीजों की जांच करेंगे। 'सही जांच - सही सलाह-सही इलाज' के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में स्थानीय लोगों को कई तरह की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इसमें मुख्य रूप से नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श, बीपी एवं शुगर की जांच, ईसीजी और जरूरतमंद मरीजों के लिए नि:शुल्क दवाइयों की व्यवस्था रहेगी। शिविर में मुख्य रूप से बुखार, खांसी, सर्दी, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायराइड, पेट की समस्याएं, जोड़ों में दर्द, कमजोरी व थकान जैसी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं पर विशेष फोकस रहेगा। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को विशेषज्ञ विभाग में रेफर भी किया जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान मोहिंदर सिंह चावला ने क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों से इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

भुंतर सब्जी मंडी में वीडियो रोकने पर एपीएमसी सख्त, आढ़ती से मांगा जवाब

- पारदर्शिता पर सवाल उठाने वाले किसी भी कृत्य से बचने की हिदायत

अनंत ज्ञान

भुंतर। भुंतर सब्जी मंडी में बोली प्रक्रिया की वीडियो कवरेज रोकने के मामले में एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित आढ़ती से स्पष्टीकरण तलब किया है।

सब्जी मंडी भुंतर के इंचार्ज हरीश ने आढ़ती को भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति न करने के सख्त निर्देश दिए हैं, जिससे मंडी की पारदर्शिता पर कोई सवाल खड़ा हो। गौरतलब है कि गत दिनों भुंतर सब्जी मंडी में शर्मा फ्रूट कंपनी, दुकान नंबर-16 के आढ़ती द्वारा मीडिया कर्मियों को बोली प्रक्रिया की वीडियो कवरेज से रोक दिया था। घटना के बाद किसानों, बागवानों और सामाजिक संगठनों ने इसे लेकर नाराजगी जताई और पारदर्शिता बनाए रखने की मांग उठाई। न्यू किसान फ्रूट कंपनी के संचालक एवं समाजसेवी डागुर राम ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि पत्रकार किसानों और बागवानों की आवाज को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

उन्होंने कहा कि भुंतर सब्जी मंडी में मीडिया का हमेशा सम्मान किया जाता है और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा नहीं बनने दी जाएगी। दी लोअर कुल्लू किसान-बागवान संगठन के अध्यक्ष करतार सिंह गुलरिया ने कहा कि किसानों की मेहनत से तैयार उपज की खरीद-फरोख्त पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। मंडी की वीडियो कवरेज और फलों-सब्जियों के भाव आम लोगों तक पहुंचाना किसानों, बागवानों और उपभोक्ताओं- सभी के हित में है, इसलिए ऐसे प्रयासों को रोकना उचित नहीं है। वहीं एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने स्पष्ट कहा कि किसी भी आढ़ती द्वारा मीडिया या किसी अन्य व्यक्ति को वीडियो बनाने से रोकना उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित आढ़ती से जवाब मांगा गया है तथा सभी आढ़तियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में ऐसा कोई भी कार्य न करें, जिससे भुंतर सब्जी मंडी की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर अंगुली उठे।

न्यूज ब्रीफ

विधायक की अध्यक्षता में पच्छाद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान, सराहां। पच्छाद उपमंडल कार्यालय सभागार में विधायक रीना कश्यप की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष बलदेव भंडारी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि संचालन एसडीएम डॉ. प्रियंका चंद्रा ने किया। सभी विभागों के विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए विधायक ने लोक निर्माण विभाग को बरसात से क्षतिग्रस्त सड़कों की जल्द मरम्मत तथा बंद पड़ी नालियों की सफाई के सख्त निर्देश दिए। जल शक्ति विभाग को पेयजल योजनाओं को शीघ्र चालू करने और अधूरी परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए गए। पंचायती राज विभाग की कुछ पंचायतों में विकास राशि खर्च न होने पर बीडीओ को रिपोर्ट लेकर कार्य तत्काल शुरू कराने को कहा गया। विधायक ने विभिन्न विभागों, विशेषकर पीडब्ल्यूडी और जल शक्ति विभाग में बड़ी संख्या में रिक्त पदों पर चिंता जताते हुए कहा कि इस मुद्दे को विधानसभा सत्र में उठाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से विकास कार्यों में तेजी लाकर लोगों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। बैठक में तहसीलदार प्रवीण कुमार, नायब तहसीलदार रहीश अहमद, बीडीसी अध्यक्ष प्रकाश भाटिया सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सराहा में कांग्रेस जोन की बैठक, गंगूराम मुसाफिर ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान, सराहां। सराहन जोन कांग्रेस की बैठक मंगलवार को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह सराहन में जोन अध्यक्ष धर्म सिंह पुंडीर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर ने केंद्र सरकार की नीतियों और पेपर लीक मामले को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है और प्रधानमंत्री व गृह मंत्री को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। मुसाफिर ने प्रभावित परिवारों को 5-5 करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग भी उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार रोजगार और आर्थिक सहायता के अपने चुनावी वादे पूरे करने में विफल रही है। वहीं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार की जनहित योजनाओं, दूध के समर्थन मूल्य में वृद्धि और हल्दी खरीद योजना की सराहना की। बैठक में बरसात से हुए नुकसान, स्थानीय समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों सहित 100 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धरोगड़ा पंचायत में आधार जागरूकता एवं सेवा शिविर का आयोजन

कार्यक्रम की अध्यक्षता करती प्रधान पुष्पा ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान, सोलन/शिमला। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत धरोगड़ा में भारतीय डाक विभाग ने आधार/डीसीपीपी जागरूकता एवं सेवा शिविर आयोजित किया। शिविर में पंचायत प्रधान पुष्पा ठाकुर, पंचायत प्रतिनिधियों, सीनियर सेकेंडरी स्कूल धरोगड़ा के विद्यार्थियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। डाक पर्यवेक्षक रोशन लाल ठाकुर और सुनील कुमार ने आधार सेवाओं, डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं, डीसीपीपी एवं अन्य सेवाओं की जानकारी दी। शिविर के दौरान बीपीएम नवीन शर्मा, एबीपीएम ओमप्रकाश शर्मा और एबीपीएम लखवीर सिंह ने 20 अनिवार्य आधार अपडेट, 15 भुगतान वाले अपडेट और 4 अन्य सेवाएं प्रदान कीं, जिससे ₹1,625 का राजस्व प्राप्त हुआ। साथ ही 10 नए डाक बचत खाते भी खोले गए। प्रधान पुष्पा ठाकुर ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीणों तक सरकारी सेवाएं सरल और सुलभ तरीके से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जाली कृषक प्रमाण-पत्र से कृषि भूमि खरीदने पर चंडीगढ़ निवासी महिला पर मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर के पुलिस थाना पच्छाद में जाली कृषक प्रमाण-पत्र के आधार पर कृषि भूमि खरीदने के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, 28 जुलाई 2026 को सराहां निवासी इंद्र दत्त ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया कि रणबीर सूद, निवासी सेक्टर-49डी चंडीगढ़ एवं वर्तमान निवासी गांव पोहघाट, ने कथित रूप से फर्जी कृषक प्रमाण-पत्र का उपयोग कर अवैध रूप से कृषि भूमि खरीदी। शिकायत में भूमि कानूनों के उल्लंघन तथा शिकायतकर्ता और स्थानीय लोगों को धमकाने के आरोप भी लगाए गए हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कांवड़ यात्रा के लिए पुलिस ने किए सुरक्षा प्रबंध, श्रद्धालुओं के लिए जारी की एडवाइजरी

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला पुलिस सिरमौर ने बताया कि कांवड़ यात्रा एवं मेला-2026 का शुभारंभ 30 जुलाई से होगा। यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सिरमौर के विभिन्न मार्गों से हरिद्वार के लिए रवाना होंगे। इसे देखते हुए सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। गोविंदघाट, बहराल बैरियर, साहिबजादा बाबा अजीत सिंह चौक (भूपपुर), नया यमुना पुल समेत संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। यात्रा अवधि में 24 घंटे गश्त, बैरियरों पर नियमित जांच और यातायात की सतत् निगरानी की जाएगी। उत्तराखंड पुलिस के साथ भी समन्वय स्थापित किया गया है। पुलिस ने लंगर एवं विश्राम शिविर संचालकों से शिविर सड़क से सुरक्षित दूरी और बाईं ओर लगाने व एनएच-07 पर मीट विक्रेताओं से दुकानों के बाहर मीट प्रदर्शित न करने का आग्रह किया है। श्रद्धालुओं से यातायात नियमों का पालन, अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष 01702-222223 पर देने की अपील की गई है।

खेल जगत में सिरमौर का परचम कॉमनवेल्थ में अंपायर बने भूपेंद्र वर्मा

खेल अधिकारी भूपेंद्र वर्मा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सोलन। जिला सिरमौर के राजगढ़ उपमंडल के कुलथ गांव निवासी एवं वर्तमान में जिला सोलन में जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी के पद पर कार्यरत भूपेंद्र वर्मा इन दिनों नई दिल्ली में आयोजित 22वीं कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस चैंपियनशिप में बतौर एम्पायर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में एम्पायरिंग की जिम्मेदारी मिलना न केवल भूपेंद्र वर्मा की खेल क्षेत्र में विशेषज्ञता और अनुभव का प्रमाण है, बल्कि यह पूरे जिला सिरमौर और हिमाचल प्रदेश के लिए भी गर्व की बात है।

भूपेंद्र वर्मा ने अपनी मेहनत, निष्पक्षता और खेल के प्रति समर्पण के बल पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

खेरी-वासनी कांग्रेस बैठक में जनसमस्याओं पर चर्चा सरकार पर बरसे मुसाफिर

अनंत ज्ञान, राजगढ़। कांग्रेस पार्टी के खेरी जोन एवं वासनी जोन की संयुक्त बैठक जोन अध्यक्ष रामलाल ठाकुर और भूपेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पच्छाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की सड़कों की खराब स्थिति, शिक्षकों के रिक्त पद, पेयजल समस्या और बरसात से हुए नुकसान पर चर्चा करते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। साथ ही लंबित विकास कार्यों को पूरा करने का आग्रह किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जीआर मुसाफिर ने दिल्ली छात्र आंदोलन, अयोध्या राम मंदिर चंदा मामले और नीट आंदोलन को लेकर सरकार की आलोचना की। उन्होंने छात्र आंदोलनों पर बल प्रयोग की निंदा करते हुए उच्चस्तरीय जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। बैठक में कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

'निजी जमीन' बनाम 'पुरानी सड़क', डुब्लू-लहारब मार्ग पर फिर छिड़ा विवाद

20 साल पुरानी सड़क का मरम्मत कार्य बीच में रुकवाया, पुलिस मौके पर पहुंची

अनंत ज्ञान

राजगढ़। विकासखंड राजगढ़ की ग्राम पंचायत टिक्कर के अंतर्गत आने वाला डुब्लू-लहारब सड़क मार्ग एक बार फिर विवादों के चलते चर्चा में आ गया। बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का कार्य पंचायत द्वारा कराया जा रहा था। इसी दौरान डुब्लू के समीप एक महिला ने जेसीबी मशीन को कार्य करने से रोक दिया, जिसके बाद मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्राम पंचायत प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर एकत्र हुए। महिला का आरोप है कि संबंधित स्थान पर कोई सड़क नहीं है और बिना उनकी अनुमति के उनकी निजी भूमि पर जबरन कार्य किया जा रहा है।

वहीं ग्रामीणों ने महिला के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि यह सड़क पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से अस्तित्व में है और इसके निर्माण व रखरखाव पर सरकारी धन खर्च किया जा चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके पास सड़क से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हैं तथा मरम्मत का कार्य केवल मौजूदा सड़क की सीमा के भीतर ही किया जा रहा है, किसी की निजी भूमि पर अतिक्रमण नहीं किया जा रहा।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित महिला के पास कई कुत्ते हैं, जो आए दिन लोगों और पशुओं पर हमला करते रहते हैं। उनका कहना है कि कुछ दिन पहले आईटीआई जाने वाले छात्रों को भी कुत्तों ने काटा था और मौके पर पहुंची पुलिस टीम के एक जवान को भी कुत्ते ने काट लिया था ग्रामीणों का कहना है की जब भी यहां से सड़क का कार्य किया जाता है तभी महिला द्वारा यहां पर आपत्ति जताई जाती है।

सोलन अस्पताल में ब्लड टेस्ट सुविधा ठप, सैकड़ों मरीज लौटे

क्रस्ना लैब की मशीन का मदर बोर्ड खराब, सोमवार तक जांच सेवाएं बहाल होने की उम्मीद

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब की ब्लड टेस्ट मशीन खराब होने से लगातार तीसरे दिन भी जांच सेवाएं ठप रहीं। इसके चलते दूर-दराज़ से इलाज के लिए पहुंचे सैकड़ों मरीजों को बिना ब्लड टेस्ट कराए ही वापस लौटना पड़ा, जबकि कई मरीजों को मजबूरन निजी लैबों और क्लीनिकों में महंगे दामों पर जांच करानी पड़ी।

क्रस्ना लैब में खराब हुई मशीन की जांच के लिए कंपनी की टेक्निकल टीम ने निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट में मशीन का पीसीबीए (मदर बोर्ड) पूरी तरह खराब पाया गया है। अब नया बोर्ड चंडीगढ़ से मंगवाया जा रहा है। लैब प्रबंधन के अनुसार नया पार्ट लगने के बाद सोमवार तक मशीन के दोबारा चालू होने की संभावना है। तब तक अस्पताल आने वाले मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ेगी।

क्षेत्रीय अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 150 से 200 मरीजों को ब्लड टेस्ट की आवश्यकता होती है। अस्पताल की सरकारी लैब में सीमित जांच ही उपलब्ध हैं और कई महत्वपूर्ण जांचें केवल क्रस्ना लैब में ही होती हैं। वहीं सरकारी लैब में दोपहर 12 बजे के बाद सैंपल लेने की प्रक्रिया भी बंद हो जाती है। ऐसे में क्रस्ना लैब बंद होने से मरीजों के सामने निजी लैबों का ही विकल्प बचा है, जहां जांच पर हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। दूरदराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वे लगातार दूसरे दिन किराया खर्च कर अस्पताल पहुंचे, लेकिन मशीन खराब होने और सोमवार तक इंतजार करने की बात कहकर उन्हें वापस भेज दिया गया। मरीजों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ रहा है।

क्रस्ना लैब के प्रभारी राजेश वर्मा ने बताया कि मशीन ने अचानक सैंपल लेना बंद कर दिया था। तकनीशियन की जांच में मदर बोर्ड खराब पाया गया है। नया पीसीबीए बोर्ड चंडीगढ़ से मंगवाया जा रहा है और सोमवार से टेस्ट सुविधा दोबारा शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस 'झूठ की दुकान बंद कर विकास पर दें ध्यान' : रावत

अनंत ज्ञान



नाहन। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि रेणुका के कांग्रेस नेता झूठे दावों के बजाय क्षेत्र के विकास पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से रेणुका विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य ठप पड़ गए हैं, जिससे क्षेत्र की जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। रेणुका के विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार अब तक विधानसभा क्षेत्र में कोई बड़ा सरकारी संस्थान स्थापित नहीं करवा पाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता जिन सड़कों और पेयजल परियोजनाओं का श्रेय ले रहे हैं, वे केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत संचालित हैं। उनके अनुसार सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा पेयजल पाइपलाइनें जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई जा रही हैं। बीजेपी प्रवक्ता ने यह भी कहा कि रेणुका के विकास के साथ-साथ कांग्रेस नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय मेला रेणुका में मुख्यमंत्री की उपस्थिति सुनिश्चित कराने में भी विफल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार के बीच तालमेल की कमी के कारण मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मेला रेणुका में आने की परंपरा को तोड़ा है। रावत ने कहा कि वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मेला रेणुका का शुभारंभ मुख्यमंत्री और समापन राज्यपाल द्वारा किया जाता रहा है। उनका दावा है कि इस परंपरा के टूटने का राजनीतिक असर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

शहर में सूखे पेड़ नहीं कटे हरे पेड़ों पर चल रही कुल्हाड़ी

सैकड़ों साल पुराने पेड़ बने जानलेवा खतरा

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। शहर में सैकड़ों साल पुराने विशालकाय पेड़ अब लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। आरोप है कि देखरेख के अभाव में कई पेड़ अंदर से खोखले हो चुके हैं और बिना बारिश या तेज आंधी के भी अचानक धराशायी हो रहे हैं। इससे पैदल चलने वाले लोगों और आसपास रहने वालों पर खतरा लगातार बढ़ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि एक ओर हरे पेड़ों पर कटान की कार्रवाई हो रही है, वहीं दूसरी ओर सूखे और खतरनाक पेड़ों को हटाने की सुध नहीं ली जा रही। रविवार को रानीताल में सफेदे का भारीभरकम पेड़ अचानक गिर गया। गनीमत रही कि बाग में घूम रहे लोग बाल-बाल बच गए। इससे पहले जून-जुलाई में पक्का टैंक के पास वट वृक्ष और जामुन के पेड़ की बड़ी शाखाएं सड़क पर गिर चुकी हैं। बीते वर्ष चौगान में पेड़ गिरने से रेलिंग और डंगा क्षतिग्रस्त हुआ था। इसके बावजूद खतरनाक पेड़ों की पहचान और समय पर कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि हादसे के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचते हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकलता।

पर्यावरण संरक्षण के साथ सुरक्षा भी जरूरी है। सूखे पेड़ों को तत्काल हटाने और खतरा बने पेड़ों की छंटाई की मांग उठ रही है। वहीं एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि खतरनाक पेड़ों के कटान से संबंधित कोई आवेदन फिलहाल लंबित नहीं है। अनुमति प्रक्रिया डीसी कार्यालय स्तर पर होती है।

नगर निगम कार्यालय के बाहर ही 'तालाब' बना सोलन-राजगढ़ मार्ग

हल्की बारिश में पानी में डूबा शहर का रास्ता ड्रेनेज सिस्टम की खुली पोल

अनंत ज्ञान

सोलन। शहर में हो रही बारिश ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। नगर निगम कार्यालय के समीप सोलन-राजगढ़ मार्ग पर हल्की से मध्यम बारिश के बाद ही सड़क पर पानी भर जाने से हालात तालाब जैसे बन जाते हैं। सड़क पर जलभराव के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है, जबकि वाहन चालकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के पानी से तालाब बनी सड़क। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। हर बरसात के दौरान इसी स्थान पर पानी जमा हो जाता है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। सड़क पर भरे पानी के कारण दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना रहता है, वहीं पैदल राहगीरों को पानी के बीच से गुजरना पड़ता है। लोगों ने नगर निगम के ड्रेनेज सिस्टम पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि नालियों की समय पर सफाई और उचित निकासी व्यवस्था होती तो सड़क पर इस तरह जलभराव नहीं होता। नगर निगम कार्यालय के बिल्कुल पास ऐसी स्थिति होना प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जल निकासी व्यवस्था में सुधार कर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि बरसात के मौसम में लोगों को बार-बार परेशानियों का सामना न करना पड़े।

गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज सोलन में रक्तदान शिविर 20 यूनिट रक्त संग्रह

अनंत ज्ञान, सोलन। महर्षि मार्कंडेश्वर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कुमारहट्टी के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने शिक्षा विभाग के सहयोग से गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज सोलन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर का उद्देश्य सुरक्षित रक्त संग्रह के साथ विद्यार्थियों और आमजन को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। विभागाध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी डॉ. तरुण संधू के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच और स्क्रीनिंग के बाद कुल 20 यूनिट रक्त एकत्र किया। शिविर से पूर्व आयोजित जागरूकता व्याख्यान में डॉ. संधू ने रक्तदान की वैज्ञानिक जानकारी, रक्त के विभिन्न घटकों के उपयोग, सुरक्षित रक्तदान प्रक्रिया तथा रक्त से फैलने वाले संक्रमणों की रोकथाम पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का भी आह्वान किया। विवि के कुलपति डॉ. रवि चंद शर्मा, रजिस्ट्रार अजय सिंगल सहित अन्य अधिकारियों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना की।

जिस बस से यात्रियों को मंजिल तक पहुंचाया उसी बस से निकली परिचालक की अंतिम यात्रा

अनंत ज्ञान

राजगढ़। कभी जिस बस में बैठकर यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने का दायित्व निभाया, आज उसी बस ने हिमाचल पथ परिवहन निगम के समर्पित परिचालक सुरेंद्र ठाकुर को उनकी अंतिम यात्रा पर विदा किया। यह दृश्य जिसने भी देखा, उसकी आंखें नम हो गईं। एचआरटीसी सब डिपो राजगढ़ के परिचालक सुरेंद्र ठाकुर के निधन से निगम परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर है। गुरुवार सुबह हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे और कुछ समय से अड्डा प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे थे। छुट्टी से लौटने के बाद उनकी नाइट ड्यूटी लगी थी, लेकिन सुबह चालक ने उन्हें कमरे में अचेत पाया। अस्पताल पहुंचाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर एचआरटीसी की बस में लाया गया, जिसे विशेष रूप से सजाया गया था। राजगढ़ बस अड्डे पर अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। सहकर्मियों ने बताया कि सुरेंद्र ठाकुर मिलनसार और ईमानदार कर्मचारी थे। उन्होंने वर्षों तक यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की। उनकी अंतिम विदाई का भावुक दृश्य लंबे समय तक एचआरटीसी परिवार और राजगढ़ की यादों में रहेगा।

लोकसभा में एससी छात्रवृत्ति योजनाओं पर सांसद सुरेश कश्यप ने मांगा ब्योरा

डीबीटी से पारदर्शी हुआ छात्रवृत्ति वितरण शिमला जिले के हजारों छात्रों को मिला लाभ

अनंत ज्ञान

नाहन। शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने लोकसभा में अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के विद्यार्थियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से देश, राज्य, जिला और विशेष रूप से शिमला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों की संख्या, स्वीकृत छात्रवृत्तियों और निधि आवंटन से संबंधित विस्तृत जानकारी मांगी।

सांसद के प्रश्न के उत्तर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने बताया कि केंद्र सरकार अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और स्कूली शिक्षा में प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से पोस्ट मैट्रिक और प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं के तहत पात्र विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। मंत्री ने बताया कि छात्रवृत्ति की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) व्यवस्था के माध्यम से विद्यार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खातों में भेजी जाती है। इससे योजना में पारदर्शिता बढ़ी है और लाभार्थियों को समय पर सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि आवेदन, सत्यापन, स्वीकृति और भुगतान की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में सामान्य राज्यों के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय भागीदारी का अनुपात 60:40 है। वहीं हिमाचल प्रदेश जैसे विशेष श्रेणी वाले राज्यों में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए केंद्र और राज्य की भागीदारी 90:10 के अनुपात में निर्धारित है।

लोकसभा में दिए गए आंकड़ों के अनुसार शिमला जिले में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 2,668 विद्यार्थियों को लाभ मिला। वर्ष 2023-24 में यह संख्या 2,668, वर्ष 2024-25 में 2,870 और वर्ष 2025-26 में 2,856 रही। इसी प्रकार प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत शिमला जिले में वर्ष 2022-23 में 2,104, वर्ष 2023-24 में 2,104, वर्ष 2024-25 में 2,539 और वर्ष 2025-26 में 2,049 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छात्रवृत्ति योजनाओं को तकनीक आधारित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया गया है, जिससे सहायता सीधे पात्र विद्यार्थियों तक पहुंच रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी हिमाचल प्रदेश, विशेषकर शिमला संसदीय क्षेत्र के हजारों विद्यार्थी इन योजनाओं से लाभान्वित होते रहेंगे।

नौणी विश्वविद्यालय की नई पहल डिजिटल कृषि से सशक्त होंगे किसान

अनंत ज्ञान

नौणी। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी ने डिजिटल कृषि और किसान सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए रोहड़ू स्थित एग्री-टेक प्लेटफॉर्म क्रॉपवेव के साथ पांच वर्षों के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। समझौते पर कुलपति प्रो. एचएस बावेजा व क्रॉपवेव के सीईओ परवंत सामता ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत वैज्ञानिक अनुसंधान को डिजिटल तकनीकों से जोड़कर किसानों, विद्यार्थियों और अन्य हितधारकों तक आधुनिक बागवानी नवाचार पहुंचाए जाएंगे। किसानों के लिए प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण कार्यशालाएं, कौशल विकास कार्यक्रम और जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे, जबकि विद्यार्थियों को इंटर्नशिप एवं अनुभवात्मक शिक्षण के अवसर मिलेंगे। कुलपति प्रो. बावेजा ने कहा कि यह पहल अनुसंधान को प्रयोगशालाओं से सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी। एमओयू के तहत प्रारंभिक तीन माह का पायलट चरण संचालित होगा और फिलहाल किसी भी पक्ष पर तत्काल वित्तीय दायित्व नहीं रहेगा।

न्यूज ब्रीफ

युवाओं के लिए स्वरोजगार बेहतर विकल्प

अनंत ज्ञान, ऊना। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ऊना में आयोजित छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में ग्राम पंचायत बढेड़ा के नवनिर्वाचित प्रधान एवं पंजाब नेशनल बैंक के सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक अनिल कटवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। अनिल कटवाल ने कहा कि आज के समय में स्वरोजगार युवाओं के लिए बेहतर विकल्प है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का लाभ उठाकर अपना उद्यम स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। ग्राम पंचायत के उपप्रधान रविंद्र कुमार ने भी युवाओं को बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर अपना कारोबार शुरू करने के लिए प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद आईटीआई, बढेड़ा की प्रबंध निदेशक मीना ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के साथ बैंक ऋण योजनाओं का लाभ उठाकर युवा अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं।

ऊना में जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप आज से

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन 31 जुलाई से 2 अगस्त तक राव बैडमिंटन अकादमी में किया जाएगा। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अशोक ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी कड़ी में आयोजित एसोसिएशन की बैठक में आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए चैंपियनशिप के सफल आयोजन की रूपरेखा तय की गई। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 28 जुलाई तक हरदीप सिंह (लाल जी) की दुकान पर अपना प्रवेश शुल्क जमा करवा सकते हैं। उन्होंने जिले के सभी खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों से प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। अशोक ठाकुर ने बताया कि बैठक में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव भी दिए।

रामनगर नकड़ोह तालाब का जीर्णोद्धार शुरू

अनंत ज्ञान, घनारी। गगरेट विधानसभा क्षेत्र के रामनगर नकड़ोह स्थित ऐतिहासिक तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण का कार्य स्थानीय रामनगर मंदिर कमेटी द्वारा शुरू कर दिया गया है। तालाब के बीचों-बीच स्थित रामेश्वर धाम शिव मंदिर लंबे समय से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। अब मंदिर कमेटी ने इस धार्मिक स्थल के आसपास के वातावरण को स्वच्छ और आकर्षक बनाने का बीड़ा उठाया है। कमेटी के सदस्यों ने ट्रैक्टर और जेसीबी मशीनों की सहायता से तालाब की सफाई का अभियान शुरू कर दिया है। इसके साथ ही तालाब में जल ठहराव सुनिश्चित करने और इसकी उपयोगिता बढ़ाने के लिए भी आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। कमेटी का उद्देश्य तालाब को पहले की तरह सुंदर एवं उपयोगी बनाना है, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बेहतर वातावरण मिल सके। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार्य जनसहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी ग्रामीणों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं से इस पुनीत अभियान में आर्थिक एवं श्रमदान के रूप में सहयोग देने की अपील की है। उनका कहना है कि सामूहिक प्रयासों से इस ऐतिहासिक तालाब का संरक्षण संभव होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह धरोहर सुरक्षित रह सकेगी।

बढ़ूही बाजार में जंगमों से दुकानदार परेशान

अनंत ज्ञान, बढ़ूही (ऊना)। उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत बढ़ूही बाजार में पिछले कुछ समय से जंगमों के लगातार बढ़ते आगमन को लेकर स्थानीय दुकानदारों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि प्रतिदिन 10 से 12 जंगमों का समूह बाजार में दान लेने के लिए पहुंचता है। जिससे कारोबार के दौरान बार-बार व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। दुकानदारों के अनुसार वे अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार दान देने में कभी पीछे नहीं हटते, लेकिन अब कुछ जंगम 10 रुपए से कम राशि स्वीकार करने से इनकार कर देते हैं। व्यापारियों का कहना है कि कई बार ये लोग सुबह-सुबह ही दुकानों पर पहुंच जाते हैं, जबकि उस समय अधिकांश दुकानदारों की दिन की पहली बिक्री (बोहनी) भी नहीं हुई होती। वहीं दोपहर के समय, जब कुछ दुकानदार विश्राम कर रहे होते हैं, तब भी उनसे दान की मांग की जाती है। व्यापारियों ने बताया कि अधिकांश जंगम महंगी गाड़ियों में बाजार के पीछे पहुंचते हैं। वाहन वहीं खड़े कर वे पैदल बाजार में घूमकर दान एकत्रित करते हैं और फिर अगले बाजार की ओर रवाना हो जाते हैं। व्यापार मंडल बढ़ूही के प्रधान नरेंद्र शर्मा ने जंगमों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि एक बार बाजार में दान लेने के बाद कम से कम दो महीने तक दोबारा बाजार में न आएं।

16 अगस्त से पहले करवा लें एलपीजी की केवाईसी : मदन सोनी

एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए केवाईसी प्रक्रिया को लेकर बंगाणा गैस एजेंसी ने विशेष अभियान शुरू किया है। एजेंसी ने उपभोक्ताओं से 16 अगस्त से पहले केवाईसी पूरी कराने की अपील की है। अनंत ज्ञान के बंगाणा के संवाददाता ने एजेंसी के प्रबंधक मदन सोनी से इस संबंध में विशेष बातचीत की। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश—

अनंत ज्ञान
मुलाकात जो बदले हालात

सवाल: सरकार ने एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए केवाईसी अनिवार्य क्यों की है?

जवाब: सरकार का उद्देश्य गैस उपभोक्ताओं का रिकॉर्ड अपडेट करना और यह सुनिश्चित करना है कि सब्सिडी का लाभ केवल वास्तविक और पात्र उपभोक्ताओं तक पहुंचे। इसी वजह से केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य की गई है।

सवाल: यदि कोई उपभोक्ता 16 अगस्त तक केवाईसी नहीं करवाता है तो क्या होगा?

जवाब: निर्धारित समय सीमा तक केवाईसी पूरी नहीं होने पर संबंधित उपभोक्ता की गैस सब्सिडी प्रभावित हो सकती है। ऐसी स्थिति में उसे घरेलू गैस सिलेंडर बिना सब्सिडी के खरीदना पड़ सकता है।

सवाल: उपभोक्ताओं को केवाईसी कराने के लिए क्या करना होगा?

जवाब: उपभोक्ता अपने आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और अन्य आवश्यक दस्तावेज लेकर बंगाणा गैस एजेंसी आएं। हमारी टीम उनकी केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर देगी।

सवाल: आपने लोगों से अंतिम समय का इंतजार नहीं करने की अपील क्यों की है?

जवाब: अक्सर लोग आखिरी दिनों में आते हैं, जिससे एजेंसी में भीड़ बढ़ जाती है और सभी को असुविधा होती है। यदि उपभोक्ता समय रहते केवाईसी करवा लें तो प्रक्रिया आसानी से पूरी हो जाएगी।

सवाल: बिना सब्सिडी के गैस सिलेंडर लेने पर कितना अतिरिक्त खर्च आ सकता है?

जवाब: यदि किसी उपभोक्ता की सब्सिडी बंद हो जाती है तो उसे घरेलू गैस सिलेंडर बाजार मूल्य पर खरीदना पड़ सकता है। मौजूदा परिस्थितियों में इसकी कीमत लगभग 2,000 रुपए तक हो सकती है। आसानी से पूरी हो जाएगी।

सवाल: ग्रामीण और बुजुर्ग उपभोक्ताओं के लिए आपका क्या संदेश है?

जवाब: मैं सभी से आग्रह करता हूं कि अपने परिवार, पड़ोस और गांव के बुजुर्गों तथा अन्य उपभोक्ताओं को भी केवाईसी के बारे में जानकारी दें। यदि किसी को प्रक्रिया समझने में कठिनाई हो तो वह एजेंसी आकर सहायता ले सकता है।

सवाल: अंत में आप एलपीजी उपभोक्ताओं से क्या अपील करना चाहेंगे?

जवाब: मेरी सभी गैस उपभोक्ताओं से विनम्र अपील है कि 16 अगस्त से पहले अपनी केवाईसी अवश्य पूरी करवा लें। इसे अंतिम समय तक न टालें, ताकि भविष्य में गैस आपूर्ति या सब्सिडी से संबंधित किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे हों सभी विकास कार्य : विवेक शर्मा

विधायक ने की कुटलैहड़ की पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड ऊना की पंचायतों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। वे वीरवार को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) ऊना के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित कार्यों तथा अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं, ताकि जनता को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना तथा विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए गांवों में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, जल निकासी, सामुदायिक भवन, खेल मैदान, पार्क, श्मशान घाट तथा अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण एवं जीर्णोद्धार के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए संपर्क मार्गों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में तेजी लाई गई है। इससे आवागमन सुगम होने के साथ किसानों को अपनी कृषि उपज बाजार तक पहुंचाने में भी सुविधा मिली है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत लंबित सभी कार्यों को 31 मार्च, 2027 तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत ग्रामीण रास्तों का निर्माण, वर्षा जल संरक्षण, भूमि सुधार, जल निकासी व्यवस्था तथा सार्वजनिक परिसंपत्तियों के निर्माण सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं।

उन्होंने आपदा प्रबंधन के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को मकान, आर्थिक सहायता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को पूरा करने के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान ग्राम पंचायतों में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। खंड विकास अधिकारी राहुल धीमान ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से पंचायतवार विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

जिले में 326 उचित मूल्य की दुकानें और 1.45 लाख राशन कार्ड धारक

अनंत ज्ञान

◆ सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक में पारदर्शी वितरण व्यवस्था पर दिया गया जोर

ब्यूरो, ऊना। अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) ऊना इशांत जसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला ऊना में उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही खाद्य वस्तुओं के वितरण, पारदर्शिता तथा विभागीय निरीक्षणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। एडीसी इशांत जसवाल ने कहा कि जिला में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से पात्र परिवारों को नियमित एवं पारदर्शी तरीके से आवश्यक खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र उपभोक्ता को निर्धारित मात्रा में समय पर खाद्यान्न उपलब्ध हो तथा व्यवस्था की पारदर्शिता और गुणवत्ता लगातार बनी रहे।

उन्होंने बताया कि जिला में 326 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से 1,45,944 राशन कार्ड धारकों को लाभान्वित किया जा रहा है। इनमें एपीएल श्रेणी के 3,04,998, बीपीएल के 72,095, अंत्योदय अन्न योजना के 37,449 तथा प्राथमिक गृहस्थियों के 1,26,533 उपभोक्ता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी से जून 2026 की अवधि के दौरान जिला में 43,282 क्विंटल आटा, 29,480 क्विंटल चावल, 13,025 क्विंटल चीनी, 1,720 क्विंटल नमक, 5,322 क्विंटल चना दाल, 2,331 क्विंटल मल्का दाल, 3,585 क्विंटल उड़द दाल, 6,62,598 लीटर सरसों का तेल तथा 22,810 लीटर रिफाइंड ऑयल का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि जनवरी से जून 2026 के दौरान खाद्य आपूर्ति विभाग ने 1,533 निरीक्षण किए। विभिन्न विभागीय आदेशों के तहत की गई कार्रवाई के माध्यम से 3,69,404 रुपये की राशि सरकारी कोष में जमा करवाई गई।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश व्यापार लेख आदेश, 1981 के अंतर्गत 34 निरीक्षण किए गए तथा अनियमितता पाए जाने पर एक मामले में कार्रवाई करते हुए 4,424 रुपये का जुर्माना लगाया गया। पॉलीथीन के उपयोग पर 182 दुकानदारों एवं व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 4,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। द्रवित पेट्रोलियम गैस अधिनियम के अंतर्गत 44 निरीक्षण किए गए तथा 9 मामलों में कार्रवाई करते हुए 28,000 रुपये का जुर्माना किया गया। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश ब्रिक्स (कंट्रोल) ऑर्डर, 1970 के तहत 21 ईंट भट्ठों का निरीक्षण किया गया और दो मामलों में कार्रवाई करते हुए 21,597 रुपये का जुर्माना लगाया गया और दो मामलों में कार्रवाई करते हुए 21,597 रुपये का जुर्माना लगाया गया। आवश्यक वस्तु वितरण विनियमन के अंतर्गत 715 निरीक्षण किए गए तथा एक मामले में कार्रवाई करते हुए 8,000 रुपए का जुर्माना किया गया।

औहर के प्रधान-उपप्रधान की बर्खास्तगी को लेकर डीसी व एसपी से मिला प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। ग्राम पंचायत औहर की ग्रामसभा में हुए विवाद को लेकर पंचायत की पूर्व प्रधान और पूर्व जिला पार्षद प्रेमलता ठाकुर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी बिलासपुर राहुल कुमार और एसपी अभिषेक धीमान से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

प्रेमलता ठाकुर ने आरोप लगाया कि ग्रामसभा के दौरान वर्तमान प्रधान और उपप्रधान ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया और व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उनके साथ हाथापाई भी की गई। उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है, जिसमें कथित तौर पर विवाद की स्थिति दिखाई दे रही है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

प्रेमलता ठाकुर ने बताया कि इस संबंध में घुमारवीं थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द न्याय दिलाने और मामले की गंभीरता से जांच करने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल में कई पूर्व पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

दो पिकअप वाहनों से की 346 पेटी अवैध बीयर बरामद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिलासपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पिकअप वाहनों से 346 पेटी अवैध बीयर बरामद की है। मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वीरवार को एसडीटी बिलासपुर की टीम ने बलोह फोरलेन के समीप लिंक रोड मल्यावर क्षेत्र में गश्त एवं नाकाबंदी के दौरान संदेह के आधार पर पिकअप नंबर एचपी24एफ-4551 तथा एचपी24ई-4408 की तलाशी ली। जांच के दौरान दोनों वाहनों से कुल 346 पेटी अवैध बीयर बरामद हुई, जिनमें 250 पेटी ट्यूबॉर्ग तथा 96 पेटी किंगफिशर ब्रांड की बीयर शामिल है।

पुलिस ने मौके पर दोनों वाहन चालकों विशाल (23) और धीरज (25), निवासी गांव नोआ, तहसील सदर, जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस थाना घुमारवीं में एफआईआर संख्या 147/2026 के तहत हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)(ए) के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

घुमारवीं केंद्रीय विद्यालय को 25 बीघा भूमि मंजूर, जल्द शुरू होगा भवन निर्माण : धर्माणी

अनंत ज्ञान

घुमारवीं। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के वार्षिक खेलकूद समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश मंत्रिमंडल ने केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन निर्माण के लिए 25 बीघा भूमि स्वीकृत कर दी है तथा लीज डीड की प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि घुमारवीं में आधुनिक इंडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल, मोरसिंघी में 48 छात्राओं का हैंडबॉल हॉस्टल, 100 छात्राओं का मल्टी स्पोर्ट्स हॉस्टल, 12 करोड़ रुपये की स्किल अकादमी तथा 5 करोड़ रुपए का कंप्यूटर आधारित परीक्षा केंद्र (सीबीटीसी) स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही एमआईआईएसटीईआर यूनिवर्सिटी की स्थापना की दिशा में भी कार्य जारी है। राजेश धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं, हटवाड़, भराड़ी और कपाहड़ा के चार विद्यालयों को सीबीएसई से संबद्ध किया गया है तथा जल्द शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि गुणवत्ता आधारित शिक्षा में हिमाचल प्रदेश अब देश में 21वें से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य रिंकू कुमारी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एपीएमसी अध्यक्ष सतपाल, उपनिदेशक उच्च शिक्षा नरेश चंदेल, शिक्षक, अभिभावक, विद्यार्थी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बरमाणा में ट्रक चालकों को एचआईवी बारे किया जागरूक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। एलटीडब्ल्यूए संस्था के सहयोग से जय मां शारदे कला मंच द्वारा बरमाणा ट्रक यूनियन में ट्रक चालकों एवं परिचालकों के लिए एचआईवी एड्स तथा नशा मुक्ति विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित लोगों को एचआईवी संक्रमण से बचाव, समय-समय पर जांच कराने के महत्व, सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यह संदेश दिया गया कि नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाना ही परिवार और समाज के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। कार्यक्रम में ट्रक चालकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और एचआईवी से जुड़े भ्रमों को दूर करने, भेदभाव न करने तथा आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य, कलाकार तथा ट्रक यूनियन के पदाधिकारी एवं चालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बिलासपुर पुलिस ने अमृतसर से चिट्टा सप्लायर दबोचा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिलासपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय चिट्टा सप्लायर को पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 12.46 ग्राम चिट्टा (हेरोइन), अवैध पिस्टल और सात जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। एसपी अभिषेक धीमान ने बताया कि 27 जुलाई को स्वारघाट थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 27.60 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। मामले की जांच में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर चिट्टा सप्लाई की कड़ी अमृतसर के सुल्तानविंड निवासी विजय कुमार तक पहुंची। पुलिस टीम ने 29 जुलाई को अमृतसर में दबिश देकर विजय कुमार को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से हिमाचल में चिट्टा तस्करी नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। उसके खिलाफ हिमाचल प्रदेश और पंजाब में एनडीपीएस एक्ट के तहत पहले से पांच मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क और मुख्य सप्लायरों तक पहुंचने के लिए जांच जारी है। बिलासपुर पुलिस ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित पंचायतों का समग्र विकास सुनिश्चित करें : डीसी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वीरवार को बचत भवन बिलासपुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार ने की, जिसमें वर्ष 2025-26 के लिए चयनित 22 पंचायतों के प्रधानों और पंचायत सचिवों ने भाग लिया।

उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल ग्रामों का समग्र एवं सतत विकास कर उन्हें आदर्श और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को पूर्व में चयनित पंचायतों के लंबित कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने तथा नई पंचायतों में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप ग्राम विकास योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक चयनित पंचायत को विकास कार्यों के लिए 20 लाख रुपए तक की गैप फिलिंग सहायता तथा ग्राम विकास योजना तैयार करने के लिए 40 हजार रुपए प्रशासनिक व्यय के रूप में उपलब्ध कराए जाएंगे। पंचायतों में पुस्तकालय, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल मैदान, ओपन जिम, युवा गतिविधि केंद्र, अध्ययन कक्ष और अन्य सामुदायिक सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा। डीसी ने सभी पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने, नशा विरोधी जागरूकता अभियान को पंचायत स्तर तक मजबूत करने तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। कार्यशाला में जिला कल्याण अधिकारी रमेश चंद बंसल ने प्रतिभागियों को योजना के दिशा-निर्देशों एवं ऑनलाइन पोर्टल के संचालन का प्रशिक्षण भी दिया।

महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र पाठ से नितिक्षा का इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज

अनंत ज्ञान

◆ तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने किया सम्मानित

भूपेश नड्डा, घुमारवीं। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करवाने वाली 3 वर्ष 10 माह की आयु की प्रतिभाशाली बेटी नितिक्षा ठाकुर को नगर व ग्राम नियोजन, आवास तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया।

जिला बिलासपुर के गांव देहरा, डाकघर हटवाड़, तहसील घुमारवीं की इस नन्हीं बेटी ने महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम् का प्रभावशाली एवं शुद्ध पाठ कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस उपलब्धि के लिए तकनीकी शिक्षा मंत्री ने नितिक्षा ठाकुर के परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस नन्ही बेटी ने जिला के साथ-साथ पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। इस मौके पर नितिक्षा ठाकुर की माता दीक्षा कुमारी, पिता नितिन कुमार सहित अन्य परिजन भी मौजूद रहे।

बिलासपुर में शुरू होगा 'मिशन दृष्टि' बच्चों की आंखों की होगी व्यापक जांच

अनंत ज्ञान

◆ पहले चरण में सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों की होगी स्क्रीनिंग

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से बिलासपुर में 'मिशन दृष्टि बिलासपुर' अभियान शुरू किया जाएगा। यह हिमाचल प्रदेश का पहला जिला स्तरीय व्यापक नेत्र जांच अभियान होगा, जिसमें बच्चों में दृष्टिदोष की समय पर पहचान और उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि अभियान का पहला चरण 1 सितंबर 2026 से सितंबर 2027 तक चलेगा। इस दौरान जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के साथ 1,111 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की नेत्र जांच की जाएगी।

जिले के 782 विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों की दृष्टि जांच सुनिश्चित की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य 8 वर्ष से कम आयु के बच्चों में आंखों की समस्याओं की शुरुआती पहचान करना है, ताकि समय पर उपचार से दृष्टि हानि को रोका जा सके। प्रशासन ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के माध्यम से दो ऑटो रिफ्रैक्टर मशीनें स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करवाई हैं। इन मशीनों से कुछ ही सेकंड में आंखों की जांच कर दृष्टिदोष का पता लगाया जा सकेगा। दृष्टि संबंधी समस्या पाए जाने वाले बच्चों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास भेजा जाएगा और जरूरतमंदों को चश्मे भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

अभियान के दूसरे चरण में वरिष्ठ नागरिकों सहित जिले के अन्य लोगों की भी नेत्र जांच की जाएगी। इसमें वाहन चालक, श्रमिक, पुलिस, होमगार्ड और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को शामिल किया जाएगा। प्रशासन डिजिटल रिकॉर्ड के माध्यम से जांच और उपचार की निगरानी भी करेगा।

फीस वृद्धि के विरोध में एबीवीपी ने किया आंदोलन का ऐलान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने प्रदेश के कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में छात्र संघ चुनाव बहाल करने, फीस वृद्धि वापस लेने तथा कानून व्यवस्था, नशामुक्ति, रोजगार, महिला सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही जैसे मुद्दों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है।

वीरवार को बिलासपुर परिधि गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में एबीवीपी के जिला संयोजक देवार्य टाडू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुश तथा इकाई सह सचिव आकांक्षा ने कहा कि यदि सरकार छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं करती और फीस वृद्धि वापस नहीं लेती तो परिषद पूरे प्रदेश में जनांदोलन शुरू करेगी। उन्होंने बताया कि आंदोलन के तहत 31 जुलाई को सभी कॉलेजों से प्राचार्यों के माध्यम से विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन भेजे जाएंगे। 3 अगस्त को उपायुक्तों के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। 5 अगस्त को कॉलेज स्तर पर धरना-प्रदर्शन, 6 व 7 अगस्त को हस्ताक्षर अभियान, 11 अगस्त को रोष रैलियां, 12 व 13 अगस्त को सांकेतिक भूख हड़ताल तथा 14 से 17 अगस्त तक जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। एबीवीपी पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 774 शिक्षण संस्थान बंद किए गए हैं, 532 विद्यालयों का विलय किया गया है तथा शिक्षकों के हजारों पद रिक्त हैं। विश्वविद्यालयों में नियमित कुलपतियों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है और उत्तरपुस्तिका पुनर्मूल्यांकन शुल्क 300 रुपए से बढ़ाकर 1,000 रुपए कर दिया गया है। उन्होंने प्रदेश में बढ़ती गैंगवार, हत्या और गोलीबारी की घटनाओं पर भी चिंता जताते हुए कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है। इन सभी मुद्दों को लेकर एबीवीपी प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी।

न्यूज ब्रीफ

शिक्षकों को दिया जीवन कौशल शिक्षा का प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान, रोशन लाल, पांगी। शिक्षा खंड पांगी में नीति आयोग और मैजिक बस इंडिया हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में 27 विद्यालयों के 30 शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों को आत्म-जागरूकता, संवाद कौशल, निर्णय क्षमता, समस्या समाधान, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक संतुलन जैसे विषयों पर गतिविधि आधारित प्रशिक्षण दिया गया। रिसोर्स पर्सन ने जीवन कौशल शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर आवासीय उपायुक्त अमनदीप सिंह और बीपीओ देवी सिंह ने शिक्षकों से इन कौशलों को विद्यार्थियों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

मनरेगा कार्यों पर रोक से ग्रामीणों में रोष

देशराज कश्यप, धरवाला। विकास खंड मैहला की पंचायतों में मनरेगा के तहत चल रहे ग्रामीण रास्तों, जल संरक्षण, पक्के रास्तों और इंटरलॉक टाइल जैसे निर्माण कार्यों पर रोक लगने से ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों ने मांग की है कि पुराने और स्वीकृत कार्यों को नई विकसित भारत-जी राम जी योजना में स्थानांतरित कर प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अधूरे विकास कार्यों से सार्वजनिक संपत्ति प्रभावित हो रही है। उन्होंने सरकार से सभी लंबित कार्यों को जल्द पूरा करवाने की मांग की है।

दुकानदार की ईमानदारी बनी मिसाल, एक लाख रुपए के सोने का लॉकेट लौटाया

अनंत ज्ञान, भरमौर। भरमौर के ऐतिहासिक चौरासी मंदिर परिसर में स्थानीय दुकानदार नेक सिंह (प्रमोद) ने ईमानदारी और मानवता की मिसाल पेश की। हड़सर गांव निवासी बटो देवी का करीब एक लाख रुपये मूल्य का सोने का लॉकेट मंदिर के मुख्य द्वार के पास गुम हो गया था। सब्जी की दुकान लगाने वाले नेक सिंह को यह लॉकेट मिला, जिसे उन्होंने सुरक्षित रखा और मालिक की तलाश शुरू की। पहचान होने पर उन्होंने लॉकेट बटो देवी को वापस सौंप दिया। परिवार ने उनका आभार जताया। स्थानीय लोगों ने नेक सिंह की ईमानदारी की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

व्यापार मंडल ने उठाई सुविधाओं की मांग

अनंत ज्ञान, भरमौर। पवित्र श्री मणिमहेश यात्रा-2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर 84 व्यापार मंडल भरमौर ने मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के नाम अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) भरमौर के माध्यम से ज्ञापन भेजा। ज्ञापन की प्रतिलिपि उपायुक्त चंबा को भी प्रेषित की गई। ज्ञापन में यात्रा के दौरान स्थानीय व्यापारियों तथा देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। व्यापार मंडल ने मांग की कि मणिमहेश यात्रा आरंभ होने से पहले नागरिक अस्पताल भरमौर को नए भवन (पट्टी) में स्थानांतरित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और बाजार क्षेत्र में लगने वाले यातायात जाम से भी राहत मिले। ज्ञापन में यह भी आग्रह किया गया कि मणिमहेश परिक्रमा (वाया कुगती) को निर्धारित नियमों के तहत यात्रा अवधि में शुरू किया जाए, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था का सम्मान बना रहे।

किसानों की आय बढ़ाने और सशक्त बनाने की दिशा में करें कार्य : डीसी

जिलास्तरीय कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की बैठक में दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल की अध्यक्षता में आज राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागों द्वारा आत्मा परियोजना के तहत संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों और आय व्यय की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के लिए बेहतर विपणन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि जिले को विभिन्न क्लस्टरों में विभाजित कर प्रत्येक क्लस्टर के अनुरूप विपणन रणनीति तैयार की जाए। साथ ही प्राकृतिक उत्पादों की बिक्री के लिए विभिन्न स्थानों पर उपयुक्त बाजार एवं बिक्री केंद्र चिन्हित किए जाएं, ताकि किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त हो सके और उन्हें विपणन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। कृषि और उससे जुड़े सभी विभागों को आपस में बेहतर समन्वय बनाकर एक साथ प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि सभी विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ एक मंच से किसानों तक पहुंचाया जा सके। पांगी घाटी को प्राकृतिक कृषि उप-मंडल के रूप में विकसित किया जा रहा है, इसलिए वहां प्राकृतिक खेती से संबंधित गतिविधियों में तेजी लाना आवश्यक है। पांगी घाटी में वर्ष के सीमित समय के दौरान ही कृषि कार्य संभव हो पाते हैं, ऐसे में उपलब्ध समय का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करते हुए सभी निर्धारित गतिविधियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को पांगी घाटी में विशेषज्ञ भेजकर किसानों को प्राकृतिक एवं आधुनिक खेती की ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं उनकी उपलब्धियों को प्रत्येक समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाए।

बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल। अनंत ज्ञान

ब्लॉक समिति मैहला को मिला नया नेतृत्व सोनू बनीं अध्यक्ष और शिव दत्त उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। ब्लॉक समिति मैहला को गुरुवार को नया नेतृत्व मिल गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष कुमारी सोनू और उपाध्यक्ष शिव दत्त ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने के बाद विधिवत कार्यभार संभाल लिया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी, जिला कांग्रेस कमेटी चंबा अध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी, जिला कांग्रेस सचिव मोहिंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। समारोह में उपस्थित नेताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि नया नेतृत्व ब्लॉक मैहला में विकास कार्यों को गति देगा और जनता से जुड़े मुद्दों का प्राथमिकता से समाधान करेगा। अध्यक्ष कुमारी सोनू ने कहा कि जनता द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाएंगी। उन्होंने समान विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान को प्राथमिकता देने की बात कही। उपाध्यक्ष शिव दत्त ने भी सभी सदस्यों के सहयोग से क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प जताया।

हर्ष महाजन ने चंबा आपदा पर जताई चिंता प्रभावितों को हरसंभव सहायता का दिया भरोसा

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। जिला चंबा के सुल्तानपुर, सरोल सहित आसपास के क्षेत्रों में बीती रात प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान पर राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने जिला उपायुक्त चंबा से दूरभाष पर बातचीत कर आपदा से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति और राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

हर्ष महाजन ने जिला प्रशासन से प्रभावित परिवारों की सूची उपलब्ध कराने का आग्रह करते हुए कहा कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित लोगों तक शीघ्र सहायता पहुंचाने और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में वे हर पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द सामान्य जीवन की ओर लौटने में सहायता मिल सके। हर्ष महाजन ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचानी चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेजी से पूरे किए जाएंगे।

भरमौर-पांगी कॉलेजों में साइंस स्ट्रीम जारी रखने की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। जिला कांग्रेस कमेटी चंबा अध्यक्ष एवं एचआरटीसी निदेशक एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को पत्र भेजकर भरमौर और पांगी के राजकीय महाविद्यालयों में विज्ञान संकाय को पूर्ववत जारी रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान शिक्षा उनके भविष्य की महत्वपूर्ण आधारशिला है। उन्होंने बताया कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और आर्थिक चुनौतियों के कारण कई विद्यार्थी बाहर जाकर पढ़ाई नहीं कर सकते। ऐसे में स्थानीय कॉलेजों में विज्ञान संकाय की सुविधा बनी रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साइंस स्ट्रीम बंद होने से कमजोर वर्गों और छात्राओं की उच्च शिक्षा प्रभावित होगी। सुरजीत शर्मा ने शिक्षा मंत्री से विज्ञान संकाय को जारी रखने, प्राध्यापकों की नियुक्ति, प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है।

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2026 की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। उपायुक्त एवं अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला समिति चंबा मुकेश रेपस्वाल ने आज अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2026 के आयोजन स्थल का दौरा कर मेले की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौगान नंबर-1 से लेकर चौगान नंबर-4 तक मेला स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात, अतिक्रमण, अग्नि सुरक्षा, खाद्य गुणवत्ता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसडीएम चंबा चिराग शर्मा को निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र और चंबा के मुख्य बाजार क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने दिया जाए और जहां-जहां अभी भी अतिक्रमण शेष है, उसे भी अति शीघ्र हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों की आवाजाही निर्बाध बनी रहे तथा मेले की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक शौचालयों कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए और कूड़े-कचरे का नियमित उठान तथा स्वच्छता कर्मियों की तैनाती कर पूरे मेला क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखा जाए। उपायुक्त ने अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए कि सभी अग्निशमन वाहन, उपकरण एवं संसाधन पूरी तरह कार्यशील स्थिति में रहें तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार रहे।

मिंजर मेले के बीच पैदल मार्ग पक्काटाला बंद, जनता बेहाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के बीच जिला मुख्यालय का सबसे महत्वपूर्ण पैदल मार्ग पक्काटाला बंद होने से स्थानीय लोगों, व्यापारियों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में हुई भारी बारिश से मार्ग क्षतिग्रस्त होने के बाद प्रशासन द्वारा इसे बंद किए जाने पर युवा कांग्रेस चंबा अध्यक्ष शाकिर अली शाह ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि रास्ते पर बैरिकेड लगाना समाधान नहीं, बल्कि उसकी स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। शाकिर अली शाह ने कहा कि पक्काटाला मार्ग वर्षों से जिला मुख्यालय तक पहुंचने का सबसे छोटा और सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला पैदल मार्ग है। मिंजर मेले के दौरान इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही होती है। ऐसे समय में मार्ग बंद होने से आम जनता को लंबा चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले इस मार्ग पर लाखों रुपये खर्च कर पेवर टाइलें बिछाई गई थीं, लेकिन पहली ही भारी बारिश में वे उखड़ गईं। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि केवल अस्थायी मरम्मत या रास्ता बंद करने के बजाय विशेषज्ञों की तकनीकी सलाह से ऐसा स्थायी समाधान किया जाए, जिससे भविष्य में भारी वर्षा के दौरान भी मार्ग सुरक्षित बना रहे।

अलग ब्लड ग्रुप में भी सफल किडनी ट्रांसप्लांट, नई तकनीक बनी उम्मीद

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। 'एबीओ-इनेंपैटिबल (विभिन्न ब्लड ग्रुप वाले) किडनी ट्रांसप्लांटेशन एंड-स्टेज किडनी रोग से पीड़ित मरीजों के इलाज की तस्वीर बदल रहा है। इस तकनीक से ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीज बेहतरीन किडनी फंक्शन के साथ स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी रहे हैं।'

वीरवार को लुधियाना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लिवासा हॉस्पिटल, मोहाली की सीनियर डायरेक्टर- नेफ्रोलॉजी ,डॉ. राका कौशल ने कहा कि एंड-स्टेज किडनी रोग, क्रोनिक किडनी डिजीज का अंतिम चरण होता है, जिसमें गुर्दे शरीर से अपशिष्ट पदार्थों और अतिरिक्त तरल पदार्थ को बाहर निकालने की अपनी क्षमता पूरी तरह खो देते हैं। इस स्थिति में मरीजों को जीवित रहने के लिए डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत में डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के कारण किडनी रोग के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। हालांकि, डायलिसिस जीवन को बनाए रखने में मदद करता है, लेकिन किडनी ट्रांसप्लांट ही सबसे बेहतर दीर्घकालिक इलाज है, जो बेहतर सर्वाइवल, जीवन की बेहतर गुणवत्ता और अधिक स्वतंत्रता प्रदान करता है।

सीनियर डायरेक्टर-यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, डॉ. अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि एबीओ-इनकम्पैटिबल किडनी ट्रांसप्लांटेशन के जरिए डोनर और रेसिपिएंट का ब्लड ग्रुप अलग-अलग होने पर भी सफल ट्रांसप्लांट संभव हो पाता है। इस अवसर पर, 2017 में लिवासा मोहाली में सफल एबीओ-इनकंपैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट के बाद नया जीवन पाने वाले वीर सिंह ने भी पिछले 9 वर्षों से स्वस्थ जीवन जीने का अपना अनुभव साझा किया।

मोहाली में खुला कोस्मो का दूसरा 4सी कार केयर सेंटर

अनंत ज्ञान

मोहाली। कोस्मो कंज्यूमर ने मोहाली में अपने दूसरे 4सी कोस्मो कार केयर सेंटर की शुरुआत की है। पुणे के बाद यह कंपनी का दूसरा सेंटर है, जिसके जरिए ऑर्गेनाइज्ड व्हीकल प्रोटेक्शन और कार केयर सर्विस नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। इंडस्ट्रियल एरिया फेज-9, साहिबजादा अजीत सिंह नगर में शुरू हुआ यह सेंटर मोहाली और ट्राइसिटी के ग्राहकों को कार सुरक्षा, लुक और मेंटेनेंस से जुड़ी आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

कोस्मो कंज्यूमर के बिजनेस हेड अभिनीश दास ने कहा कि ट्राइसिटी क्षेत्र में 4सी का अनुभव पहुंचाना कंपनी के विस्तार अभियान का अहम हिस्सा है। सेंटर पर ग्राहकों को उच्च

◆ **एक ही छत के नीचे मिलेंगी व्हीकल प्रोटेक्शन और प्रीमियम कार केयर सेवाएं**

गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट, प्रोफेशनल इंस्टॉलेशन और विशेष कार केयर सेवाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी। कंपनी के ऑटोमोटिव पोर्टफोलियो में कोस्मो पीपीएफ पेंट प्रोटेक्शन फिल्म, कोस्मो सनसील्ड विंडो फिल्म और कोस्मो गार्ड कोटिंग्स शामिल हैं। कंपनी आने वाले समय में देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल बाजारों में 4सी मॉडल का विस्तार करने और नए कार केयर समाधान पेश करने की योजना बना रही है।

अनंत Classifieds

नाम दुरुस्ती

मैं, सुमना कुमारी (56) पत्नी श्री सरवन कुमार, निवासी वार्ड नं 2, ग्राम और पोस्ट ऑफिस सिहुंड, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), घोषणा करती हूं कि मेरा नाम सभी संबंधित दस्तावेजों जैसे राशन कार्ड, प्रमाण पत्र आदि में सुमना कुमारी है, जो सही और वास्तविक है। लेकिन मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुमन कुमारी है। सुमना कुमारी और सुमन कुमारी दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। संबंधित नोट करें।

ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि0प्र0।
मिसल नं0-32/2026
तारीख मरजुआ- 14-07-2026
तारीख पेशी- 14-08-2026
Nanki Devi D/o Sh. Dhobi Chand R/o Village Bagra P.O. Dul Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P ...Applicant.
General Public. ...Respondent.
अखबारी इश्तहार- An application u/s 13 (3) of Birth & Death Registration Act. Nanki Devi D/o Sh. Dhobi Chand R/o Village Bagra P.O. Dul Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र/शपथ पत्र गुजार कर यह अनुरोध किया है, कि उसका जन्म दिनांक 07-03-1970 को हुआ था। लेकिन उसकी जन्म तिथि ग्राम पंचायत डलू के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज नहीं है। लिहाजा इसे दर्ज करने के आदेश दिये जावें। अतः सर्व साधारण आम जनता को इस अखबारी इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थी के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर/एतराज हो, तो वह दिनांक 14-08-2026 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष स्वयं असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता / सकती है। आम जनता की ओर से उपरोक्त दिनांक एवं समय तक कोई भी उजर एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत में निवेदन विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 14.07.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।
कार्यकारी दण्डाधिकारी, जोगिन्द्र नगर
जिला मण्डी हि0प्र0।

IN THE COURT OF Sh. GAGGAN DEEP, EXECUTIVE MAGISTRATE-CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA (H.P.)
Date of hearing 7-8-2026
Cae No.813292/2026
In the matter of- Kanti Prasad s/o Nanak Chand, Vill Malehar Po Marhoon, Tehsil Dheera, Distt Kangra (H.P.), Himachal Pradesh ...Applicant
Versus
General Public, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh ...Respondents
Proclamation regarding correction of name under section 37(i) & (ii) of HPLRA, 1954.
Whereas, Kanti Prasad s/o Nanak Chand, Vill Malehar Po Marhoon, Tehsil Dheera, Distt Kangra (H.P), Himachal Pradesh has filed an application along-with an affidavit before this court that his name was recorded wrongly in revenue record of mohal Malehar, Tehsil Dheera, District Kangra HP as "Kranti Prasad s/o Nanak. But in other documents such as Adhar card and parivar Nakal, the correct name has been recorded as "Kanti Parsad s/o Nanak". Hence, applicant has filed an application for correction of his name as "Kanti Parsad @ Kranti Prasad" in the revenue record of mohal Malehar, tehsil Dheera, district Kangra HP. Now therefore, objections, if any are invited from the general public with regard to the correction of name of applicant i.e "Kanti Parsad @ Kranti Prasad" in the revenue record of mohal Malehar, tehsil Dheera, district Kangra HP. Any person having any objection in this regard may appear in this court on or before 7-8-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte with-out any further opportunity of being heard and final order for correction of name shall be passed, accordingly.
Issued under my hand and seal of the court today, 30-07-2026
Executive Magistrate, Dheera

मेटाबोलिक सर्जरी से डायबिटीज मरीजों को मिल सकती है नई राहत

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। पार्क अस्पताल मोहाली के विशेषज्ञों ने टाइप-2 डायबिटीज को लंबे समय तक नियंत्रित रखने में मेटाबोलिक सर्जरी की भूमिका पर प्रकाश डाला। अस्पताल के बैरियाट्रिक एंड मेटाबोलिक सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. अमित गर्ग और एंडोक्राइनोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. नीरज गर्ग ने वीरवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस उपचार पद्धति की जानकारी दी।

डॉ. अमित गर्ग ने कहा कि भारत में टाइप-2 डायबिटीज के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और यह बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। उन्होंने बताया कि डायबिटीज के कारण हृदय रोग, स्ट्रोक, किडनी खराब होना, आंखों की समस्या और अन्य गंभीर जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. नीरज गर्ग ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग डायबिटीज या प्री-डायबिटीज से प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि अनियंत्रित डायबिटीज शरीर के कई अंगों को प्रभावित कर सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, योग्य मरीजों में मेटाबोलिक सर्जरी टाइप-2 डायबिटीज के प्रभावी उपचार विकल्पों में शामिल हो रही है। यह केवल ब्लड शुगर नियंत्रित करने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि शरीर की हार्मोनल और मेटाबोलिक असामान्यताओं पर भी असर डालती है।

डॉ. गर्ग ने कहा कि जिन मरीजों में डायबिटीज की अवधि कम होती है और पैंक्रियाज की कार्यक्षमता बेहतर रहती है, उनमें लंबे समय तक राहत मिलने की संभावना अधिक होती है। पार्क हॉस्पिटल्स के ग्रुप सीईओ नार्थ आशीष चड्ढा ने बताया कि अस्पताल विभिन्न सरकारी विभागों, बीमा कंपनियों और संस्थानों के साथ जुड़ा हुआ है।

छह माह में 91 हजार लोगों को मिली 108 एंबुलेंस सेवा

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। जेनप्लस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित 108 एंबुलेंस सेवा ने जनवरी से जून 2026 तक पंजाब में 91,713 आपातकालीन मामलों में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई। सेवा ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों को समय पर प्री-हॉस्पिटल देखभाल और सुरक्षित परिवहन की सुविधा दी।

आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान 36,403 चिकित्सा आपातकाल, 20,538 गर्भावस्था संबंधी मामले, 13,929 सड़क दुर्घटनाएं, 11,380 हृदय संबंधी आपातकाल और 9,463 अन्य मामलों में एंबुलेंस सेवा ने सहायता प्रदान की। छह महीनों में प्रशिक्षित इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियनों ने एंबुलेंस में 52 सुरक्षित प्रसव भी कराए। जून 2026 में सबसे अधिक 16,025 आपातकालीन मामलों में सेवाएं दी गईं। जिला स्तर पर लुधियाना में सबसे अधिक 12,541 मामले दर्ज हुए। इसके बाद पटियाला (7,862), जालंधर (7,609), मोहाली (7,457) और अमृतसर (6,656) रहे। जेनप्लस 108 एंबुलेंस सेवा के प्रोजेक्ट हेड मनीष बत्रा ने कहा कि छह महीनों में 91 हजार से अधिक मामलों में सहायता उपलब्ध कराना टीम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सेवा का उद्देश्य राज्य के हर नागरिक तक त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षित परिवहन और गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है।

कार्यालय ग्राम पंचायत मल्थेहड
विकास खंड बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना
ग्राम पंचायत मल्थेहड को मटेरियल सामग्री हेतु कुटेशन आमंत्रित की गई हैं जिसमे पंचायत में निम्न मदों के कार्य चले हुऐ होते हैं तथा उन कार्य के लिए मटेरियल सामग्री कुटेशन आमंत्रित करना अति आवश्यक हैं।
सप्लार को निम्नलिखत सामग्री में M/ From और रॉयल्टी उपलब्ध करवानी होगी
1. रेत खड Par Quieb mittar, 2. बजरी खड Par Quieb mittar, 3.रेत क्रेशर Par Quieb mittar , 4. बजरी क्रेशर 20mm Par Quieb mittar, 5. बजरी क्रेशर 40mm Par Quieb mittar, 6. पत्थर बोल्डर Par Quieb mittar, 7. पत्थर कटस्टोन Par Quieb mittar, 8. पत्थर सोलिंग Par Quieb mittar, 9. सीमेंट कुलान Par Bag, 10. सैंटरिंग Par Raning Mittar, 11. JCB प्रति घंटा की दर, 12 ईट प्रति ईट की दर से
शर्त :- 1 सप्लार के पास GST NO होना अनिवार्य हैं । 2 सप्लार को निविदा रेत बजरी सोलिंग पत्थर, बोल्डर पत्थर पत्थर कटस्टोन, Par Quieb mittar की दर से Without GST की दर से, ईट प्रति ईट की दर से ग्राम पंचायत मल्थेहड के नाम भेजना सुनिशचित करे । 3.उपरोक्त लिखित शर्त को सप्लार पूरा नहीं करता हैं तो उसकी निविदा रदद की । 4.निविदा पास होने पर सप्लार से 20000/ राशी की पंचायत में Security के तौर पर जमा करवानी होगी । 5. निविदा पास होने पर यह निविदा अगस्त 2026 से मार्च 2026 तक मान्य होगी । 6. निविदा 2 अगस्त 2026 सांय 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए । 7. निविदा 3 अगस्त 2026 को सुबह 11 बजे समस्त पंचायत पदाधिकारी के समक्ष खोली जाएगी
प्रधान/सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत अध्वानी
विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु ग्राम पंचायत अध्वानी के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित करने तथा नियम एवं शर्तें निर्धारित करने बाबत। पंचायत बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी वित्त वर्ष 2026-2027 के दौरान ग्राम पंचायत के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्माण सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जाएं, ताकि कार्यों का निष्पादन समयबद्ध एवं सुचारू रूप से किया जा सके। **सामग्री का विवरण:-** 1. रेता घन प्रति घन मीटर, 2. रेता दरिया- प्रति घन मीटर, 3. रेता क्रैशर- प्रति घन मीटर, 4. बजरी क्रैशर 10 MM-प्रति घन मीटर, 5. बजरी क्रैशर 20 MM-प्रति घन मीटर, 6. बजरा दरिया- प्रति घन मीटर, 7. बजरी क्रैशर 10MM, 20MM-प्रति घन मीटर, 8. बजरा क्रैशर 40MM-प्रति घन मीटर, 9. [illegible]
निविदा की शर्तें एवं नियम- [illegible]
सचिव/ प्रधान ग्राम पंचायत अध्वानी, विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत कटौहड़ कलां
विकास खंड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)
निविदा सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कटौहड़ कलां, विकास खण्ड अम्ब जिला ऊना (हि प्र) में वर्ष 2026-27 में समस्त मदों के अंतर्गत करवाए जाने वाले विकास कार्यों में प्रयुक्त होने वाली क्रशर निर्माण सामग्री जैसे धूल रेत, गोल बजरी, AGG 10,20,40MM, स्टोन डस्ट, पत्थर, बजरा मिक्स पिल्लिंग, मिट्टी फिलिंग प्रति घन फुट के हिसाब से पहुँच कार्य स्थल, ईंट प्रथम श्रेणी प्रति हजार पहुँच, इंटरलाक टाइल ISI मार्क केवल 40,60,80MM प्रति पीस पहुँच कार्य स्थल तक किराया ढुलाई सीमेंट सिवल सप्लाई अम्ब से सभी क्षेत्र तक प्रति चक्कर दर, लोडिंग व अनलोडिंग सहित सीमेंट प्रति बैग दर, किराया पानी टैंक प्रति टैंक, दर प्रति दिन खड़ा टैंक, दर प्रति घंटा मिक्सर मशीन डीजल सहित, लोकल चक्कर, शटरिंग प्रति वर्ग फुट दर, JCB मशीन दर प्रति घंटा, वाटर कूलर 60,80,100 लीटर क्षमता, खेल व फिटनेस उपकरण, साईन बोर्ड वि भा जी राम जी व अन्य साईन बोर्ड की लिखाई प्रति वर्ग फुट, मनरेगा साइन बोर्ड RCC लिखाई सहित प्रति बोर्ड, चोखट दरवाजा, खिड़की, डोर पल्ला लकड़ी व एल्युमिनियम प्रति वर्ग फुट हेतु निविदाएँ सील बन्द लिफाफे में दिनांक 08/08/2026 समय सुबह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक 10/08/2026 को ही समय 11:00 AM पर निविदादाता या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदादाता या उसके प्रतिनिधि हाजिर होना सुनिश्चित करें। निविदा को स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार पंचायत का होगा। सामग्री की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। घटिया सामग्री आपूर्ति पर निविदा रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। (इच्छुक सप्लायर पंचायत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर समय 10 से 5 बजे तक निविदा को सील बंद लिफाफे में जमा करवा सकते है।) निविदा दाता/वेंडर के पास VALID GST, TIN NO होना अनिवार्य है। बिना GST No. के किसी भी वेंडर की निविदा स्वीकार नहीं होगी। वाहन मालिक सामग्री आपूर्ति सम्बन्धी निविदा के साथ वाहन की RC व विभागीय टैक्स क्लीयर सम्बन्धी दस्तावेज साथ संलग्न करें। निविदा में वांछित सामग्री की दर पर आरोपित होने वाले GST व अन्य करों की दरें स्पष्ट रूप से अंकित वर्णित करें। क्रशर सामग्री हेतु स्वीकृत निविदा के निविदादाता को भुगतान हेतु बिल के साथ M-फार्म देना अनिवार्य होगा। बिना M-फार्म भुगतान नहीं होगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी। अन्य शर्तें व अधिक जानकारी के लिए पंचायत कार्यालय में संपर्क करें।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कटौहड़ कलां
विकास खंड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)

खेल के साथ खूबसूरती में भी नंबर-1 अलीशा

इंग्लैंड। स्विट्जरलैंड की स्टार महिला फुटबॉल अलीशा लेहमन अपने खेल के साथ अपनी खूबसूरती को लेकर भी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। अलीशा स्विट्जरलैंड महिला फुटबॉल की टीम स्टार प्लेयर हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है।

अजिंक्य रहाणे ने क्रिकेट को कहा 'अलविदा'

भावुक संदेश में कहा-'हर शुरुआत का एक अंत होता है'

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने बुधवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। भारतीय टेस्ट टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में गिने जाने वाले रहाणे ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक वीडियो संदेश साझा करते हुए 20 वर्षों से अधिक लंबे क्रिकेट सफर को विराम देने का फैसला सुनाया।

रहाणे ने कहा कि जीवन का नियम है कि हर शुरुआत का एक अंत होता है और जब वह समय आए तो उसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी में उन्होंने हमेशा सही समय पर सही निर्णय लेने को महत्व दिया और अब उन्हें लगता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सहित खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का यही उचित समय है।

उन्होंने अपने सफर को याद करते हुए कहा कि डोंबिवली की गलियों से अभ्यास शुरू कर भारतीय टीम की जर्सी पहनना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। उन्होंने हमेशा देश और टीम को स्वयं से ऊपर रखा तथा पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ क्रिकेट खेला। रहाणे ने कहा कि पिछले दो दशकों में भारतीय क्रिकेट ने उल्लेखनीय प्रगति की है और इस बदलाव का हिस्सा बनना उनके लिए गर्व की बात रही। उन्होंने स्पष्ट किया कि खिलाड़ी के रूप में उनकी पारी भले समाप्त हो रही हो, लेकिन क्रिकेट से उनका रिश्ता खत्म नहीं होगा। अब वह युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करना चाहते हैं और उन्हें खेल से जुड़े अनुभव, अनुशासन तथा मूल्यों से परिचित कराना चाहते हैं।

रहाणे ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, मुंबई क्रिकेट संघ, अपने साथियों, कोचों, आईपीएल फ्रेंचाइजियों, पत्नी राधिका, परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि करियर में जीत, हार और गलतियां सब मिलीं, लेकिन प्रशंसकों का प्यार कभी कम नहीं हुआ। अपने संदेश का समापन उन्होंने इन शब्दों के साथ किया, 'कैप नंबर 278, अब विदा लेता हूं।' (अनंत ज्ञान)

यादगार रहा रहाणे का करियर

अजिंक्य रहाणे का क्रिकेट सफर मुंबई से शुरू हुआ, जहां उन्होंने अपने दूसरे रणजी ट्रॉफी सत्र में 1,000 से अधिक रन बनाकर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। उन्होंने 2013 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और जल्द ही डरबन तथा वेलिंगटन में शानदार पारियों से खुद को स्थापित कर लिया। 2014 में लॉर्ड्स टेस्ट में खेली गई उनकी 103 रन की पारी भारत की 28 वर्षों बाद उस ऐतिहासिक मैदान पर पहली जीत की नींव बनी। इसके बाद उन्होंने मेलबर्न, कोलंबो और दिल्ली में शतक जड़े तथा विदेशी दौरों पर कई महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। वर्ष 2020 के बॉक्सिंग डे टेस्ट में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर लगाया गया उनका शतक भारतीय क्रिकेट इतिहास की सबसे यादगार पारियों में गिना जाता है, जिसने ऑस्ट्रेलिया में भारत की ऐतिहासिक टेस्ट श्रृंखला जीत की नींव रखी। 2022 में टीम से बाहर होने के बाद रहाणे ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर वापसी की और 2023 की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल टीम में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस फाइनल में उन्होंने पहली पारी में 89 रन बनाकर भारत की ओर से सर्वाधिक स्कोर किया, जो उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच भी साबित हुआ। आईपीएल 2026 में वो केकेआर के कप्तान भी थे।

करियर पर एक नजर

रहाणे ने भारत के लिए 195 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिनमें 85 टेस्ट, 90 एकदिवसीय और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले शामिल हैं। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 85 मैचों की 144 पारियों में 5,077 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल रहे। सीमित ओवरों के क्रिकेट में उन्होंने 90 वनडे मैचों में 2,962 रन और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 375 रन बनाए। आईपीएल में भी रहाणे का लंबा और सफल करियर रहा। उन्होंने 212 आईपीएल मैचों में छह अलग-अलग फ्रेंचाइजियों का प्रतिनिधित्व किया और अपनी तकनीकी बल्लेबाजी तथा अनुभव से कई यादगार पारियां खेलीं। भारतीय क्रिकेट में अजिंक्य रहाणे को हमेशा एक शांत, संयमित और टीम के लिए समर्पित बल्लेबाज के रूप में याद किया जाएगा, जिसने विदेशी धरती पर कई ऐतिहासिक जीतों में अहम भूमिका निभाई और अपने खेल व व्यवहार से करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीता।

फ्लेमिंग बन सकते हैं इंग्लैंड टेस्ट टीम के हेड कोच

एजेंसी, नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग इंग्लैंड टेस्ट टीम के नए हेड कोच बनने की रेस में सबसे आगे हैं। एंडी फ्लावर, टॉम मूडी, रिचर्ड डॉसन और जोनाथन ट्रॉट भी दावेदार हैं, लेकिन ईसीबी (इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड) की पहली पसंद फ्लेमिंग माने जा रहे हैं। इस पद को लेकर उनकी ईसीबी के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की से बातचीत भी हो चुकी है। ब्रेंडन मैकुलम ने 12 जुलाई 2026 को इंग्लैंड टेस्ट टीम के हेड कोच का पद छोड़ा था। वहीं, फ्लेमिंग भी 13 जुलाई को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से अलग हो चुके हैं, जिससे उनके इंग्लैंड की जिम्मेदारी संभालने की संभावना और मजबूत मानी जा रही है। 51 साल के स्टीफन फ्लेमिंग दुनिया के सबसे सफल क्रिकेट कोचों में गिने जाते हैं। उनकी कोचिंग में चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 बार आईपीएल का खिताब जीता। इसके अलावा वे साउथ अफ्रीका की एसए-20 लीग और अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट में भी सीएसके की सिस्टर फ्रेंचाइजियों के कोच रहे हैं। इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट से भी उनका पुराना नाता रहा है। खिलाड़ी के तौर पर वह मिडलसेक्स, यॉर्कशायर और नॉटिंघमशायर के लिए खेले, जबकि 'द हंड्रेड' में सदर्न ब्रेव के हेड कोच भी रहे। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

पुरुष पेयर्स लॉन बॉल्स में भारत ने नामीबिया को हराया

एजेंसी, ग्लास्गो। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन बॉल्स प्रतियोगिता में अपना शानदार अभियान जारी रखते हुए पुरुष पेयर्स वर्ग के सेक्शन बी के दूसरे दौर के दूसरे मैच में नामीबिया को कड़े मुकाबले में हराया।मंगलवार को कुक आइलैंड्स के खिलाफ टाईब्रेकर में मिली जीत के बाद भारत के 'लीड' नवनीत सिंह और 'स्किप' दिनेश कुमार की जोड़ी ने पिछड़ने के बावजूद संयम बनाए रखा और पहला सेट 5-3 से अपने नाम किया। नामीबिया ने 3-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने सटीक थ्रो और शानदार रणनीति के दम पर लगातार पांच अंक जुटाकर मैच का रुख पलट दिया और प्रतिद्वंद्वी टीम की वापसी की उम्मीदों को झटका दिया। दूसरे सेट में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा शुरू से ही कायम रहा। उन्होंने शुरुआती 2-0 की बढ़त को लगातार शानदार खेल और 'जैक' पर प्रभावी नियंत्रण के दम पर 6-1 तक पहुंचा दिया। नामीबिया ने सेट के अंतिम चरण में दो अंक लेकर अंतर 3-6 कर दिया लेकिन तब तक मुकाबले का नतीजा लगभग तय हो चुका था। भारतीय जोड़ी ने आसानी से मैच जीतकर ग्रुप चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वहीं, महिला एकल सेक्शन सी के राउंड दो के तीसरे मैच में भारत की नयनमोनी सैकिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आइल ऑफ मैन की कैरोलीन व्हाइटहेड को 20-2 से हरा दिया। (अनंत ज्ञान)

वर्ल्ड स्क्वॉश जूनियर टीम चैंपियनशिप

भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में पहुंची, महिला टीम टूर्नामेंट से बाहर

एजेंसी, नई दिल्ली। कनाडा के ओंटारियो में चल रही वर्ल्ड जूनियर स्क्वॉश टीम चैंपियनशिप में भारत के लिए मिला-जुला दिन रहा। भारतीय मेंस टीम ने क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीय इंग्लैंड को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब उसका मुकाबला यूएसए से होगा। वहीं, दूसरे दिन क्वार्टर फाइनल में यूएसए से 1-2 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। पिछले साल भारत ने इस प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीता था और इस बार टीम अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश में है। मैच की शुरुआत में आर्यवीर दीवान ने रोनी हिकलिंग को 11-9, 12-10, 11-5 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद इंग्लैंड के इस्माइल खलील ने युवा नफीस को 11-7, 8-11, 11-4, 13-11, 11-7 से हराकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अंत में गुरवीर सिंह ने जॉर्ज ग्रिफिथ्स को 11-3, 11-8, 11-6 से सीधे गेम में हराकर भारत को जीत दिलाई। वहीं, महिला टीम के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारत को अमेरिका से 1-2 से हार झेलनी पड़ी। हाल ही में वर्ल्ड जूनियर महिला चैंपियन बनी अनाहत सिंह ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने यूएसए की दीया यादव को 11-7, 11-5, 11-4 से हराया। (अनंत ज्ञान)

कॉमनवेल्थ गेम्स : गावित ने भारत को 100 मीटर रेस में दिलाया तीसरा गोल्ड

बासिल रहे दूसरे नंबर पर और लॉन्ग जंप में मुरली को मिला सिल्वर

एजेंसी, ग्लासगो

दिलीप महादु गावित ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में सातवें दिन भारत को तीसरा गोल्ड मेडल दिलाया। उन्होंने पुरुषों की पैरा 47 कैटेगरी में 100 मीटर रेस में 10.71 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। भारत के ही मोहम्मद बासिल ने 10.83 सेकंड के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि इंग्लैंड के केविन सैंटोस ने 10.85 सेकंड के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया। गावित से पहले भारत के लिए महिलाओं के पैरा शॉटपुट एफ57 इवेंट में शर्मिला धनकड़ और रविवार को वेटलिफ्टिंग के 48 किलोग्राम इवेंट में मीराबाई चानू गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं।

इससे पहले सातवें दिन लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने 8.09 मीटर की छलांग लगाकर सिल्वर मेडल जीता। वह पुरुषों की लॉन्ग जंप में लगातार दो कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर जीतने वाले पहले भारतीय बने। इस इवेंट का गोल्ड जमैका के तजय गेल ने 8.15 मीटर की जंप के साथ जीता। छठे दिन के मुकाबले समाप्त होने के बाद भारत के खाते में 3 गोल्ड, 9 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज समेत कुल 15 मेडल हो गए हैं। इसके साथ ही भारतीय टीम मेडल टैली में आठवें स्थान पर पहुंच गई। भारत पांचवें दिन नौवें स्थान पर खिसक गया था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 47 गोल्ड समेत कुल 103 मेडल के साथ टॉप पर बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

साजन प्रकाश 200 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल के लिए नहीं कर पाए क्वालीफाई

एजेंसी, ग्लास्गो। भारत के अनुभवी तैराक साजन प्रकाश राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सके। साजन 1:51.99 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट में पांचवें और कुल 20वें स्थान पर रहे। फाइनल में शीर्ष आठ तैराकों को प्रवेश मिला।

भारत के अनीश गौड़ा भी फाइनल की दौड़ से बाहर रहे। उन्होंने 1:51.64 सेकेंड का समय निकालकर 18वां स्थान हासिल किया। वहीं, आर्यन नेहरा पुरुष 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में सातवें स्थान पर रहे। पैरा तैराकी में चैतन्य विश्वास कुलकर्णी और सुयश नारायण जाधव ने एस7 50 मीटर फ्रीस्टाइल के फाइनल में जगह बनाई। कुलकर्णी 32.77 सेकंड और जाधव 35.35 सेकंड के समय के साथ आगे बढ़े। (अनंत ज्ञान)

विश्व कप में केसरिया जर्सी में उतरेगा भारत

विवाद के बाद हॉकी इंडिया ने किया फैसले का बचाव

एजेंसी, नई दिल्ली

अगले महीने नीदरलैंड्स और बेल्जियम में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप में भारतीय पुरुष और महिला टीमें पारंपरिक नीली जर्सी के बजाय केसरिया जर्सी पहनेंगी। जर्सी के रंग में बदलाव को लेकर उठे विवाद के बीच हॉकी इंडिया ने इसे पूरी तरह तकनीकी आवश्यकता पर आधारित फैसला बताया है।

हॉकी इंडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब अधिकांश एस्ट्रो टर्फ का रंग नीला होता है। ऐसे में नीली जर्सी मैदान की सतह में घुल-मिल जाती है, जिससे खिलाड़ियों की दृश्यता प्रभावित होती है। इसी कारण कोचों और खिलाड़ियों की सलाह पर पीले और केसरिया जैसे विकल्पों पर विचार किया गया और अंततः केसरिया रंग चुना गया।

संस्था ने कहा कि तकनीकी जरूरत के साथ-साथ केसरिया रंग राष्ट्रीय ध्वज का हिस्सा है और साहस, त्याग तथा राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक भी है। नई जर्सी पर मंडला कला से प्रेरित डिजाइन, अशोक चक्र से प्रेरित नेवी ब्लू तत्व, सुदर्शन चक्र का आधुनिक ग्राफिक और कंधों पर तिरंगे की पाइपिंग दी गई है। जर्सी के सामने देवनागरी में 'इंडिया' लिखा गया है।

हालांकि, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान वीरेन रासकिन्हा ने इस बदलाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारतीय हॉकी की पहचान हमेशा नीली जर्सी रही है और प्रशंसक भी टीम को उसी रंग में देखना चाहते हैं। हॉकी इंडिया ने स्पष्ट किया कि भारतीय हॉकी में जर्सी का रंग समय-समय पर बदला जाता रहा है। 2014 विश्व कप में टीम ने पीली और 2018 विश्व कप में हल्के नीले रंग की जर्सी पहनी थी। एफआईएच हॉकी विश्व कप 15 से 30 अगस्त के बीच खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

कोयंबटूर विस्फोट मामले में ईडी ने की 16 ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वर्ष 2022 के कोयंबटूर बम विस्फोट मामले में आतंकी फंडिंग की जांच के सिलसिले में वीरवार को चेन्नई, कोयंबटूर, हैदराबाद और मुंबई में 16 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। जांच में सामने आया कि विस्फोट के आरोपितों ने फर्जी कोविड-19 वैक्सीन प्रमाणपत्र घोटाले और कोवाई अरबी कॉलेज के नाम पर चंदा एवं फर्जी निवेश के जरिए धन जुटाकर आतंकी गतिविधियों को वित्तपोषित किया।

ईडी ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विभिन्न प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई जांच के तहत की जा रही है। जांच एजेंसी के अनुसार, वर्ष 2022 में कोयंबटूर के संगमेश्वरर मंदिर के निकट हुए आत्मघाती कार बम विस्फोट को जमेशा मुबीन और उसके साथियों ने अंजाम दिया था। यह हमला विस्फोटक पदार्थों से भरी संशोधित मारुति कार का इस्तेमाल कर प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से प्रेरित आतंकी हमले के रूप में किया गया था। ईडी की जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाने के दो प्रमुख तरीके अपनाए। पहला, कोविड-19 महामारी के दौरान फर्जी वैक्सीन प्रमाणपत्र बनाने का गिरोह चलाया गया, जिसके माध्यम से बिना टीकाकरण कराए प्रमाणपत्र चाहने वाले लोगों से धन एकत्र किया गया।

दूसरा, कोवाई अरबी कॉलेज के नाम पर चंदा और फर्जी निवेश जुटाया गया। जांच के अनुसार, यह संस्थान युवाओं के कट्टरपंथीकरण में सक्रिय रूप से शामिल था। ईडी ने बताया कि बम विस्फोट मामले के 12 आरोपियों, जिनमें आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन भी शामिल है, ने कोवाई अरबी कॉलेज में ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से अध्ययन किया था। जांच के अनुसार, कॉलेज के संचालक जमील बाशा ने इन युवकों का मार्गदर्शन किया, जिसके बाद वे सलाफी-जिहादी विचारधारा से प्रभावित हुए और आईएसआईएस के समर्थन में आतंकी हमले की साजिश रची। (अनंत ज्ञान)

अमेरिकी बेस पर हमले के बाद ईरान के कई शहरों में भीषण बमबारी

एजेंसी, वाशिंगटन

जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर मिसाइल हमले के बाद अमेरिका ने ईरान पर हवाई कार्रवाई की है। अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने दावा किया कि ईरान से दागी गई बैलिस्टिक मिसाइलों को नाकाम कर दिया गया।

रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाने वालों को जवाब दिया जाएगा। इससे पहले अमेरिका और सऊदी अरब ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों को निशाना बनाकर संयुक्त हवाई हमले किए थे। इन हमलों में कई लड़ाकों के मारे जाने का दावा किया गया। अमेरिकी कार्रवाई के बाद ईरान के केशम द्वीप, किश, बंदर अब्बास, अबादान और बुशहर समेत कई इलाकों में धमाकों की खबरें सामने आईं। ईरानी मीडिया ने कुछ स्थानों पर नुकसान और लोगों के मलबे में दबने की जानकारी दी। अमेरिका ने ईरान से जुड़े कुछ संस्थानों पर नए प्रतिबंधों की भी घोषणा की है। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

एक और आठ अगस्त को नहीं होगा राष्ट्रपति भवन का 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह

एजेंसी, नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित होने वाला रस्मी गार्डों की अदला-बदली से जुड़ा 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह एक और आठ अगस्त को आयोजित नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रपति भवन की ओर से वीरवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह के पूर्वाभ्यास के कारण दोनों दिन चेंज ऑफ गार्ड समारोह स्थगित रहेगा। सामान्य परिस्थितियों में यह समारोह राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित किया जाता है, लेकिन स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के चलते इसमें अस्थायी बदलाव किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के पूर्वाभ्यास संपन्न होने के बाद चेंज ऑफ गार्ड समारोह का आयोजन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फिर से किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

मूंग खरीद पर सरकार के फैसले के बाद किसानों का आंदोलन खत्म

अब पात्र किसानों से 60 प्रतिशत उपज खरीदेगी मध्य प्रदेश सरकार

एजेंसी, भोपाल

मध्य प्रदेश में मूंग खरीदी को लेकर चल रहा किसानों का आंदोलन सरकार के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। राज्य सरकार ने किसानों की मांग को स्वीकार करते हुए अब प्रत्येक पात्र किसान से मूंग की 60 प्रतिशत तक उपज खरीदने का निर्णय लिया है। इससे पहले सरकार ने 25 प्रतिशत उपज खरीदी का प्रावधान किया था।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर बुधवार रात मंत्रालय में किसान प्रतिनिधियों और सरकार के बीच बैठक हुई। बैठक में सहमति बनने के बाद किसानों ने आंदोलन समाप्त कर दिया और अपने घरों के लिए रवाना हो गए। प्रशासन ने बसों की व्यवस्था कर किसानों को उनके वाहनों तक पहुंचाया। कृषि मंत्री एंदल सिंह कंषाना ने बताया कि सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मूंग खरीदी की सीमा बढ़ा रही है। नर्मदापुरम, सीहोर और हरदा जैसे प्रमुख मूंग उत्पादक जिलों में यह लगभग तीन क्विंटल प्रति एकड़ तक होगी। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। सरकार ने किसानों को राहत देते हुए स्लॉट बुकिंग की अवधि भी 10 दिन बढ़ा दी है। अब किसान 10 अगस्त तक स्लॉट बुक कर सकेंगे, जबकि मूंग खरीदी की अंतिम तारीख 10 अगस्त से बढ़ाकर 20 अगस्त कर दी गई है।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार की योजना के तहत इस वर्ष मध्य प्रदेश को ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी के लिए 4.52 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य मिला था। वहीं, खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था को लेकर आ रही शिकायतों के समाधान के लिए सरकार ने कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित करने का निर्णय लिया है। समिति व्यवस्था की समीक्षा कर सुधार के सुझाव देगी। तब तक ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था स्थगित रहेगी। (अनंत ज्ञान)

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन पर रोक नहीं, सोशल मीडिया की अफवाह भ्रामक : दिल्ली पुलिस

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन के लिए बंद किए जाने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित दावों को पूरी तरह से भ्रामक और तथ्यहीन बताते हुए स्पष्ट किया है कि जंतर-मंतर शांतिपूर्ण एवं विधिवत अनुमति प्राप्त प्रदर्शनों के लिए अधिकृत स्थल बना हुआ है।

दिल्ली पुलिस ने वीरवार को जारी स्पष्टीकरण में कहा कि सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैलाई जा रही है कि जंतर-मंतर को प्रदर्शनकारियों के लिए बंद कर दिया गया है या वहां ताला लगा दिया गया है। पुलिस ने इन दावों को पूरी तरह गलत, भ्रामक और तथ्यों से परे बताया।

पुलिस के अनुसार उच्चतम न्यायालय के आदेश तथा उसके अनुपालन में जारी दिल्ली पुलिस की मानक संचालन प्रक्रिया

◆ **कहा-शांतिपूर्ण और अनुमति प्राप्त प्रदर्शनों के लिए अब भी अधिकृत है स्थल**

(एसओपी) के तहत जंतर-मंतर पर एक समय में अधिकतम एक हजार लोगों को प्रदर्शन की अनुमति दी जा सकती है।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि प्रदर्शन की अनुमति संबंधित आयोजकों या व्यक्तियों द्वारा औपचारिक आवेदन किए जाने के बाद सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी से दी जाती है। इसके लिए, निर्धारित नियमों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य है।

पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे अपुष्ट या भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें और न ही उन्हें साझा करें। किसी भी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक माध्यमों पर ही भरोसा करें। (अनंत ज्ञान)

चार महासागरों की यात्रा पूरी करने वाली महिला अधिकारियों का सम्मान

रक्षा मंत्री बोले-'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान नारी शक्ति और सैन्य तालमेल की मिसाल

एजेंसी, नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीरवार को भारतीय सेना की सेलिंग वेसल आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर चार महासागरों की ऐतिहासिक यात्रा पूरी करने वाली नौ महिला अधिकारियों को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री ने लगभग 25,500 नॉटिकल मील और 314 दिनों की इस चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा के लिए टीम के साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने 'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान को नारी शक्ति का प्रतीक और तीनों सेनाओं के बेहतर तालमेल का उदाहरण बताया।

महिला अधिकारियों ने रक्षा मंत्री के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि अभियान के दौरान कठिन मौसम और समुद्री परिस्थितियों ने उनकी चुनौतियां बढ़ाईं, लेकिन देश का गौरव बढ़ाने के संकल्प ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस अभियान ने उन पुरानी धारणाओं को तोड़ा है, जिनमें महिलाओं की सैन्य क्षमता पर सवाल उठाए जाते थे। उन्होंने कहा कि शारीरिक क्षमता, मानसिक मजबूती और नेतृत्व कौशल किसी लिंग से सीमित नहीं होते। इस अवसर पर सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, वायु सेना और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। 'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान ने सैन्य उपलब्धि के साथ-साथ भारत की समुद्री कूटनीति को भी मजबूती देने का काम किया। (अनंत ज्ञान)